सूर्योदय 5:25 सूर्यास्त 7:11

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 28 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 34 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,330.59 |
| निफ्टी | 25,019.80 |
| सोना 95130 | चांदी 97000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




नीलामी में नहीं चुने जाने के बाद था निराश: पाटीदार

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 17 मई 2025 | 4 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 138, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

**आज का मैच**

आरसीबी vs केकेआर

समय: रात 7:30 बजे (बेंगलुरु)

## न्यूज शॉर्ट्स

### नीरव मोदी की जमानत याचिका खारिज



**लंदन।** पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी को लंदन की अदालत से बड़ा झटका लगा है। भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की जमानत याचिका लंदन में किंग्स बेंच डिवीजन की हाईकोर्ट द्वारा खारिज कर दी गई है। यह पहली बार नहीं है बल्कि 10वीं बार है जब भारत से हजारों करोड़ रुपए का घोटाला करके भागे नीरव मोदी को जमानत नहीं मिली। लंदन हाईकोर्ट के स्पेशलिस्ट से नीरव मोदी के भारत प्रत्यर्पण की मुश्किलें कम होती दिखाई दे रही है। (अनंत ज्ञान)

### बडगाम में आतंकियों के 3 मददगार काबू

**श्रीनगर।** कश्मीर के बडगाम में आतंकियों के तीन मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। ये तीनों लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करते थे। ये लोग इलाके में टेरर एक्टिविटीज में शामिल थे और युवाओं को आतंकवाद की तरफ मोड़ते थे। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में हुए दो एनकाउंटर में छह आतंकवादी ढेर किए गए। सेना-पुलिस ने शुक्रवार को जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि, कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन जारी है। (अनंत ज्ञान)

### चीन में महसूस किए भूकंप के झटके



**बीजिंग।** भारत समेत दुनियाभर के विभिन्न हिस्सों में भूकंप की घटनाओं में लगातार तेजी देखी जा रही है। शुक्रवार को भारत के पड़ोसी देश चीन में भी भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी ने इस भूकंप की घटना के बारे में जानकारी साझा की है। नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को चीन में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.5 मापी गई है। यह भूकंप सुबह 6 बजकर 29 मिनट पर आया है। भूकंप का केंद्र जमीन के 10 किलोमीटर भीतर था। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल सरकार की क्लीन प्रदेश पॉलिसी धराशायी — पेज 2
- तुर्किये से सेब आयात पर पूर्ण प्रतिबंध का मामला पहुंचा दिल्ली — पेज 3
- शिमला के 10 निजी शिक्षण संस्थान कौशल विकास भत्ते के लिए चयनित — पेज 6
- सुंदरनगर डकैती कांड के दो अन्य आरोपी गिरफ्तार — पेज 9
- मैं रोहित को सिडनी टेस्ट से बाहर नहीं रहने देता: शास्त्री — पेज 14


# 150 करोड़ से बनेंगे राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल : रोहित

## नगरोटा में 5 करोड़ से बनने वाले डे-बोर्डिंग स्कूल का किया भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों के निर्माण पर प्रथम चरण में 150 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। शुक्रवार को नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के कवाड़ी में डे-बोर्डिंग स्कूल के भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन करने के उपरांत शिक्षा मंत्री ने कहा कि कवाड़ी में इस स्कूल के निर्माण पर पांच करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे।

**नगरोटा कॉलेज में पीजीडीसीए की कक्षाएं भी होंगी आरंभ**

इस दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं और व्यवस्थाओं से बच्चों के समग्र विकास पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के निर्माण का शिलान्यास करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

### स्कूलों के कैंपस में बनेंगे इंडोर स्टेडियम

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि इन डे-बोर्डिंग स्कूलों में कुल क्षेत्र का लगभग एक-तिहाई हिस्सा खेल गतिविधियों और खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए उपयोग किया जाएगा। जहां पर फुटबॉल व हॉकी मैदान सहित इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। शुरुआत में पांचवीं कक्षा से शुरू होकर इन्हें बाद में बारहवीं कक्षा तक स्तरोन्नयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के जिला कांगड़ा से विशेष लगाव के चलते यहां सबसे अधिक स्कूलों को स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि इसके लिए मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वह स्वयं जिला कांगड़ा में डे-बोर्डिंग स्कूलों के निर्माण को लेकर मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर रहे हैं।

### नगरोटा कॉलेज में बनेगा गर्ल्स हॉस्टल

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने नगरोटा बगवां कॉलेज में गर्ल्स हॉस्टल के निर्माण की घोषणा की, जिस पर पांच करोड़ रुपए व्यय होंगे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में पीजीडीसीए की कक्षाएं भी आरंभ की जाएंगी। इसके साथ ही एपी एप्लीकेशन कंप्यूटर सांइस का एक पद भी शीघ्र भरा जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा मिल सके। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का भी शुभारंभ करते हुए कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसी दिशा में रोजगार मेले भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस शिविर में 113 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली भी उपस्थित थे।

# ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं यह सिर्फ ट्रेलर : राजनाथ सिंह

## बोले-समय आने पर दुनिया को दिखाएंगे पूरी पिक्चर

**एजेंसी, अहमदाबाद**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली बार गुजरात के भुज एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे थे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, ये तो बस ट्रेलर है, समय आएगा तो पूरी पिक्चर दुनिया को दिखाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली बार गुजरात के भुज एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे थे। जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने

**भुज में सेना के जवानों का बढ़ाया हौसला**

वर्तमान सीजफायर में हमने पाकिस्तान को बिहेवियर के आधार पर प्रोबेशन पर रखा है, बिहेवियर में गड़बड़ी आई तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर में सैनिकों ने करिश्माई काम किया है। हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। (अनंत ज्ञान)

### ब्रह्मोस ने पाक को रात में उजाला दिखाया



**रक्षा** मंत्री ने कहा, 'ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत को पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया, एक कहावत मशहूर है-दिन में तारे दिखना। ब्रह्मोस ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखा दिया।' इससे पहले वीरवार को राजनाथ जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरबेस पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जवानों से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया था।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पीएम की मजबूत इच्छाशक्ति और सेना की ताकत का प्रतीक : शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों की सटीक जानकारी और भारतीय सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की तीनों सेनाओं की सटीक और ताकतवर कार्रवाई का बेहतरीन उदाहरण है। शाह ने यह बात दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में एक नए मल्टी-एजेंसी सेंटर (एमएसी) का उद्घाटन करते हुए कही। एमएसी देश की विभिन्न सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान को तेज और प्रभावी बनाने के लिए बनाया गया है। वहीं, भारत के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि 9 और 10 मई की रात पाकिस्तान की तरफ से हुए हमले को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम आकाशतीर ने नाकाम किया था। यह पूरी तरह से स्वदेशी डिफेंस सिस्टम है। (अनंत ज्ञान)

### रक्षा बजट में हो सकती है 50 हजार करोड़ रुपए की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपए बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवंबर-दिसंबर के दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है। सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नए हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जाएंगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलमेंट पर भी खर्च किया जाएगा। बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ का बजट दिया था। (अनंत ज्ञान)

### काला हिरण शिकार केस में बढ़ीं सैफ नीलम, तब्बू और सोनाली की मुश्किलें

**जोधपुर।** राजस्थान सरकार ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में काले हिरण के शिकार मामले में लीव-टू-अपील पर सुनवाई हुई। इसमें एक्टर सैफ अली खान, एक्ट्रेस तब्बू, नीलम और सोनाली बेंद्रे को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी है। जस्टिस मनोज कुमार गर्ग की अदालत ने मामले को अन्य संबंधित केसों के साथ सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई 28 जुलाई को होगी, जिसमें सभी संबंधित केसों पर एक साथ सुनवाई होगी। (अनंत ज्ञान)

### दुनिया में पाक को बेनकाब करेंगे भारतीय सांसद

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत के सांसद दुनियाभर में पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार ने पाकिस्तान की करतूत दुनियाभर के सामने उजागर करने के लिए अगले सप्ताह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों की यात्रा के लिए भेजने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि कम से कम 30 सांसदों को 10 दिन के लिए अलग-अलग देशों की यात्रा पर भेजा जाएगा। इसे लेकर सरकार ने विपक्ष सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से बात की है। कुछ दलों ने अपने सांसदों को भेजने की मंजूरी भी दे दी है। (अनंत ज्ञान)

## हिमालयन रेजिमेंट गठन की मांग एक बार फिर बुलंद

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

पहाड़ी राज्यों को अलग से हिमालयन रेजिमेंट गठन की मांग एक बार फिर से बुलंद हुई है। खासकर हिमाचल प्रदेश के लिए एक अलग हिमालयन रेजिमेंट के गठन की मांग की गई है। हिमाचल को यूं ही वीरभूमि नहीं कहा जाता। पहले परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा से लेकर कारगिल के हीरो कैप्टन विक्रम बत्रा तक प्रदेश के बहादुर सैनिकों ने हर युद्ध और सैन्य संघर्ष में अद्वितीय साहस दिखाया है। बावजूद इसके केंद्र ने पहाड़ी राज्यों की पहचान को दर्शाने वाली अलग रेजिमेंट की जरूरत को नजरअंदाज किया है।

**हिमाचल के लिए हो अलग से रेजिमेंट का गठन**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शिमला में कहा कि यह हिमाचल जैसे राज्य के साथ अन्याय है, जिसने हमेशा सेना में बहुमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की है और मुख्यमंत्री से इस मामले को केंद्र सरकार के समक्ष उठाने का आग्रह किया है। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल के सैनिकों ने दिया है सर्वोच्च बलिदान

**उपमुख्य** सचेतक ने वर्ष 1962, 1971 और कारगिल युद्ध तथा आतंकवाद के खिलाफ अभियानों के संदर्भ में कहा कि हिमाचली सैनिक देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। केंद्र सरकार को उनकी इस भावना को सम्मान देते हुए अलग रेजिमेंट बनानी चाहिए।

### मांग पर प्रधानमंत्री मोदी गंभीरता से करें विचार

**उपमुख्य** सचेतक ने प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से अपील की है कि वे हिमाचल रेजिमेंट के गठन की लंबित मांग पर गंभीरता से विचार करें। उन्होंने कहा कि हिमाचल से चुने गए चारों सांसदों को भी इस मुद्दे को मजबूती से संसद में उठाना चाहिए।

### इंतजार खत्म...चयन आयोग का पोर्टल शुरू, फीस स्ट्रक्चर भी तैयार

## आज से शुरू होगा ओटीआर सिस्टम

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी चयन आयोग का पोर्टल शनिवार से शुरू हो जाएगा। सबसे पहले वन टाइम रजिस्ट्रेशन यानी ओटीआर सिस्टम की शुरुआत अभ्यर्थियों को मिलेगी। इसके साथ ही तीन दिन बाद पदों को भरने के लिए पहला विज्ञापन भी पोर्टल पर चढ़ जाएगा। अब कितनी फीस भरी जाएगी, यह भी आयोग ने फाइनल कर दिया है। इसकी जानकारी भी पहले विज्ञापन में अपलोड कर दी जाएगी।

**पद भरने के लिए सोमवार से जारी होगा पहला विज्ञापन**

गौर रहे कि पिछले तकरीबन 3 साल से अभ्यर्थी नई भर्तियों के सिलसिले को शुरू होने के लिए इंतजार कर रहे थे। मौजूदा सरकार का समय भी ढाई साल का हो गया है। पहले के आयोग में हुए भर्ती घोटाले के कारण तत्कालीन आयोग को भंग कर दिया गया था और अब जो नया आयोग गठित किया गया है। उसमें भर्ती का सिलसिला शनिवार से शुरू होने वाले ओटीआर के सिस्टम से चालू हो जाएगा। पिछले दो महीनों से इस सिस्टम या पोर्टल को चालू होने की उम्मीद में अभ्यर्थियों की आंखें पथरा गई थीं।

आयोग ने टीजीटी के तीनों फॉर्मेट यानी आर्ट्स, मेडिकल और नॉन मेडिकल का विज्ञापन तैयार रखा हुआ है। सोमवार या मंगलवार को इस पोर्टल के चलने के उपरांत अपलोड कर दिया जाएगा। यानी यह विज्ञापन इस आयोग का भर्ती प्रक्रिया के लिए पहला होगा। 1000 से ज्यादा पदों को इसमें भरने की व्यवस्था की गई है। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**

### हर अभ्यर्थी को करना पड़ेगा वन टाइम रजिस्ट्रेशन

**वन** टाइम रजिस्ट्रेशन हरेक अभ्यर्थी को करनी पड़ेगी। इसके लिए यह रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रहेगी। बार-बार उसे इसका झंझट नहीं उठाना पड़ेगा। इस रजिस्ट्रेशन के जरिए ही वह बाद में जितनी बार भी फॉर्म भरेगा, इसी रजिस्ट्रेशन का उसे हवाला देना पड़ेगा। संबंधित विभागों को भी ऑनलाइन रिकॉग्निशन करनी पड़ेगी। उनके पास कितने पद खाली हैं? कितनों को भरा जाना है, सब कुछ इसी पोर्टल पर ऑनलाइन व्यवस्था होगी। उसी के आधार पर आयोग कार्रवाई करेगा।

### चार दिन के भीतर पहला विज्ञापन

**आयोग** के सचिव विक्रम महाजन का कहना है कि शुक्रवार देर रात और शनिवार से यह पोर्टल काम करना शुरू कर देगा। रात 12 बजे के उपरांत इस पर कोई भी काम कर सकेगा। 4 दिन के भीतर पहला विज्ञापन अपलोड कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को जिसका इंतजार था, वह अब खत्म हो गई है। सारी व्यवस्था एक सप्ताह के भीतर बेहतर रूप में आ जाएगी।

## अब एमपी के उपमुख्यमंत्री ने किया सेना का अपमान

**एजेंसी, भोपाल**

'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर देशभर में सराहना हो रही है, लेकिन मध्य प्रदेश में इस पर राजनीतिक विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। अब राज्य के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भारतीय सेना को लेकर विवादित बयान दिया है। देवड़ा ने जबलपुर में कहा कि वह प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहेंगे। पूरा देश, देश की सेना, सैनिक उनके चरणों में नतमस्तक है। उनके इस बयान को लेकर कांग्रेस ने सेना के अपमान का मुद्दा उठाते हुए तीखा हमला बोला है। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर प्रधानमंत्री मोदी को सेना के पराक्रम का श्रेय देने और सेना की गरिमा को कमतर करने का आरोप लगाया है।



**बोले, सेना प्रधानमंत्री के चरणों में नतमस्तक**

### कांग्रेस ने कहा-सेना का अपमान करना दुर्भाग्यपूर्ण

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं द्वारा बार-बार सेना का अपमान करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। सेना देश की होती है, किसी एक व्यक्ति की नहीं। जो इसे नहीं समझते, वे सत्ता के लिए सब कुछ दांव पर लगा सकते हैं।

### विवाद पर दी सफाई

**विवाद** गहराने के बाद डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने सफाई देते हुए कहा कि मेरे बयान को गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया है। मेरा उद्देश्य केवल प्रधानमंत्री और सेना की संयुक्त उपलब्धि को रेखांकित करना था। गौरतलब है कि इससे पहले एमपी के मंत्री विजय शाह ने सेना की पहली महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में हाईकोर्ट के निर्देश पर एफआईआर दर्ज हुई थी और अब मंत्री सुप्रीम कोर्ट में राहत की गुहार लगा रहे हैं।

## कोर्ट का वक्फ कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वक्फ कानून की सांविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी। शुक्रवार को अदालत में जब याचिकाएं सुनवाई के लिए आईं तो केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं का अंत नहीं हो रहा है। ऐसे याचिकाएं दायर नहीं की जा सकती। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी। 15 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री द्वारा बताई गई खामियों को दूर कर दिया था, लेकिन उनकी याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं की गई। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हर कोई अखबार में अपना नाम चाहता है। जब याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ ने याचिका को लंबित याचिकाओं के साथ शामिल करने का अनुरोध किया तो बेंच ने कहा कि हम इस मुद्दे पर निर्णय लेंगे। पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया। (अनंत ज्ञान)



**कहा, अखबार में नाम चाहता है हर कोई**

### चिट्टा तस्कर को डेढ़ वर्ष का कठोर कारावास

**बिलासपुर।** विशेष सत्र न्यायाधीश बिलासपुर चिराग भानू की अदालत ने चिट्टा तस्कर विवेक शर्मा को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत डेढ़ वर्ष के कठोर कारावास और 35 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को 6 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार सिक्योरिटी ब्रांच बिलासपुर की टीम ने 22 मई, 2019 को चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर चैहड़ी-छड़ोल के पास नाके के दौरान एक बस से 35.22 ग्राम चिट्टा बरामद किया था और थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने तफ्तीश पूरी करने के बाद अदालत में चालान पेश किया। मामले की पैरवी जिला न्यायवादी चंद्रशेखर भाटिया द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाह पेश किए गए। अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना उक्त फैसला सुनाया। (अनंत ज्ञान)

**लापरवाही** मरीजों को दी गईं तीन दवाइयों के सैंपल फेल, ड्रग्स विभाग ने अस्पताल प्रशासन को भेजा नोटिस

# बिलासपुर अस्पताल में दवाएं नहीं, जहर बंट रहा

**शुभम राही, बिलासपुर**

हाल ही में कोलकाता लैब से आई रिपोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा दिया है। बिलासपुर अस्पताल की डिस्पेंसरी में बांटी जा रही तीन प्रमुख दवाइयों के सैंपल गुणवत्ता जांच में फेल पाए गए हैं। ड्रग्स विभाग बिलासपुर की टीम द्वारा लिए गए सैंपलों की जांच रिपोर्ट के बाद इस बात का खुलासा हुआ है।

मामले की पुष्टि स्वयं ड्रग्स इंस्पेक्टर बिलासपुर दिनेश शर्मा ने की है। उन्होंने बताया कि सैंपल रूटीन प्रक्रिया के तहत लिए गए थे और जांच के लिए कोलकाता की सरकारी लैब भेजे गए थे। रिपोर्ट आने के बाद अस्पताल प्रशासन को तत्काल नोटिस जारी किया गया है, साथ ही फेल दवाओं का सारा स्टॉक डिस्पेंसरी से हटाने के आदेश भी दिए जा चुके हैं। आपको बता दें कि जिला अस्पताल की डिस्पेंसरी से रोजाना सैकड़ों मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित की जाती हैं। अब सवाल उठता है कि कितने मरीज इन घटिया दवाओं का सेवन कर चुके हैं और इसका उनके स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ा है। वहीं, इस खुलासे ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और दवा आपूर्ति प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर कैसे मानकों से समझौता कर इतनी महत्वपूर्ण दवाएं मरीजों को बांटी जा रही थीं? क्या यह महज लापरवाही है या इसमें किसी बड़े भ्रष्टाचार की बू है? स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस मामले की गंभीरता से जांच होनी चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

अब सभी की नजरें बिलासपुर अस्पताल प्रशासन की प्रतिक्रिया पर टिकी हैं। स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें नोटिस भेजकर जवाब मांगा है कि इस स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन है और आगे ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**




**मरीजों को दी जा रही थीं पित्त की पथरी, एनीमिया और फ्लू की दवाएं**

### इन दवाइयों के सैंपल हुए फेल

- **उर्सोडिऑक्सीकोलिक एसिड 300 मिलीग्राम टैबलेटः** पित्त की पथरी के इलाज में दी जाती है।
- **फेरस फ्यूमरेट फोलिक एसिड सिरपः** आयरन की कमी व एनीमिया के मरीजों को दी जाती है।
- **इबुप्रोफेन टैबलेट और सिरपः** बुखार, दर्द और वायरल संक्रमण में प्रयोग होती है।

**क्षेत्रीय** अस्पताल बिलासपुर की डिस्पेंसरी से भरे गए सैंपल में तीन दवाइयों की रिपोर्ट फेल पाई गई है। ये दवाइयां प्रयोग नहीं हो सकती हैं। इस संदर्भ में अस्पताल प्रशासन को नोटिस जारी किया गया है और जवाब तलब किया गया है।

**-डॉ. दिनेश शर्मा, ड्रग्स इंस्पेक्टर बिलासपुर।**

## न्यूज ब्रीफ

### बड़, बरोहा, मोहीं में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 18 मई को एचटी लाइनों की मरम्मत एवं पेड़ों की कांट-छांट के कार्य के चलते 11 केवी इंडस्ट्रियल फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र बरोहा, इंडस्ट्रियल एरिया, जमली, बड़ु पॉलीटेक्निक कॉलेज, भाटी, बासी पैलेस, मोहीं, कथाल, जमली धाम, गौतम कॉलोनी तथा आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### हमीरपुर-धनेटा बस चलाने पर सीएम का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस हमीरपुर से धनेटा वाया फाहल, दस्वीं, टिहरी, गोईस चलाने पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया है। गौरतलब है कि इस मार्ग पर निजी बसों की आवाजाही कम है, जिसकी वजह से लोगों ने मुख्यमंत्री से इन गांवों की ओर बस चलाने की मांग की थी। गोईस पंचायत के पूर्व उपप्रधान बालक राम (बालकू), उपप्रधान संजय कुमार, उटप पंचायत प्रधान शीला देवी सहित अन्य ने इस बस को चलाने के लिए मुख्यमंत्री आभार व्यक्त किया है।

### विधायक का कार्य करवाने पर किया स्वागत



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के विधायक रणजीत सिंह जब सपाहल गांव में एक शादी में पहुंचे, तो गांववालों ने उनका भव्य स्वागत किया। गांववालों ने हार और बैंड-बाजों के साथ विधायक का स्वागत किया। सपाहल गांव सदियों से सड़क की सुविधा से वंचित था। विधायक रणजीत सिंह ने गांव तक सड़क निर्माण का कार्य करवाया है। विधायक ने कहा कि गांववालों ने जो प्यार और सम्मान दिया, उसके लिए वह आभारी हैं। शेष बचे कार्य भी जल्द पूरा कर दिया जाएगा।

### डाक मंडल एजेंटों के 30 जून तक मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, रंगस।** डाक जीवन बीमा कार्य के विस्तारिकरण के लिए हमीरपुर डाक मंडल डाक बीमा एजेंट्स रखेगा। हमीरपुर डाक मंडल के तहत आने वाले हमीरपुर और बिलासपुर जिलों से करीब 30 एजेंट कमीशन आधार पर रखे जाएंगे। इसके लिए बाकायदा डाक मंडल द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार जिनकी उम्र 18 से 65 वर्ष के बीच है, वह अपना आवेदन जरूरी दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दसवीं का प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र तीन पासपोर्ट साइज फोटो सहित 30 जून तक हमीरपुर डाकमंडल के पते कार्यालय प्रवर अधीक्षक, डाकघर हमीरपुर, विकास अधिकारी पीएलआई हमीरपुर पर भिजवा सकता है। किसी भी जानकारी के लिए प्रवर अधीक्षक, डाकघर हमीरपुर मंडल हमीरपुर के दूरभाष नंबर 01972-222235 व मोबाइल नंबर 94599-28042 अथवा किसी भी नजदीकी डाकघर में संपर्क किया जा सकता है।

### बैठक में उठा नप उपाध्यक्ष की बयानबाजी का मुद्दा



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता द्वारा की जा रही बयानबाजी का मुद्दा उठा। ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष सचिन ठाकुर ने कहा कि मनीष गुप्ता ने भाजपा की मदद से उपाध्यक्ष पद हासिल किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गुप्ता न तो विधायक की मीटिंग में आते हैं और न ही संगठन की बैठकों में शामिल होते हैं। फिर भी वे खुद को कांग्रेस का हितैषी बताते हैं। ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस के खिलाफ साजिश रची जा रही है। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, जिला परिषद के पूर्व प्रत्याशी प्यारचंद ठाकुर और सुरेंद्र गुप्ता भी मौजूद थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि कांग्रेस का सच्चा कार्यकर्ता कभी सरकार और संगठन के खिलाफ नहीं बोलता। राजेंद्र वर्मा ने सुजानपुर में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, विधायक कैप्टन रंजीत सिंह की हर मांग पूरी कर रहे हैं। चाहे जल शक्ति डिवीजन हो, अंतरराष्ट्रीय होली उत्सव का दर्जा हो या अस्पताल में चिकित्सकों की नियुक्ति। बैठक में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर प्रदेश कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का निर्णय किया।

### भाजपा हमीरपुर आज निकालेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर के निवर्तमान मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने बताया कि 17 मई को हमीरपुर जिले में वीर सैनिकों के सम्मान में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा हमीरपुर तहसील के समीप स्थित गली पुलिस स्टेशन के पास से प्रातः 10 बजे आरंभ होगी और गांधी चौक तक जाएगी। विकास शर्मा ने बताया कि इस तिरंगा यात्रा जो देश और प्रदेश स्तर पर देश के सैनिकों के सम्मान में निकाली जा रही हैं, इसमें हमीरपुर जिलेभर के नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित विभिन्न सामाजिक और राष्ट्रभक्त संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।

### कार्यकारी अधिकारी ने अधूरे विकास कार्य जांचे

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** शहर में अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूरा करने की योजना तैयार कर ली गई है। नगर परिषद सुजानपुर के अतिरिक्त कार्यभार देख रहे नादौन के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा ने शुक्रवार को सुजानपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने कनिष्ठ अभियंता सूर्यकांत के साथ मिलकर रुके हुए कार्यों की समीक्षा की और उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। ऐतिहासिक जल स्रोत नौण के पास बनाए जा रहे शौचालय का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा। मुख्य बाजार में पुराने चबूतरे के जीर्णोद्धार की योजना भी बनाई गई है, ताकि यह स्थान आराम करने के साथ-साथ आकर्षण का केंद्र भी बने। चौगान क्षेत्र के साथ बाकी बचे हिस्से में स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना पर भी काम शुरू होगा। सड़क किनारे दुकानों के पास खंभे लगाए जाएंगे। सफाई व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई।

### राज्य चयन आयोग के सदस्य का सम्मान करेगा शिक्षक संघ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य चयन आयोग के सदस्य नियुक्त होने पर शिक्षाविद जगदीश कौशल को विभिन्न शिक्षक संघ सम्मानित करेंगे। जिला उच्च शिक्षा उपनिदेशक निरीक्षण विंग हमीरपुर, डाइट प्रिंसिपल आदि पदों पर कार्य कर चुके जगदीश कौशल को राज्य चयन आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्ति मिलने से शिक्षक वर्ग के सम्मान और गौरव में वृद्धि हुई है। ऐसे में प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक, प्रवक्ता, टीजीटी और अन्य शिक्षक वर्गों के संगठन संयुक्त रूप से उनको अगले सप्ताह सम्मानित करने जा रहे हैं। यह जानकारी राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने दी।

# एचआरटीसी कर्मी समय पर पेंशन न मिलने से खफा

## सीएम, डिप्टी सीएम से पूछा-बताएं हमें कब मिलेगी पेंशन?

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल पथ परिवहन निगम की आय में वृद्धि हो रही है, लेकिन फिर भी परिवहन निगम के पेंशनरों को न समय पर पेंशन मिल रही है और न ही वित्तीय लाभ। हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच एवं एचआरटीसी संयुक्त संघर्ष समिति लगातार प्रदेश सरकार को परिवहन निगम से पेंशन को समय पर देने और वित्तीय लाभ की मांग उठाता आ रही है, लेकिन फिर भी पेंशनरों को समय पर पेंशन तक नहीं मिल रही है।

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण मंच एवं एचआरटीसी संयुक्त संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर ने मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री से पूछा है कि हिमाचल परिवहन पेंशनरों ने कौन सा गुनाह कर दिया है कि पेंशन कभी समय पर नहीं दी जाती है। महीने की 16 तारीख हो गई है, लेकिन अभी तक बैंक में पैसा नहीं डाला गया है, न ही तीन साल से लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान किया जा रहा है। पेंशनरों ने करोड़ों रुपए एरियर के सरकार से लेने हैं, जो पेंशनर मार्च 2023 में सेवानिवृत हुए हैं, उन्हें अभी तक ग्रेच्युटी व लीव इन कैशमेंट का पैसा नहीं मिला है तथा जो पेंशनर मार्च 2024 के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं उन्हें तो अभी तक पेंशन तक नहीं लगाई गई है, परिवहन के 8500 पेंशनरों को तो ऐसे लगने लगा है कि हिमाचल प्रदेश में सरकार है भी या नहीं।

हिमाचल परिवहन के पेंशनरों व कर्मचारियों में आस जगी थी कि हिमाचल परिवहन के सेवानिवृत्त चालक का बेटा मुख्यमंत्री बना है, जो कि परिवहन पेंशनरों व कर्मचारियों के बारे में जरूर सोचेगा लेकिन यह तो सिर्फ आश्वासन ही देता है और कुछ नहीं देता है। उपमुख्यमंत्री की बात करें तो जब वे विपक्ष में थे तो परिवहन पेंशनरों की आवाज को विधानसभा में जोर- शोर से उठाते थे। परिवहन पेंशनरों को इनके उपमुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री बनने पर बहुत खुशी हुई कि अब हमें समय पर पेंशन व वित्तीय लाभ मिलते रहेंगे, लेकिन ये भी परिवहन पेंशनरों के साथ अन्याय कर रहे हैं। परिवहन के 8500 पेंशनर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री से पूछना चाहते हैं कि हमें पेंशन समय पर कब मिलेगी तथा हमारे वित्तीय लाभ कब दिए जाएंगे। बहुत से पेंशनर तो इस बुढ़ापे में बीमारियों का पैसे के अभाव के कारण सही ढंग से इलाज भी नहीं करवा सके जिस कारण उनकी मृत्यु हो गई, फिर भी हिमाचल सरकार को उनके परिवार की कोई परवाह नहीं है।

सरकार को जनता चुनती है ताकि सरकार जनता के बारे में अच्छे काम करे, लेकिन हमारे साथ तो अन्याय हो रहा है, पर आम जनता भी सरकार से खुश नहीं है। परिवहन पेंशनर सरकार को आगाह कर देना चाहते हैं कि अगर सरकार हमारे साथ ऐसा ही व्यवहार करती रहेगी तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम होंगे। (अनंत ज्ञान)

### आज नहीं होंगे ड्राइविंग टेस्ट, वाहनों की पासिंग

**अनंत ज्ञान, नादौन।** एसडीएम और पंजीकरण एवं लाइसेंस प्राधिकारी कार्यालय नादौन के अंतर्गत 17 मई को प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दी गई है। एसडीएम राकेश शर्मा ने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग के लिए नई तिथि शीघ्र ही निर्धारित कर दी जाएगी।

### आज से फिर शुरू होगी चैंपियन ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बिझड़ी के ताल स्टेडियम में एक बार फिर स्वामी विवेकानंद चैंपियन ट्रॉफी आईपीएल 2025 शुरू होने जा रही है। बता दें कि 10 मई को दूधिया रोशनी में प्रतियोगिता शुरू हुई थी। इस ट्रॉफी के दो मैच भी खेल जा चुके थे, परंतु भारत-पाकिस्तान के बीच बनी यद्ध जैसी स्थिति के चलते 10 मई को ही यह ट्रॉफी पोस्टपोन कर दी गई थी।

मैच कॉस्को बॉल से 10-10 ओवरों के होंगे। इसका समापन 18 मईको होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता परमजीत सिंह उर्फ डेंफा होंगे।विजेता टीम को 21हजार रुपए एवं ट्रॉफी उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए एवं ट्रॉफी दी जाएगी। यह जानकारी स्वामी विवेकानंद चैंपियन ट्रॉफी के आयोजक अजय कुमार शर्मा एवं मुनीश कुमार शर्मा ने दी।

## डीएवी स्कूल भड़ोली में धूमधाम से मनाया अलंकरण समारोह

**अनंत ज्ञान,नादौन**

डीएवी स्कूल भड़ोली में विद्यार्थी परिषद अलंकरण समारोह का आयोजन स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा के दिशानिर्देश में किया गया। नए सत्र को सुचारु रूप से चलाने, छात्रों में नेतृत्व का गुण विकसित करने के उद्देश्य से छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर डिप्टी कमांडेंट (एसएसवी सपड़ी) अमनदीप सिंह के कर कमलों से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस विशेष अवसर पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन ओपी सौंधी भी उपस्थित रहे। विद्यालय के हेड ब्वॉय उत्कर्ष के द्वारा परिषद के नए पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप देश के भविष्य हैं। यहां से पढ़कर आगे आप जिस भी क्षेत्र में जाएं, अपने साथ अपने परिवार,स्कूल का नाम भी रोशन करेंगे। अलंकार समारोह के अंतर्गत नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बैच, सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के हेड ब्वॉय के रूप में उत्कर्ष और हेड गर्ल वैष्णवी को चयनित किया गया और डिप्टी हेड गर्ल भावनी डिप्टी हेड ब्वॉय धैर्य। इसके अलावा भी अन्य का चयन किया गया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों को जिम्मेदारी देने से उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास तथा जिम्मेदारी का एहसास, नेतृत्व के विकास के साथ संबद्धता, सकारात्मक विचार, विनम्रता, आत्मविश्वास, रचनात्मकता आदि का विकास विद्यार्थियों में होता है। अंत में उन्होंने पदाधिकारियों से स्कूल गरिमा को बनाए रखने का आग्रह किया।



समरोह में गणमान्यों के साथ उपस्थित छात्र

## उत्कृष्ट रहा किड बड्स स्कूल बिझड़ी का परीक्षा परिणाम

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित मेट्रिक परीक्षा परिणाम में किड बड्स पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिझड़ी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। किड बड्स पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिझड़ी के प्रधानाचार्य संजीव चंदेल ने बताया कि दसवीं कक्षा की छात्रा इशिता पटयाल ने 700 में से 685 अंक प्राप्त करके प्रदेश भर में 12वां स्थान तथा संस्थान में प्रथम स्थान हासिल किया है।

सेकंड पोजीशन पर सजल वर्धन रही है। उन्होंने 700 में से 678 अंक प्राप्त किए हैं। रिद्धि शर्मा ने 700 में से 676 अंक प्राप्त करके स्कूल में थर्ड पोजिशन प्राप्त की है। इसी प्रकार श्रेया कुमारी ने 700 में से 670 अंक प्राप्त करके फोर्थ पोजीशन पर रही है। अन्यथा ठाकुर में 700 में से 667 नंबर लेकर पांचवीं पोजिशन हासिल की है।

संस्थान के होनहर 20 के करीब छात्रों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके संस्थान का मान बढ़ाया है। प्रधानाचार्य चंदेल ने संस्थान का बेहतर नतीजा आने पर शिक्षा संस्थान में कार्यरत अध्यापक वर्ग बच्चों के अभिभावकों तथा छात्रों का अभिनंदन किया और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## ड्रेस कोड की समरूपता से दिखेगा शिक्षा का सुधार : कमल

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ के कलस्टर अध्यापक अब एक वर्दी अर्थात ड्रेस कोड में नजर आएंगे। भोरंज विधानसभा क्षेत्र में कलस्टर स्कूल भुक्कड़ जिसमें राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ के समस्यत अध्यापकों ने एक समान वर्दी लगाने का सामूहिक निर्णय लिया है।

स्कूल प्रशासन के आदेश पर हर सोमवार व वीरवार को स्कूल के समस्त कर्मचारी नए ड्रेस ने आएंगे। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य देशराज कमल ने कहा कि भुक्कड़ स्कूल के सरकार के आदेशानुसार कार्य करके कलस्टर सिस्टम को लागू किया है। दोनों स्कूलों की सहमति से एक जैसी ड्रेस पहने का सामूहिक रूप से लिए गए निर्णय को अमलीय रूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि अध्यापक को देश निर्माता और समाज सुधारक कहा जाता है, ऐसे में अध्यापक वर्ग को शैक्षणिक कार्य के साथ अन्य गतिविधियों का हिस्सा बनकर कार्य करना होगा।



भुक्कड़ स्कूल के कलस्टर अध्यापकों ने स्वेच्छा से अपनाया स्कूल ड्रेस कोड।

उन्होंने स्कूल के ड्रेस कोड को स्वेच्छा से अपनाने के लिए कलस्टर अध्यापकों को आभार प्रकट किया है। उनका कहना है कि स्कूल के बच्चों और अध्यापकों के ड्रेस की समरूपता शैक्षणिक वातावरण को मजबूती प्रदान करेगी। भुक्कड़ पंचायत प्रधान किशोर चंद, स्कूल कलस्टर अध्यक्ष रेखा देवी ने अध्यापकों के ड्रेस कोड को अपनाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह एक अच्छा संदेश है।

इससे पहले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी, जाहू, बाहन्वीं, डेरापरोल, हाई स्कूल धिरवीं व कक्कड़ स्कूल में अध्यापकों ने स्वेच्छा से ड्रेस कोड का अपनाया है।

### क्या कहते हैं विधायक

भोरंज के विधायक सुरेश कुमार का कहना है कि सरकारी स्कूलों में अध्यापकों के ड्रेस कोड अपनाने क सराहनीय कार्य किया है। स्कूलों में बच्चों के साथ अध्यापक को ड्रेस में होगा अच्छी शिक्षा प्रणाली को होना दर्शाता है। उन्होंने कहा कि समस्त स्कूलों में स्कूल मुखिया सराहनीय कार्य करके भोरंज विधानसभा क्षेत्र को एक अग्रणी विधानसभा क्षेत्र बनाने का कार्य कर रहे हैं। यही बजह है कि दसवीं की बोर्ड परीक्षा में भी भोरंज का नाम मैरिट सूची में है।

हिमाचल प्रदेश में भोरंज विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश स्कूल फार्मल ड्रेस पहनने के बजाए ड्रेस कोड को अपना कर सराहनीय कार्य करके दूसरे जिलों के स्कूलों के लिए अनूठी मिशाल कायम कर रहे हैं।

## ईस्ट प्वाइंट स्कूल सुलगवान का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, जाहू**

ईस्ट प्वाइंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुलगवान का दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा के 25 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 23 बच्चों ने 600 से अधिक अंक प्राप्त किए। कृतिका ठाकुर ने 676 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

ईवा कुमारी ने 673 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया व निशांत शर्मा ने 665 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा जतिन ने 664 अंक, कार्तिक भारद्वाज ने 663 अंक, साहिल ठाकुर ने 660 अंक, साक्षी वर्मा ने 658 अंक, खुशबु ने 654 अंक, रणबीर ठाकुर ने 652 अंक, सारिका ने 652 अंक, शगुन ने 651 अंक, शिवांश ठाकुर ने 650 अंक हासिल किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या रमन वर्मा ने बताया कि सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने सभी बच्चों व अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा की ये बच्चों व अध्यापकों की कड़ी मेहनत का फल है, जिसके परिणामस्वरूप सभी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है।



ईस्ट प्वाइंट स्कूल सुलगवान के सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

## भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**शशि सोनल, नादौन**



भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी का दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के दसवीं कक्षा के सभी छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। परिणाम को लेकर स्कूल में खुशी का महौल है। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने बताया कि 100 प्रतिशत छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मनुवर शर्मा ने 674/700 अंक 96 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, वंशिका शर्मा ने 668/700 अंक 95.42 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व लक्षिका दत्त 664/700 अंक 94.85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। उपस्थित हुए छात्रों में 15 प्रतिशत छात्रों ने 91 से 97 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए। 75 प्रतिशत छात्रों ने 80 से 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए, 10 प्रतिशत छात्रों ने 60 से 75 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने अभिभावकों व अध्यापकों को स्कूल के अच्छे परिणाम के लिए बधाई देते हुए छात्रों को भविष्य में भी इसी तरह से मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। (अनंत ज्ञान)

## नशा निवारण केंद्रों में दाखिल लोगों की हो नियमित स्वास्थ्य जांच : एडीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एडीसी अभिषेक कुमार गर्ग ने जिले में संचालित किए जा रहे नशा निवारण केंद्रों के संचालकों को निर्देश दिए हैं, वे इन केंद्रों में दाखिल सभी लोगों की नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करवाएं। यहां गोल्डन एज ड्रग काउंसिलिंग और पुनर्वास एवं एकीकृत योग साधना कक्ष के निरीक्षण के दौरान एडीसी ने ये निर्देश दिए।

एडीसी की अध्यक्षता में नशा मुक्ति निवारण समिति के सदस्यों ने इस केंद्र में मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया और संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एडीसी ने कहा कि नशा निवारण केंद्रों में दाखिल रोगियों की हर महीने स्वास्थ्य जांच होनी चाहिए। अगर कोई भी नशे का नया मरीज दाखिल होता है या डिस्चार्ज किया जाता है तो उसकी जानकारी संबंधित विभाग को दी जाए, साथ ही यह निर्देश दिया गया कि इन मरीजों की समय-समय पर नशे को छोड़ने के लिए परामर्श की जाए, ताकि वे शीघ्र-अतिशीघ्र नशे को त्यागकर समाज में अच्छा जीवन बिता सकें।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, डीएसपी नितिन चौहान और समिति के सदस्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कोमल ने 676 अंक लेकर रैल स्कूल का नाम चमकाया




स्कूल प्रशासन के साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैल के मेधावी विधार्थी।

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैल का 10वीं का परीक्षा परिणाम बहुत ही सराहनीय रहा। स्कूल में 10वीं कक्षा की परीक्षा में कुल 32 विधार्थियों ने भाग लिया।

इसमें से 27 विधार्थी पूर्ण रूप से पास हुए। स्कूल की कोमल ने 700 अंक में से 676 अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया।

प्राची चौहान ने 664 अंक लेकर स्कूल में द्वितीय ओर एंजल ने 663 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रिंसिपल जसविंद्र कुमार एवं समस्त स्कूल प्रशासन ने इन बच्चों एव उनके माता-पिता को. विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने स्कूल के अन्य बच्चों को भी इन बच्चों की तरह कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया।

वहीं, स्कूल के इन मेधावी विद्यार्थियों ने इसका श्रेय उनके शिक्षकों एवं अपने माता-पिता को दिया, जो उन्हें समय-समय पर पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते रहते थे। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस अपना रही दोहरा रवैया : राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय हितों को लेकर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध लड़ रहा है, और जो देश पाकिस्तान के साथ खड़े हैं, जैसे तुर्की और अजरबैजान, उन्हें अब आर्थिक मोर्चे पर भारत की सख्त नीति का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि वह तुर्की प्रेम के साथ खड़ी है या भारतीय जनभावनाओं के साथ।

## धनेटा कॉलेज में दो जून से होगी प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, धनेटा**

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए राजकीय महाविद्यालय धनेटा में प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया 2 जून से शुरू हो जाएगी। प्राचार्य, डॉ. ज्ञानचंद राणा ने कहा कि विद्यार्थी 2 जून से 19 जुलाई तक महाविद्यालय के कार्यालय से आवेदन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं तथा उसको भरकर जरूरी शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों के साथ जमा करवा सकते हैं।

विद्यार्थी अपने मनपसंद विषय लेकर कला स्नातक (बीए), वाणिज्य स्नातक (बी.कॉम) में प्रवेश लेने के लिए फॉर्म जमा करवा सकते हैं। 13 जून से 19 जून तक महाविद्यालय में प्रवेश से पूर्व विद्यार्थियों की काउंसिलिंग भी होगी। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की पहली मेरिट आधारित सूची 20 जून को शाम पांच बजे सूचना पट्ट पर लगा दी जाएगी। विद्यार्थी 21 जून से 23 जून तक अपनी फीस जमा करवा सकते हैं। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की दूसरी मेरिट आधारित सूची 24 जून को तीन बजे सूचना पट्ट पर लगा दी जाएगी।

छात्र 25 जून से 27 जून तक अपनी फीस जमा करवा सकते हैं। द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष के विद्यार्थी 2 जून से 19 जून तक प्रवेश ले सकते हैं । 28 जून से 30 जून तक नव आगंतुक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन किया जाएगा और 24 जून से 30 जून तक प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की काउंसिलिंग, छात्रवृत्तियों से संबंधित जरूरी जानकारी से अवगत करवाया जाएगा। एक जुलाई से नियमित कक्षाएं प्रारंभ होंगी।

## अनदेखी मैहरे से जौड़े अंब सड़क किनारे पसरी गंदगी, राहगीर बदबू से परेशान

# हिमाचल सरकार की क्लीन प्रदेश पॉलिसी धराशायी



सड़क किनारे लगे गंदगी के ढेर।

**एसके ठाकुर, बड़सर**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में हिमाचल प्रदेश को एकदम क्लीन स्टेट बनाने की मुहिम शुरू की है। इसमें बड़ा फैसला लेते हुए अधिसूचना भी जारी कर दी है कि प्रदेश में जो भी गंदगी फैलाने का कार्य करेगा, ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कारण लोगों को यह भी लगने लगा था। कि अब प्रदेश में गंदगी फलाने वालों पर जुर्माना करके शिकंजा कसा जाएगा परंतु अभी तक ऐसा नहीं हुआ कि गंदगी फैलाने वालों पर किसी प्रकार का जुर्माना किया गया हो। बता दें कि बड़सर मुख्यालय के साथ सटी मैहरे से जौड़े अंब सड़क किनारे भारी गंदगी पसरी हुई है जिसके चलते आम लोगों को सड़क के पास से गुजरना किसी खतरे से कम नहीं हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह जब लोग सैर करने जाते हैं, ऐसे में उक्त स्थान से गुजारना मुश्किल होता है क्योंकि इस गंदगी की बदबू दूर-दूर तक जाती है। सबसे बड़ा सवाल या खड़ा होता है कि आखिर इस सारे एपिसोड का कौन जिम्मेदार है?

लोग सरकार पर तो आरोप लगाना शुरू कर देते हैं कि गंदगी से निजात दिलाएं परंतु आम लोगों का भी फर्ज बनता है कि सड़क के किनारे गंदगी न फैलाएं। अब दबी जुबान में लोग यह भी कहने लगे हैं कि जो लोग सड़क के किनारे गंदगी फेंकते हैं, बड़सर प्रशासन तत्काल जुर्माना लगाए। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री के गृह जिले में ही गंदगी का ऐसा आलम है तो फिर अन्य जिलों मे कैसी व्यवस्था होगी। (अनंत ज्ञान)

### एसडीएम ने क्या कहा

बड़सर के एसडीएम राजेंद्र गौतम ने कहा कि मैहरे जौड़े अंब सड़क मार्ग पर पीडब्ल्यूडी कॉलोनी के साथ गंदगी पड़ी रहती है। प्रशासन ने कई बार लोगों गंदगी सड़क के किनारे नहीं फेंकने की हिदायत दे रखी है। उन्होंने कहा कि बड़सर प्रशासन इस समस्या की हल करने के लिए प्रयासरत है, बहुत जल्दी मैहरे बाजार तथा इसके साथ लगते एरिया में गंदगी निदान का हल निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि सबके सहयोग से ही यह समस्या बहुत जल्दी हल कर दी जाएगी।

## भारतीय सेना को सम्मान देने के लिए शहर के व्यापारियों ने निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर,**

सुजानपुर शहर में भारतीय सेना के अदम्य साहस एवं शौर्य को सम्मान देने के लिए शहर के व्यापारियों ने एक रैली निकाली। इस अवसर पर वीरगति को प्राप्त करते हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि भी दी गई। शहर के व्यापारी बस स्टैंड सूजानपुर नजदीक ब्रह्म मूर्ति चौक पर इकट्ठा हुए तथा सभी ने भारत माता की जय का उद्गोष लगाया।

वक्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय सेना के अदम्य शौर्य की बदौलत भारत का पूरे विश्व में डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम में आतंकी हमला कर जो कायराना हरकत की तथा निहत्थे 26 टूरिस्टों को मारा, उससे पूरे भारत विश्व में पाकिस्तान का आतंकी चेहरा उजागर हुआ है। उसके बाद भारतीय सेवा ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में चल रहे आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, उन्होंने कहा कि भारतीय सेवा की कार्रवाई से उन्हें गर्व है।



रैली निकालते सुजानपुर के व्यापारी।

इस अवसर पर लोगों ने रैली निकालकर भारतीय सेवा का साहस बढ़ाया और कहा कि भारतीय सेना की किसी भी कार्रवाई का देश के लोग समर्थन करते हैं।

## मुख्यमंत्री से मिला हिमाचल निजी शिक्षण संस्थान नियामक आयोग



निजी शिक्षण संस्थान नियामक आयोग के सदस्य मुख्यमंत्री से भेंट करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान नियामक आयोग के नवनियुक्त सदस्य विज पाल सिंह ने यहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। उन्होंने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि वह पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सांसद कंगना रनौत ने डोनाल्ड ट्रंप को बताया अल्फा पुरुष

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल की मंडी सीट से भाजपा सांसद कंगना रनौत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अल्फा पुरुष (अधिक प्रभावशाली) बताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सब अल्फा पुरुषों का बाप लिख डाला। कंगना ने यह बात अपने एक्स अकाउंट पर लिखी। इस पोस्ट पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने संज्ञान लिया और कंगना से पोस्ट डिलीट करवाया। पोस्ट डिलीट करवाने वाली बात कंगना ने खुद एक्स पर पोस्ट करके बताई। मगर, तब तक लोग कंगना के पहले वाले पोस्ट को खूब शेयर कर चुके थे। बता दें कि कंगना पहले भी प्रधानमंत्री मोदी को लेकर कई विवादित बयान दे चुकी हैं। वह कभी नरेंद्र मोदी को भगवान राम का अवतार बताती हैं।

### मुख्यमंत्री ने ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस को दीं शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. शिखिन सोनी ने सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। उन्होंने राजनीति में नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के माध्यम से शुरू किए गए डॉ. मनमोहन सिंह फैलो प्रोग्राम के बारे में मुख्यमंत्री से चर्चा की तथा इस बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य मध्यावधि करियर में राजनीति में उत्कृष्टता प्राप्त करने के इच्छुक शीर्ष 50 पेशेवरों को इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने उन्हें इस प्रयास के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि ऐसी पहल से युवाओं में देश के प्रति कर्मठता एवं समर्पण से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

### ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुक्खू से की भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ (जीआरएसएस) के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की तथा उन्हें विभिन्न मांगों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश के लिए बजट आवंटन को आधा किया गया है जिस कारण उन्हें नियमित रूप से वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले को केंद्र सरकार के समक्ष उठाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी तथा उनकी समस्या के समाधान के लिए रिवाल्विंग फंड की स्थापना की संभावनाओं का पता लगाएगी।

### तकनीकी शिक्षा बोर्ड की पैट व लीट हेतु वेबसाइट से डाउनलोड करें एडमिट कार्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की ओर से 18 मई को बहुतकनीकी प्रवेश परीक्षा (पैट) तथा 25 मई को लेटरल एंट्री टेस्ट (लीट) किया जा रहा है। इस प्रवेश परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों ने बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से अपना पंजीकरण करवाया है, वे अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। तकनीकी शिक्षा बोर्ड के सचिव अशोक पाठक ने बताया कि अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत फोन नंबर और ई-मेल आईडी पर उनके एडमिट कार्ड भेज दिए हैं। किसी कारणवश अगर कोई अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड वेबसाइट से डाउनलोड नहीं कर पाया है तो वहे बोर्ड को ई-मेल के माध्यम से सूचित करें, ताकि उसका एडमिट कार्ड संबंधित स्टेशन सेंटर को मेल किया जा सके। इसके अलावा अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट से भी अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड डालकर एडमिट कार्ड को डाउनलोड कर सकते हैं।

## 'हिमालय एप्पल ग्रोअर्स एसोसिएशन ने की आवाज बुलंद'

# तुर्किये से सेब आयात पर पूर्ण प्रतिबंध का मामला पहुंचा दिल्ली

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

भारत-पाकिस्तान तनाव से उपजे विरोध के बीच तुर्की पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। व्यापारिक गतिविधियां बंद करने के साथ ही सेब के आयात पर भी तत्काल प्रभाव से अंकुश लगाने की मांग की गई है।

बाकायदा हिमालयन एप्पल ग्रोअर्स सोसायटी के बैनर तले सेब उत्पादकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष से मुलाकात कर यह मांग दोहराई। प्रतिनिधिमंडल द्वारा तेजी से बढ़ते सेब आयात के बारे में केंद्र सरकार की तरफ से कोई दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया गया है।

**मंत्री गोयल से बढ़ते आयात पर बैन करने का उठाया मुद्दा**

प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि इस सस्ते और सब्सिडी वाले आयात के कारण देश के बागवानों को भारी घाटा हो रहा है और लागत मूल्य भी नहीं निकल पा रही है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी उजागर किया कि तुर्की एक ऐसा देश है, जो भारत में आतंकवाद फैलाने वाले देश पाकिस्तान को सैन्य सहायता और रक्षा उपकरण प्रदान करता है। ऐसे देश से आयात न केवल देश की आर्थिकी के लिए नुकसानदायक है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि सेब केवल एक फसल नहीं, बल्कि पहाड़ी राज्यों की अर्थव्यवस्था और लाखों किसानों की आजीविका का आधार है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री के समक्ष पांच प्रमुख मांगें प्रस्तुत कीं। तुर्की से सेब के आयात पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए। अन्य देशों से सेब आयात पर न्यूनतम आयात मूल्य की सीमा को बढ़ाया जाए। आयातित सेबों पर गुणवत्ता और पादप स्वच्छता मानकों को सख्ती से लागू किया जाए, ताकि किसी प्रकार के रोग एवं विषाणु सेब के माध्यम से हमारे देश में प्रवेश न कर पाए। पीयूष ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।



नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करते हुए हिमालयन एप्पल ग्रोवर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि।

### बागवानों के हितों की रक्षा करना जरूरी

**प्रतिष्ठित** बागवान चेतन बरागटा ने कहा कि तुर्की से सेब का आयात रोकना केवल एक व्यापारिक निर्णय नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान और बागवानों की रक्षा, और आतंकी समर्थक देशों को सख्त संदेश देने का मामला है। हम इस पर चुप नहीं बैठ सकते।

गौरतलब है कि यह विषय देश के किसानों की गरिमा, पहाड़ी राज्यों की आत्मनिर्भरता और आत्मनिर्भर भारत के स्वाभिमान से भी जुड़ा हुआ है। इसे लेकर किसान-बागवान लगातार लामबंद हुए हैं, मगर अभी तक कोई रास्ता नहीं निकल पाया है। (अनंत ज्ञान)

## तिरंगा यात्रा में सेरी मंच पर बोले नेता प्रतिपक्ष

# आतंकियों ने धर्म पूछकर मारे निर्दोष तो हमने कर्म देख मारे पाकिस्तानी



तिरंगा यात्रा के दौरान नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल व अन्य नेता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ने कहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेना की पाकिस्तान पर वह जबाबी कारवाई है जिसका पहलगाम नरसंहार के बाद हर भारतीय बेसब्री से इंतजार कर रहा था।

उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर हमारे हिंदू भाइयों को मौत के घाट उतारा था, तो हमने आतंकी देश को मुंह तोड़ जबाब इस ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दिया है। आतंकियों ने तब धर्म पूछकर हमारे लोगों को निशाना बनाया तो हमने पाकिस्तान को उनके कर्म देखकर सैन्य कारवाई से माकूल जबाब दिया है।

मंडी में भारतीय सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा के बाद सेरी मंच पर संबोधित करते हुए जयराम कहा कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाने का जबाब मात्र 25 मिनट की कारवाई में करके दिखाया है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि भारतीय सेना के अदम्य साहस, ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित इस 'तिरंगा यात्रा' में अद्भुत जोश देखने को मिला है। इस दौरान उनके साथ भारतीय सेना से सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर, कारगिल वार हीरो ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर, विधायक अनिल शर्मा, राकेश जम्बाल, विनोद कुमार, इंद्र सिंह गांधी, पूर्ण चंद, दीपराज, दलीप ठाकुर, जिलाध्यक्ष मंडी निहाल चंद आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री का प्रेस विजिट



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शुक्रवार को नगरोटा बगवां के अपने दौरे के दौरान इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित दैनिक 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र की प्रेस का विजिट किया। हैड ऑफिस में उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें अनंत ज्ञान की उपलब्धियों तथा पत्रकारिता के उद्देश्यों से भी अवगत करवाया गया। उन्होंने ध्यानपूर्वक सभी विभागों का अवलोकन किया। शिक्षा मंत्री के साथ कांग्रेस प्रवक्ता संजीव गांधी, सीईओ विशाल धीमान, डायरेक्टर प्रतिभा धीमान, संपादक समरजीत तथा अनंत ज्ञान टीम के सदस्य।

# तिरंगा यात्रा सेना के शौर्य व देश के नेतृत्व की सफलता का अभिनंदन : अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर द्वारा तय लक्ष्यों को प्राप्त करने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा को भारतीय सेना के शौर्य व मोदी के नेतृत्व में देश की सफलता का अभिनंदन बताया है।

**कश्मीर से कन्याकुमारी तक मिल रहा सहयोग उकसावे भरी हरकत नहीं होगी बर्दाश्त**



अनुराग ने कहा कि भारतीय सेना सदा ही हमारा गौरव रही है और जब जब जरूरत पड़ी हमारी सेना ने भारत का मान बढ़ाने का काम किया है। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने बेकसूर नागरिकों की निर्मम हत्या कर भारत को चुनौती दी, मगर ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने एक बार फिर दिखा दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेना भारत विरोधी गतिविधियों का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।

भाजपा के तिरंगा यात्रा अभियान के अंतर्गत कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरा भारत देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है। तिरंगा यात्रा में प्रत्येक भारतीय को इसमें भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना किसी भी समय उकसावे भरी हरकत के जवाब में पाकिस्तान में घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। मोदी ने साफ किया है कि आतंक और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते और 140 करोड़ भारतीय सशस्त्र बलों के समर्थन में खड़े हैं।

# ब्रेक फेल होने से एचआरटीसी बस दुर्घटनाग्रस्त, 13 घायल

**अनंत ज्ञान, अर्की**

उपमंडल अर्की के सर्यांज पिपलुघाट सड़क मार्ग पर चालक की सूझबूझ के चलते एक भयानक हादसा होने से टल गया। सूत्रों के अनुसार अर्की से शिमला की ओर जा रही एचआरटीसी बस के सरयांज-पिपलुघाट मार्ग पर अचानक ब्रेक फेल होने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में 13 यात्री घायल हो गए, जिनका अर्की अस्पताल में उपचार चल रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस जब सर्यांज से पिपलुघाट की ओर उतर रही थी, तभी तकनीकी खराबी के चलते उसके ब्रेक ने काम करना बंद कर दिया। बस चालक ने अपनी सूझ-बूझ बस को सड़क किनारे सुरक्षित मोड़ते हुए रोक दिया, जिससे एक बड़ा भयानक हादसा टल गया। सूत्रों के अनुसार बस में लगभग 35 से 30 यात्री थे जिनमें से द्रोपती देवी कुंहर दीक्षित ठाकुर हरथु के सिर पर व हीरालाल पकोटी के हाथ मे बड़ी चोट आई है। जिन्हें अर्की अस्पताल लाया गया। बाकी यात्रियों को छुटपुट चोट लगी है जिन्हें मौके पर ही प्राथमिक चिकित्सा दी गई। इसके अलावा कोई बड़ी क्षति नही हुई है। सूत्रों के अनुसार घटना होते ही स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर यात्रियों की मदद की।



बीच सड़क पर पलटी एचआरटीसी की बस।

स्थानीय ग्रामीणों और यात्रियों ने चालक की तत्परता और सूझबूझ की सराहना की है, जिसने विपरीत परिस्थितियों में साहस का परिचय देकर दर्जनों लोगों की जान बचाई। बाड़ेश्वर महादेव की कृपा से टला बड़ा हादसा, क्षेत्र में यही चर्चा बनी हुई है।

# वोल्वो के 16 बंद रूट एक माह में होंगे बहाल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



बैठक में उपस्थित वाइस चेयरमैन अजय वर्मा, डीएम राजकुमार व विवेक लखनपाल।

एचआरटीसी इसी साल जीरो वैल्यू वाली 700 बसों को इसी साल के अंत तक कंडम कर देगी। इसके अलावा बंद पड़े 16 वोल्वो रूटों को भी 15 दिनों के भीतर बहाल कर दिया जाएगा। 24 वोल्वो की नई बसें जून के मध्य तक पहुंच जाएंगी। यह जानकारी निगम के बीओडी के वाइस चेयरमैन अजय वर्मा ने दी। वह हमीरपुर में डिवीजन स्तर की रिव्यू बैठक की अध्यक्षता करने पहुंचे थे।

वर्मा ने माना कि निगम के बेड़े में काफी बसें अच्छी हालत में नहीं है, लेकिन इसका दोष उन्होंने पूर्व सरकार के सिर मढ़ा और कहा कि मौजूदा सरकार निगम की बसों की हालत सुधारने के लिए और ग्रामीण स्तर पर लोगों को अच्छी सुविधा देने के लिए कार्यक्रम बनाए हुए हैं। 700 बसों को एक साल के भीतर कंडम कर दिया जाएगा। निगम के बेड़े में 24 नई बसें वोल्वो की शामिल की जा रही है और इनकी खरीद हो चुकी है। 30 दिनों के भीतर यह बसें हिमाचल पहुंच जाएगी। उनकी कमी की वजह से दिल्ली के जो 16 रूट बंद हैं, उन पर इन्हें चलाया जाएगा।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

उन्होंने यह भी बताया कि दिल्ली के लिए तीन नए वोल्वो बस रूट दिन के समय चलाए जाएंगे, इनमें धर्मशाला, चंबा और नालागढ़ से यह रूट चलेंगे। लोगों की काफी समय से मांगती की रात्रि समय में तो वोल्वो की बसें अलग-अलग स्टेशनों के लिए हैं, लेकिन दिन के समय भी यह सुविधा मिलनी चाहिए। इसी के मध्य नजर यह रूट शुरू किया जा रहे हैं।

वहीं, चामुंडा से वृंदावन के लिए नई एसी बस सेवा 15 दिनों के भीतर शुरू की जाएगी इसकी सिम भी अच्छी होगी और यह सामान्य बसों से कई दर्ज अच्छी होंगी। इस साल के अंत तक 300 इलेक्ट्रिक बसें निगम के बेड़े में शामिल हो जाएंगी। इनके लिए चार्जिंग प्वॉइंट लगाने का काम जारी है। तकरीबन 4 करोड़ की लागत से यह काम भी शुरू किया जा रहा है। रिव्यू बैठक में आमदन बढ़ाने, ब्रेकडाउन बसों की संख्या कम करने और जिन ढाबों पर यह बसें रुकती हैं, उनकी स्थिति को सुधारने के लिए भी चर्चा हुई है। हमीरपुर डिवीजन में 590 बसें यात्रियों की सेवा में लगी हैं, इनमें 11 एसी बसें हैं, जो 563 रूटों पर कार्यरत हैं। (अनंत ज्ञान)

### वित्तीय वर्ष में हुआ मुनाफा

**वर्मा** ने यह भी बताया कि इस डिवीजन में पिछले साल 167 13 करोड़ की अआमदन हुई थी, जबकि इस वित्तीय वर्ष के दौरान यह बढ़कर 182 करोड़ हो चुकी है।

# जगन ठाकुर ने उपमुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ लिमिटेड (हिमफेड) के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक जगन ठाकुर ने शिष्टाचार भेंट की। उपमुख्यमंत्री ने जगन ठाकुर को नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि उनके कुशल नेतृत्व में हिमफेड राज्य के सहकारी क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने कहा कि हिमफेड प्रदेश की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और इसके सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।



मुकेश अग्निहोत्री से भेंट करते हुए प्रबंध निदेशक।

अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसमें हिमफेड की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जगन ठाकुर अपने प्रशासनिक अनुभव एवं दक्षता से हिमफेड की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावशाली बनाएंगे। इस भेंट के दौरान विभिन्न सहकारी योजनाओं एवं उपभोक्ता कल्याण से जुड़ी गतिविधियों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

# कुलदीप ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सचिव से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सचिव राहुल कश्यप से भेंट की। उन्होंने राज्य में सफाई कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा की। इस अवसर पर आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा और दिग्विजय मल्होत्रा भी उनके साथ मौजूद रहे।



राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सचिव से मुलाकात करते कुलदीप कुमार।

कुलदीप कुमार ने सफाई कर्मचारियों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। राहुल कश्यप ने आयोग से हिमाचल में 'नमस्ते योजना' का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

# माकपा ने एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीपीआई (एम) की लोकल कमेटी बल्ह का एक प्रतिनिधिमंडल राजेश शर्मा की अध्यक्षता में बल्ह के उपमंडल अधिकारी (नागरिक) स्मृतिका नेगी से मिला और बस किराये में हाल ही में की गई बढ़ोतरी करने के विरोध हेतु एक मांग पत्र मुख्यमंत्री हिमाचल सरकार को दिया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश में पहले न्यूनतम बस किराए को 5 रुपए से बढ़ाकर 10 रुपए करने और फिर पुरे प्रदेश में बस किराए में 15 फीसदी बढ़ोतरी के फैसले को सीपीआई (एम) की लोकल कमेटी बल्ह ने जनविरोधी करार दिया है।

सीपीआई (एम) के लोकल कमेटी के सदस्य परस राम ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में रेल सुविधा के अभाव में बस सेवा ही आवागमन का एक मात्र साधन है। ऐसे में बस किराए को 15 फीसदी बढ़ाकर कर प्रत्यक्ष तौर पर प्रदेश की आम जनता पर आर्थिक बोझ लादा गया है।



एसडीएम को मांग पत्र सौंपते सीपीआईएम के प्रतिनिधि।

### लोगों की जेबों पर डाला जा रहा डाका

**अपने** करीबियों को कैबिनेट रेंक देकर सरकारी खजाने पर बोझ डाला जा रहा है तथा उसकी भरपाई लोगों की जेब पर बोझ डाल कर की जा रही है। राज्य सरकार से इस बस किराया बढ़ोतरी को तुरंत वापस लेने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में साथी राजेश शर्मा, परसराम, जोगिंदर वालिया, गंगा राम, हेमराज, श्यामलाल, नरेश आदि शामिल रहे।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पहले से ही भारी भरकम किराया वसूल किया जा रहा है और अब बस किराए को न्यूनतम 5 से 10 डबल करने और अब 15 प्रतिशत बढ़ाकर गरीब व मध्यम वर्ग पर भारी बोझ पड़ेगा। अब किराया बढ़ाने से मजदूर, किसान, छात्र, नौजवान, कर्मचारी तथा बेरोजगार युवाओं पर इसकी मार पड़ेगी। सत्ता में आने के बाद प्रदेश की कांग्रेस सरकार एक और जहां लोगों को पहले से मिल रही सुविधाओं को छीन रही है।

## जनसभा — 1600 करोड़ की राशि खर्च कर शिमला के विभिन्न भागों में बनाए जाएंगे रोपवे

# शिमला-धर्मशाला स्मार्ट सिटी योजना से हो रहे करोड़ों के काम: विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को शिमला शहर के उपनगर टुटू में 6.5 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित तीन मंजिला वाहन पार्किंग का शुभारंभ किया। इस वाहन पार्किंग में लगभग 80 से 100 वाहनों को पार्क करने की सुविधा होगी।

उन्होंने कहा कि शिमला एवं धर्मशाला को स्मार्ट सिटी योजना के तहत लाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा बहुत प्रयास किए गए हैं और उन्हीं के कार्यकाल के दौरान ही इस वाहन पार्किंग का शिलान्यास किया गया था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के चौथे चरण में हिमाचल के सभी दूरदराज क्षेत्रों को सड़कों से जोड़ा जाएगा। लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिले, इसके लिए 1600 करोड़ की राशि खर्च कर शिमला के विभिन्न स्थलों से रोपवे का निर्माण किया जाएगा, जिसकी प्रक्रिया जारी है।



टुटू में जनसभा को संबोधित करते पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

उन्होंने कहा कि टूटू शहर तथा आसपास के क्षेत्रों में पिछली सरकार के जल संकट के दौरान पेयजल की दिक्कत को खत्म करने के लिए 105 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित घरोग-घंडल उठाऊ पेयजल योजना से अस्थायी तौर पर इस क्षेत्र के लिए पानी उपलब्ध करवाया गया था, लेकिन भविष्य में पानी की समस्या को देखते हुए वर्ल्ड बैंक से बनने जा रही लगभग 1200 करोड़ रुपए की चाबा स्थित सतलुज उठाऊ पेयजल योजना का कार्य जोरो पर है।

उन्होंने कहा कि शिमला शहर की छुटी हुई सभी बस्तियों को सीवरेज से जोड़ा जाएगा। टुटू तथा मज्याठ के लोगों की काफी पुरानी मांग को देखते हुए काफी प्रयासों के बावजूद इस सीवरेज लाइन को टुटू क्षेत्र में बिछाने के लिए वन विभाग से स्वीकृति मिल गई है। आगामी एक महीने के भीतर इसकी टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर सीवरेज का कार्य आरंभ कर दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त टुटू स्कूल के मैदान को चौड़ा करने के लिए 25 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टुटू के भवन निर्माण के लिए बिजली विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल चुका है इसलिए इस स्वास्थ्य भवन के निर्माण के लिए रिवाइज्ड टेंडर प्रक्रिया जारी है। शीघ्र ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण आरंभ कर दिया जाएगा।

### सरकार के समक्ष उठाएंगे बंगाला कॉलोनी मसला

**उन्होंने** कहा कि वर्ष 1974 से पहले बने बंगाला कॉलोनी के घरों को नियमित करने के लिए मामला सरकार से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बंगाला कॉलोनी के लिए अढ़ाई लाख रुपए का बजट पहले ही स्वीकृत कर दिया गया है और यदि आवश्यक होगा तो अतिरिक्त राशि भी स्वीकृत कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि टुटू से जुब्बड़हट्टी संपर्क सड़क में उखड़ी मेटलिंग का पैच वर्क शीघ्र किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### रोपड़ी के आशीष ने मैट्रिक परीक्षा में मारी बाजी



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** शहीद केहर सिंह राजकीय उच्च पाठशाला, रोपड़ी के मेधावी छात्र आशीष कुमार ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 700 में से 647 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आशीष के पिता अजय कुमार निजी क्षेत्र में कार्यरत हैं और माता अनीता देवी एक गृहिणी हैं। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाले आशीष ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद राणा सहित समस्त अध्यापक वर्ग ने आशीष को उसकी सफलता पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### 672 अंक लेकर सानिया मझीण स्कूल में प्रथम



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मझीण में 10वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम बेहतरीन रहा हैं। इससे विद्यालय में खुशी का माहौल हैं। मझीण स्कूल की छात्रा सानिया चौधरी ने दसवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम में 700 में से 672 अंक हासिल कर विद्यालय स्तर पर पहला स्थान हासिल किया, जबकि सरगम राणा ने 700 में से 645 अंक लेकर दूसरा व पारस चौधरी ने 700 में से 639 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। बेहतरीन अंकों के साथ विद्यालय स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल करने पर स्कूल प्रधानाचार्य सुरेश ठाकुर ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी हैं। शुक्रवार को प्रातः कालीन सभा में विद्यालय स्तर पर सभी टॉपर स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि एक ओर जहां प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 79.80 प्रतिशत रहा, वहीं हमारे विद्यालय का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा।

### पुन्नर स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**अनंत ज्ञान, भवारना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुन्नर का हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। पलक ने 667 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया, साक्षी ने 660 अंकों के साथ द्वितीय व स्वस्ति 640 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। समस्त विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुनीता रानी ने इस शानदार सफलता पर विद्यार्थियों, अभिभावकों व समस्त स्टाफ को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस दौरान समस्त स्टाफ सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### अमनी स्कूल की छात्रा अनामिका परीक्षा में प्रथम



**शिबू ठाकुर, कोटला।** हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमनी का दसवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम 98 प्रतिशत रहा है। विद्यालय की छात्रा अनामिका ने 682 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अभिलाष ने 653, दूसरा स्थान प्राप्त किया साक्षी ने 638 अंक हासिल करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य विजय कुमार ने परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा उनके अभिभावकों को भी बधाई दी।(अनंत ज्ञान)

#### तीन दिवसीय नगरी का इंद्रुनाग मेले का विधिवत रूप से हुआ समापन

# रस्साकशी में माता मुराली महिला मंडल प्रथम

**कुलदीप सोनी, नगरी**



मेले के समापन के दौरान मौजूद विजेता पहलवान और आयोजक।

तीन दिवसीय नगरी का इंद्रुनाग मेले का विधिवत रूप से समापन हुआ। नगरी कलुंड पंचायत और फ्रेंड्स क्लब के प्रधान नरेंद्र भट्ट ने कहा कि इंद्रुनाग मंदिर मेले नगरी में दूसरे दिन खेल में विजय महिला मंडल प्रथम, माता मुराली महिला मंडल द्वितीय और एकता महिला मंडल तीसरे स्थान पर रहा।

रस्साकशी में माता मुराली महिला मंडल प्रथम, नागेश्वर महिला मंडल द्वितीय और विजय महिला मंडल तृतीय स्थान पर रहे। मुख्यातिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य मति मंगला चौधरी, ओर विशेष अतिथि जगदंबा पंकज उपस्थित रही।

मंगला चौधरी ने इंद्रुनाग मंदिर के विकास कार्य के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की और अपनी नेक कमाई से मेले के आयोजन के लिए 5100 रुपए दिए। प्रधान जगदंबा पंकज ने 3100 रुपए दिए। ज्येष्ठ संक्रांति 14 मई को तीसरे दिन सुबह शांति हवन में सेवानिवृत्त डायरेक्टर सिविल से पवन कोहली जी अपनी धर्म पत्नी सहित मौजूद रहे। दंगल के शुभारंभ में मुख्यातिथि डायरेक्टर मोहन खत्री और उनकी धर्मपत्नी ने कोहली परिवार सहित अखाड़े की पूजा करके महादंगल का शुभारंभ किया।

महापौर गोपाल ने कहा कि विधायक आशीष बुटेल जी ने अपनी तरफ से फ्रेंड्स क्लब को 75000 देने की घोषणा की है इसके लिए फ्रेंड्स क्लब ने विधायक आशीष बुटेल का धन्यवाद किया।

**मोहन ने की क्लब को 31000 रुपए देने की घोषणा**

समाजसेवी विनोद कपूर ने अपनी तरफ से फ्रेंड्स क्लब को 15000 देने की घोषणा की इसके साथ ही डायरेक्टर मोहन खत्री ने 31000 रुपए और डायरेक्टर पवन कोहली ने 21000 फ्रेंड्स क्लब के आयोजन को देने की घोषणा की। महादंगल में कांगड़ा के रजत विजेता रहे और सचिन उपविजेता रहे, छोटे पहलवानों और महिला पहलवान ने इस महा दंगल में हुनर को दिखाते हुए लोगों के दिलों को मोह लिया। (अनंत ज्ञान)

# एंजल स्कूल भवारना के बच्चों ने परीक्षा में मारी बाजी

**राकेश डोगरा, डरोह**



एंजल पब्लिक स्कूल भवारना ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए, कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है।

सानवी पटियाल ने 96 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, अंश राजपूत 93 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा प्रियांशी नौटियाल ने 92 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त मोहिनी, आर्यन चौहान, वंशिता, ओंकिता, आरव सूद एवं काव्यांश ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य समीर अमिताभ सूद ने कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समुचित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। (अनंत ज्ञान)

## जसवां-प्रागपुर में 22 को निकलेगी तिरंगा यात्रा

**शिवम शर्मा, परागपुर**

'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक सफलता और भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस को सम्मान देने के उद्देश्य से प्रागपुर और जसवां मंडलों में संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 22 मई को प्रागपुर में सुबह 10:00 बजे प्रारंभ होगी। यह तिरंगा यात्रा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों की नृशंस हत्या के विरोध और देश की सेना के प्रतिशोधी अभियान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को समर्पित रहेगी। इस आयोजन में राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार और जसवां-प्रागपुर के विधायक विक्रम सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

प्रागपुर मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा और जसवां मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से क्षेत्र की समस्त जनता से आह्वान किया है कि वे इस तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। (अनंत ज्ञान)

## दुनिया ने देखी हिंदोस्तान की ताकत : विजय



**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** इंदौरा के समाजसेवी तथा व्यवसायी विजय बोकोलिया ने ऑपरेशन संदूर को भारतीय फौज के पराक्रम की शौर्य गाथा बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई के जरिए भारत ने पूरी दुनिया को बता दिया कि मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की सुपर शक्ति बन चुका है जिसके आगे सब फीके पढ़ने लग पड़े हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सुरक्षा तंत्र के आगे तुर्की चीन की मारक क्षमता जिस तरह से धराशाई हुई है इससे यह देश भी चिंता में पड़ गए हैं।

ऑपरेशन सिंदूर में सभी समुदाय सभी राज्य सभी दलों ने बिना शर्त केंद्र के साथ आकर खड़े हुए जो के भारत वर्ष भारत को एक महान बनता है। विजय बोकोलिया ने कहा कि भारत ने मौजूदा संघर्ष विराम के लिए एकमात्र जिम्मेदार पाकिस्तान है, अपनी फितरत के मुताबिक पहले पहलगाम में आतंकी हमला करवाया। भारत ने जवाब में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी शिवरों को निशाना बनाया, भारत चाहता तो पाकिस्तान को भी तबाह कर सकता था लेकिन हमारे फौजियों ने सिर्फ आतंकी ठिकानों पर ही स्ट्राइक की। (अनंत ज्ञान)

## गरली स्कूल के अंशुल ने हासिल की पोजिशन

**सालबिया शर्मा, गरली**



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में राज्यभर में आठवां स्थान प्राप्त करने वाले राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली के मेधावी छात्र अंशुल शेरिया को उनकी ग्राम पंचायत बणी की ओर से विशेष रूप से घर जाकर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत बणी की प्रधान बिंदू ठाकुर ने अंशुल के घर पहुंचकर पत्र भेंट किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान अंशुल के माता-पिता सहित स्थानीय वार्ड की पंच अनीता, प्रवीण भी साथ में उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## मोहित ने 95 .5 प्रतिशत अंक लेकर मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, गरली**



दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में देहरा पब्लिक स्कूल खनली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। परीक्षा परिणाम में मोहित शर्मा ने 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। निकुंज केशव ने 94.2 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। नमन वाटसन और श्रेया ने समान 93 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान साझा किया। प्रधानाचार्या रमा सिंह ने विद्यार्थियों बधाई दी।

## चंडीगढ़ विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को प्रदान कर रहा छात्रवृत्ति

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**



एक अच्छे विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करना हर छात्र का सपना होता है, लेकिन कभी-कभी इन विश्वविद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर छात्र अपने सपनों को साकार करने में असमर्थ हो जाते हैं। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान करके उनकी शिक्षा के सपने को पूरा कर रहा है। यह बात चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के चांसलर के सलाहकार डॉ. आरएस बावा ने कही। इस नेक पहल ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के वैश्विक परिप्रेक्ष्य को व्यापक बनाने और उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

डॉ. आरएस बावा ने कहा कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय द्वारा (सीयूसीईटी) परीक्षा आयोजित करके छात्रवृत्ति प्रदान करने की एक अच्छी पहल की गई है, जो मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ने इस वर्ष विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए 210 करोड़ का बजट आवंटित किया है। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव 2023-24 के आंकड़ों को साझा करते हुए डॉ. आरएस बावा ने कहा कि 904 बहुराष्ट्रीय कंपनियां आईं और इन कंपनियों ने 9124 छात्रों को नौकरी दी। (अनंत ज्ञान)

# अनंत कृषि

# फसलों में लगने वाले कीटों को जैविक नियंत्रण विधि से करें कम

## कीटनाशक दवाइयों की स्प्रे से बिगड़ जाता है प्राकृतिक संतुलन

### रासायनिक दवाइयों से पड़ते हैं कई दुष्प्रभाव



**किसान** भाइयो, जैविक नियंत्रण ऐसी एक विधि है जिसके उपयोग से विभिन्न फसलों में लगने वाले शत्रु कीटों और बीमारियों के स्तर को बिलकुल कम किया जा सकता है, ताकि किसानों को आर्थिक नुकसान न हो तथा जहरीली दवाइयों का अंधाधुंध प्रयोग न करके पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सके। अक्सर यह पाया गया है कि प्रकृति में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े व इन नुकसान पहुंचाने वाले कीड़ों को मारने वाले किसान के मित्र कीड़े दोनों ही फसल वातावरण में मौजूद रहते हैं। मित्र कीट शत्रु कीट की संख्या को बढ़ने नहीं देते और फसलों को आर्थिक हानि नहीं पहुंचती है, परंतु रासायनिक दवाइयों के प्रयोग से किसानों के मित्र कीट शीघ्र मर जाते हैं, क्योंकि वे फसल की ऊपरी सतह पर प्रायः शत्रु कीटों की खोज में रहते हैं और कीटनाशक दवाइयों की स्प्रे में सीधे संपर्क में आ जाते हैं व मर जाते हैं जिससे प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाता है। इसका परिणाम यह होता है कि जो कीड़े आज तक आर्थिक हानि पहुंचाने की क्षमता नहीं रखते थे, वे भी नुकसान पहुंचाना शुरू कर देते हैं। इसके साथ ही लगातार एक दवाई का इस्तेमाल करने से शत्रु कीटों में अवरोधता आ जाती है और शत्रु कीट नहीं मरते तथा अगले वर्ष इसी फसल में इन शत्रु कीटों का बहुत मात्रा में गुणन हो जाता है और फसल की वर्बादी हो जाती है। साथ ही रासायनिक दवाइयों में विषैले तत्वों के अवशेष होने से इनका असर फलों, सब्जियों तथा घास इत्यादि में रहने से मानव जाति एवं पशुधन पर दुष्प्रभाव पड़ता है तथा कई प्रकार की नई-नई बीमारियां पैदा होती हैं। कीटनाशकों के इन सब दुष्प्रभावों को देखते हुए वैज्ञानिकों ने विभिन्न फसलों के शत्रु-कीटों के नियंत्रण के लिए एक युक्तिसंगत प्रणाली विकसित की है जिसे हिंदी में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन व अंग्रेजी में 'इंटिग्रेटिड पैस्ट मैनेजमेंट' और संक्षिप्त में आईपीएम कहा जाता है। इसके अंतर्गत फसल की बिजाई के पहले से लेकर कटाई तक विभिन्न विधियों द्वारा शत्रु कीट या फसल बीमारी का नियंत्रण किया जाता है।

**प्रस्तुति : अजय पाल, पालमपुर**

## एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन की विभिन्न विधियां

### व्यवहारिक नियंत्रण

**इसका** मतलब है कि कृषि की क्रियाओं में शुरू से ही ऐसा परिवर्तन किया जाए जिससे कीड़ों व बीमारियों से होने वाले आक्रमण को या तो रोका जाए या कम किया जाए
जैसे कि-

- खेती से फसल अवशेषों को हटाना व नष्ट करना तथा मेड़ों को साफ रखना।
- मिट्टी परीक्षण करवा कर मृदा, उर्वरक (खाद) तथा जल प्रबंधन।
- प्रतिरोधी जातियों के बीज लगाना।
- बीज एवं पौध उपचार।

### यांत्रिक नियंत्रण

**इस** विधि को फसल रोपाई के बाद अपनाना आवश्यक है। इसके अंतर्गत निम्न तरीके अपनाए जाते हैं :-

- हानिकारक कीड़ों के अण्ड समूहों, सुंडियों, प्यूपा तथा व्यस्कों को इकट्ठा करके नष्ट करना।
- रोग ग्रस्त पौधों या उनके भागों को नष्ट करना।
- पीले रंग के स्टीकी ट्रैप का प्रयोग करना, जिसमें कई प्रकार के कीड़े आकर चिपक जाते हैं और मर जाते हैं।
- फिरोमॉन ट्रैप का प्रयोग करना तथा आकर्षित कीड़ों को नष्ट करना।

### अनुवांशिक नियंत्रण

**इस** विधि से नर कीटों में प्रयोगशाला में रासायनों या रेडिएशन से नपुंषकता पैदा की जाती है और फिर उन्हें काफी मात्रा में वातावरण में छोड़ा जाता है ताकि वे वातावरण में पाए जाने वील नर कीटों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें। इस विधि से कीटों की संख्या काफी कम हो जाती है।

### संगरोध नियंत्रण

**इस** विधि से सरकार द्वारा प्रचलित कानूनों को सख्ती से प्रयोग में लाया जाता है जिसके तहत कोई भी मनुष्य कीट या बीमारी ग्रस्त पौधों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर नहीं ले जा सकता।

ये दो तरह का होता है। ● घरेलू संगरोध ● विदेशी संगरोध

### जैविक नियंत्रण

**जैविक** नियंत्रण आईपीएम का एक मुख्य हिस्सा है। इस विधि में प्रकृति में पाए जाने वाले मित्र कीटों तथा बीमारियों को खोज कर इक्ट्ठा करके प्रयोगशाला में उन्हें अधिक संख्या में गुणित करके फसलों में हानि पहुंचाने वाले कीड़ों के विरुद्ध छोड़ा जाता है। हम यह कह सकते हैं कि हानिकारक कीड़ों तथा बीमारियों की संख्या को आर्थिक हानि स्तर से नीचे रखने के लिए मित्र कीड़ों को प्रयोग में लाना ही जैविक नियंत्रण कहलाता है।

## जैविक नियंत्रण की विभिन्न रणनीतियां

- **प्राकृतिक शत्रुओं/मित्र कीटों को छोड़ना:** इस विधि में मित्र कीटों को दूसरी जगह से लाकर ऐसी जगह पर छोड़ा जाता है जहां वे पहले से नहीं पाए जाते।
- **मित्र कीड़ों की बढ़ोतरी करना:** इस विधि में पहले ही पाए जा रहे मित्र कीटों की संख्या को इस कदर बढ़ाया जाता है कि इसमें हानिकारक कीटों की संख्या को आर्थिक हानि स्तर से नीचे रख सकें। यह बढ़ोतरी प्रयोगशाला में पैदा किए व दूसरी जगह से लाए मित्र कीटों को छोड़ने से होती है।
- **संरक्षण :** जैविक नियंत्रण में ये सारी विधियों से महत्वपूर्ण विधि है। यह एक ऐसी व्यवस्था है, जिसमें प्रकृति में पाए जाने वाले मित्र कीटों का आईपीएम की अन्य सभी विधिओं द्वारा संरक्षण दिया जाता है।
- **रासायनिक नियंत्रण:** फसलों में कीड़ों तथा बीमारियों की रोकथाम के लिए रासायनिक दवाइयों का प्रयोग केवल अंतिम हथियार के रूप में ही करना चाहिए जब दूसरी सभी अपनाई गई विधियां सफल न हों।

## जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर में होता है मित्र कीटों का गुणन

- **अंड परजीवी:** ये कीड़े अपने अंडे अपने शत्रु कीड़ों के अंडे के ऊपर देते हैं व अपना जीवन चक्र वहीं पूरा करके शत्रु कीट को खत्म कर देते हैं। इनकी दो प्रजातियों का गुणन जैव नियंत्रण प्रयोगशाला में होता है।
- **ट्राइकोग्रामा किलोनिस:** यह धान के पत्ती लपेटक, टमाटर, बैंगन, मटर, चना, गोभी प्रजाति के फल/फली छेदक के विरुद्ध 50000 से 60000 अंडे प्रति हेक्टेयर की दर से छोड़े जाते हैं।
- **ट्राइकोग्रामा जपोनिकम** - यह कीड़े धान में तना छेदक व गन्ना में टहनी छेदक के विरुद्ध 50000 से 60000 अंडे प्रति हेक्टेयर की दर से छोड़े जाते हैं।
- **अंड- सुंडी परजीवी**- यह कीड़े अपने अंडे दुश्मन कीड़ों के अंडो या सुंडी के ऊपर देते हैं वह अपना जीवन चक्र शत्रु कीट को नष्ट कर व्यस्क बनकर निकलते हैं। प्रयोगशाला में उनकी एक प्रजाति किलोनिसब्लैकवरनी तैयार की जाती है।



**अंजू ठाकुर**
राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला, पालमपुर।

# 12,000 किसानों ने अपनाई प्राकृतिक खेती

**हिमाचल** में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की मुहिम के तहत डॉ. वाईएस परमार बागवानी और वानिकी विश्वविद्यालय नौणी ( सोलन ) के मार्गदर्शन और आईसीएआर-अटारी से वित्तीय सहायता के साथ कृषि विज्ञान केंद्र कंडाघाट (केवीके) महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। केवीके सोलन (कंडाघाट ) और कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के समर्पित प्रयासों से जिले के लगभग 12,000 किसानों ने 1,936 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को अपनाया है। यह सहयोगात्मक पहल टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा दे रही है और किसानों की आजीविका को बढ़ा रही है।

**-प्रस्तुति, आर मोहन चौहान, सोलन।**

**सोलन जिले में 1,936 हेक्टेयर क्षेत्र में हो रही है खेती**




ब्रह्मदत्त के आदर्श प्राकृतिक फार्म पर केवीके सोलन के वैज्ञानिक।


'**देखना** ही विश्वास करना है' के सिद्धांत पर जोर देते हुए, केवीके सोलन ने विभिन्न बागवानी फसलों में प्राकृतिक खेती प्रणाली की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करने के लिए अपने खेत पर कई सफल प्रदर्शन मॉडल स्थापित किए हैं। इन प्रदर्शनों ने मिट्टी के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण सुधार दिखाए हैं, जिसमें मिट्टी के मापदंडों में वृद्धि और लाभकारी मिट्टी के सूक्ष्मजीवों में वृद्धि शामिल है। इसके अलावा, इनसे मिट्टी जनित बीमारियों और कीटों की समस्याओं में उल्लेखनीय कमी आई है। मॉडलों ने फसल के बराबर पैदावार भी अधिक दिखाई, जिसका श्रेय अंतर-फसल पद्धतियों से होने वाली अतिरिक्त आय को जाता है।

जिन लोगों ने जोखिम उठाया और इस तकनीक को अपनाया, वे अब रोल मॉडल बन गए हैं और कई अन्य लोगों को उनका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मनदीप वर्मा ऐसे ही नवोन्मेषी प्रगतिशील किसान हैं जिन्होंने सोलन के नजदीक शिल्ली गांव में स्वास्तिक फार्म से प्राकृतिक खेती की अवधारणा पर मार्ग प्रशस्त किया है। वो भी प्राकृतिक खेती के तरीकों से प्रकृति को कोई नुकसान पहुंचाए बिना फार्म में 600 कीवी पौधे, 1,200 सेब के पौधे व एक नर्सरी है जो बिक्री के लिए हजारों कीवी फल, सेब और बेर के पौधे तैयार करती है।

## प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत में आई कमी

**दयाराग** बुखार गांव के प्रगतिशील किसान शैलेंद्र शर्मा कहते हैं, 'प्राकृतिक खेती ने मेरी जिंदगी पूरी तरह बदल दी है।' पहले वे पारंपरिक खेती (रासायनिक खेती) करते थे, अपने पॉलीहाउस में बीमारियों और कीटों से निपटने के लिए कीटनाशकों के छिड़काव पर बहुत अधिक निर्भर रहते थे, जिससे उन्हें त्वचा संबंधी गंभीर एलर्जी हो जाती थी। प्राकृतिक खेती अपनाने से उत्पादन लागत कम हुई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे उनकी त्वचा की एलर्जी भी कम हुई है। वर्तमान में वह 3,150 वर्ग मीटर में फैले 10 पॉलीहाउस में रंगीन शिमला मिर्च, टमाटर और खीरे सहित सब्जियों की खेती करते हैं और उनकी वार्षिक आय बढ़कर 10.58 लाख रुपए हो गई है। धरोट पंचायत के ब्रह्मदत्त ने भी आदर्श प्राकृतिक फार्म में 8 बीघा जमीन में टमाटर, शिमला मिर्च, फ्रांसबीन, खीरा, माशा और सोयाबीन की खेती की है जिससे अढ़ाई लाख रुपए तक की आमदनी होती है। केवीके सोलन और पीकेवाई द्वारा समर्थित प्राकृतिक खेती ने आजीविका और पर्यावरणीय स्थिरता में सुधार किया है, कृषि को पुनर्जीवित किया है और लचीले समुदायों को बढ़ावा दिया है।

## यहां हो रहे प्रोजेक्ट संचालित



**यह** प्रोजेक्ट डॉ. वाईएस परमार, बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल, इंदर देव विस्तार शिक्षा निदेशक के मार्ग दर्शन में वरिष्ठ वैज्ञानिक (प्लांट पैथोलॉजी) आरती शुक्ला कृषि विज्ञान केंद्र सोलन, वैज्ञानिक (कीट विज्ञान) अनुराग शर्मा कृषि विज्ञान केंद्र, वैज्ञानिक (मृदा विज्ञान) मीरा देवी कृषि विज्ञान केंद्र, सोलन हैं। प्रधान वैज्ञानिक अमित विक्रम कृषि विज्ञान केंद्र की देखरेख में संचालित किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वामी विवेकानंद स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतरीन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल देवनगर कौना का हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा की अंशिका धीमान ने 700 में से 651 अंकों के साथ 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वंशिका ने 700 में से 637अंकों के साथ 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इनके साथ-साथ सुजल ने 700 में से 513 अंकों के साथ 73.28 प्रतिशत अंक लिए। प्रिंसीपल प्रमोद गुलेरिया ने बच्चों को इस महान उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

### 97.14 प्रतिशत अंक लेकर हर्षित ने हासिल की पोजिशन



**अनंत ज्ञान, गगल।** बोर्ड के दसवीं के परिणाम में हर्षित बैंस ने ठाकुर काशीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल मस्तपुर के हर्षित बैंस ने 97.14 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का नाम ऊंचा किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य उपेंद्र गुलेरिया ने बताया की दसवीं में सभी बच्चे अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए हैं जिनमें से हर्षित ने 97.14 प्रतिशत अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया है, वहीं वंशिका ने93.8 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान तथा कविता चौधरी 92.7 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रधानाचार्य उपेंद्र गुलेरिया व स्कूल स्टाफ ने बच्चों का बधाई दी।

### यश ने आदर्श मॉडल स्कूल तियारा का नाम किया रोशन



**अनंत ज्ञान, गगल।** दसवीं के परिणाम में यश चौधरी ने आदर्श मॉडल पब्लिक स्कूल तियारा में 92.85 प्रतिशत अंक लेकर किया स्कूल का नाम ऊंचा। स्कूल के प्रबंधक सुभाष ठलेरिया ने बताया की स्कूल के सभी बच्चे अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए हैं, जिनमें से यश कुमार ने 92.85 प्रतिशत अंक लेकर पहला स्थान, सारिका ने 90.42 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान, अंतरिक्ष ने 90.14 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान तथा बसंत ने 90 प्रतिशत अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक सुभाष व स्कूल स्टाफ ने बधाई दी।

### हवलदार राकेश ने किया ज्वालामुखी कॉलेज का दौरा

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी।** पंडित सुशील रत्न राजकीय डिग्री महाविद्यालय, ज्वालामुखी में 4वीं बटालियन एनसीसी हमीरपुर से हवलदार राकेश कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय में एनसीसी यूनिट की स्थापना से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं और व्यवस्थाओं का निरीक्षण करना था। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार बस्सी और अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. बस्सी ने यूनिट स्थापना की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का निरीक्षण अधिकारी से आग्रह किया और महाविद्यालय से यूनिट को सहयोग देने की बात कही। (अनंत ज्ञान)

### ज्वालामुखी विद्यालय का परीक्षा परिणाम बेहतरीन

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्वालामुखी की दसवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। खास बात यह है कि स्कूल की सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई हैं। नसीम ने 700 में से 673 यानी 96.14 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में पहला स्थान, प्रांशिका चौधरी ने 700 में से 668 यानी 95.42 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान, जबकि सिमरन चौधरी ने 700 में से 628 यानी 90 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्या पुनीता सूद ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### जिया विद्यालय के बच्चों ने हासिल की पोजिशनें

**कुलदीप सोनी, नगरी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा कल दसवीं का परिणाम घोषित किया गया। इस विद्यालय में कुल 46 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें 37 विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की।30 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। विद्यालय की छात्रा पल्लवी ने 93 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, अवनी ने 91.85 प्रतिशत लेकर द्वितीय स्थान तथा अंजली और वंशिका कपूर ने 91.57 प्रतिशत लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य राम प्रकाश वर्धन द्वारा प्रार्थना सभा में बच्चों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

### घाड़ स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**अनंत ज्ञान, नगरी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा पिछले कल दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया। इस विद्यालय में कुल 21 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी उसमें 19 बच्चों ने बहुत अच्छे अंकों से अपनी परीक्षा उत्तीर्ण की है। 16बच्चों द्वारा प्रथम श्रेणी में अपनी परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालय की छात्रा महक द्वारा 89 अंक लेकर प्रथम स्थान द्वितीय आर्यन और तृतीय स्थान पर अंश रहा। प्रधानाचार्या ललिता शर्मा द्वारा प्रार्थना सभा में बच्चों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। समस्त अध्यापकों , बच्चों और अभिभावकगणक को इस सफलता का श्रेय दिया।

### परमार ने शाइना ठाकुर को किया सम्मानित



**राकेश डोगरा, डरोह।** विपिन सिंह परमार ने न्यूगल स्कूल भवारना में हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड दसवीं के परिणाम की टॉपर शाइना ठाकुर को शाल एवं हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही शाइना को 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि देकर उसका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर विधायक महोदय के साथ तथु भारती, गांव की प्रधान सोनिया बंटा तथा कुछ अन्य गण्यमान्य सदस्य भी न्युगल स्कूल भवारना में उपस्थित हुए। प्रधानाचार्य निशा गुलेरिया ने कहा कि उन्होंने एक हीरे को तराशा है जिसकी चमक आज पूरे प्रदेश ने देखी है। (अनंत ज्ञान)

### चेलिया गांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बना आस्था का महापर्व



**शालनी शर्मा, रक्कड़।** टीहरी पंचायत के अंतर्गत ग्राम चेलिया में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। धार्मिक आयोजन की विशेषता सुप्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य भवानी शंकर जी की आध्यात्मिक वाणी रही, जो जिला कांगड़ा के गांव पाईसा से पधारे थे। उन्होंने ध्रुव चरित्र, वामन अवतार, वासुदेव-देवकी विवाह और श्रीकृष्ण जन्म की लीलाओं को अत्यंत मधुर शैली में प्रस्तुत किया। जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म की शुभ वेला आई, पंडाल 'नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर टीहरी के रिटायर स्कूल प्रधानाचार्य एवं इलाके के जाने माने समाजसेबी होशियार सिंह भारती भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े कार्यों में बरती जाए पारदर्शिता : रोहित ठाकुर

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सभागार में बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक कर शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

इस मौके बोर्ड के अध्यक्ष और उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा तथा सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड डॉ. विशाल सहित बोर्ड के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों से उनके कार्यों का ब्यौरा लेते हुए, शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली को दुरुस्त करने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम को तैयार करते समय बच्चों का समग्र विकास ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि बच्चें बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए वर्षभर कड़ी महनत करते हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं से जुड़े



बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

**शिक्षा मंत्री की शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित**

सभी कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर सजग है और उनसे जुड़े पहलुओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहनीय नहीं है।

उन्होंने कहा कि पेपर सेटिंग और पेपर चेकिंग की व्यवस्था में पारदर्शिता का पूरा ध्यान दिया जाए। साथ ही निरंतर इस प्रक्रिया में रोटेशन की जाए। उन्होंने कहा कि इन प्रक्रियाओं से संबंधित कहीं भी कोई सुधार की आवश्यकता हो तो उसे तुरंत करें।( अनंत ज्ञान)

### अन्य राज्यों के मॉडल किए जाएं स्टडी

**रोहित** ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को अपनी सार्थकता और गुणवत्ता बढ़ाने की ओर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें देश के अन्य स्कूल बोर्ड को स्टडी कर उनमें से श्रेष्ठ चीजों को अपने पाठ्यक्रमों और व्यवस्थाओं को अपनी कार्यप्रणाली में सम्मिलित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए उन्हें योग, सांस्कृतिक पहलू, भाषा, खेलकूद और हिमाचल से जुड़ी जानकारी उपलब्ध हो इसके लिए भी पाठ्यक्रम में प्रयास करने चाहिए।

### इन बातों पर दें ध्यान

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि समय के साथ शिक्षा बोर्ड को अपनी कार्यप्रणाली में भी कुछ आवश्यक बदलाव करने चाहिए। आज के समय में कार्यों को करने के लिए सब्जेक्टिविटी से ज्यादा ओब्जेक्टिविटी पर बल दें।

### टॉपर्स से संवाद

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा के टापर्स के साथ वर्चुअली संवाद भी किया तथा उनके अनुभवों और कैरियर के बारे में विस्तार से बातचीत की। शिक्षा मंत्री सभी टापर्स को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में इसी तरह से मेहनत कर अभिभावकों एवं शिक्षकों का नाम रोशन करें। इससे पहले उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि स्कूल शिक्षा बोर्ड पूरी तरह से डिजीटाईज्ड हो गया है तथा विद्यार्थियों को रिजल्ट सहित अन्य डाक्यूमेंट्स की आनलाइन सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। आईटी की आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।

# नगरोटा विस क्षेत्र के विकास के साथ जुड़ा नया अध्याय : बाली

**बोले, ग्रामीण बच्चों के लिए वरदान बनेगा डे बोर्डिंग स्कूल**

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कवाड़ी में राजीव गांधी-डे बोर्डिंग स्कूल के भूमि पूजन के उपरांत कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र शिक्षा के हब के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा की बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र में कांगड़ा जिला के सबसे पहले राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के भवन का भूमि पूजन नगरोटा विस में हुआ है।



इस पर पांच करोड़ खर्च होंगे, नगरोटा विस क्षेत्र में इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज सहित कई आईटीआई तथा बड़ोह महाविद्यालय नगरोटा के विकास की तस्वीर को बयां कर रहे हैं। विकास पुरूष जीएस बाली ने नगरोटा में विकास मजबूत नींव रखी है तथा उसी पर अब नई इबारतें गढ़ी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जीएस बाली का एक ही सपना था कि नगरोटा विस एक विकास की दृष्टि से एक आदर्श विस क्षेत्र बनकर अपनी पहचान कायम करे। आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं तथा लोगो से जो वायदे किए गए हैं उनको पूरा किया जाएगा। बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान सरकार हिमाचल के हर क्षेत्र के समुचित विकास के लिए वचनबद्ध तथा निर्धनों तथा जरूरतमंदों के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। नगरोटा में पर्यटन विकास के लिए नए प्रोजेक्ट लाए जा रहे हैं इसके साथ युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए नियमित तौर पर रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान एसडीएम मुनीष शर्मा, इंजीनियरिंग कालेज के प्रिंसिपल दीपक बसंल, प्रवक्ता संजीव गांधी व अन्य ब्लॉक कांग्रेस के सदस्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सीयू के शाहपुर परिसर में राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नवाचार के लिए युवा मस्तिष्कों का पोषण 2025 विषय पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन 15-16 मई को हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के शाहपुर परिसर में हुआ। स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज द्वारा एवं हिमालयन लाइफ साइंस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से प्रमुख वैज्ञानिक, शिक्षाविद एवं शोधार्थी शामिल हुए। राष्ट्रीय सम्मेलन के पहले दिन में तीन प्रमुख वैज्ञानिकों ने अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए।

राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन तकनीकी सत्र में तीन विषय विशेषज्ञों द्वारा जैव प्रौद्योगिकी,



कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों को सम्मानित करते गणमान्य।

एंजाइम प्रौद्योगिकी, और बायोइन्फोर्मेटिक्स पर केंद्रित सशक्त व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में विशेषज्ञों के व्याख्यानों के साथ छात्रों एवं शोधार्थियों द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पंचायत ठारु नगरोटा बगवां में रात्रि क्रिकेट प्रतियोगता का शुभारंभ हुआ । इस अवसर पर समाजसेवी रिशु ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की । आयोजकों के अनुसार इस टूर्नामेंट में आसपास के इलाकों की लगभग 30 टीमें भाग ले रहीं हैं ।

हर वर्ष आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता को लेकर स्थानीय तथा आसपास के युवाओं में काफी उत्साह है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से युवा खेलकूद की तरफ प्रेरित हो रहे हैं। मुख्यातिथि रिशु ने आयोजकों को 8500 रुपए प्रोत्साहन राशि भेंट की। इस मौके पर आयोजकों के साथ साथ कृष्ण राणा, सनी चौहान, अजय भनियारी , वरुण धीमान, अक्षित सोनी, अभिषेक सोनी, हर्ष आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# पंकज मर्डर केस की तीन माह बाद भी नहीं आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट

**अजय पाल, पालमपुर**

ब्लॉक पंचरूखी के साथ लगते गांव बटाहन में कुछ महीने पहले हुए ब्लाइंड मर्डर की गुथी पुलिस ने सुलझा ली थी और इस हत्याकांड मे संलिप्त आरोपियों को भी सलाखों के पीछे पहुंचा दिया था, लेकिन में आरोपियों को सजा दिलाने के लिए परिवार को पुलिस थाने के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

इस हत्याकांड को तीन महीने बीत गए है लेकिन अभी तक मोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है। मृतक के पिता सुरेश कुमार ने बताया कि 18 जनवरी, 2025 को पंकज की गुमशुदगी की रिपोर्ट पंचरूखी थाना में दी थी लेकिन पंचरूखी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था। 28 दिन बाद उनके बेटे पंकज की लाश घर से लगभग 80 किलोमीटर दूर ज्वालाजी के जंगलों में पाई जाती है।

उस वक्त अधिकारियों ने लोगों के सामने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया था कि हत्याकांड की निष्पक्षता के साथ जांच की जाएगी, लेकिन घटना के 3 महीने बाद भी हमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए थाने के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पंकज जिस कंपनी में काम करता था वो भी पंकज की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मांग रहे है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि हमें जल्द पंकज की पोस्टमार्म रिपोर्ट उपलब्ध करवाई जाए ताकि हम पंकज के हत्यारों को सजा दिला सकें।( अनंत ज्ञान)

## नई जोड़ी



सुंदरनगर के आशूतोष और जजैहली की चंद्रेश को 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# पर्यटक हिमाचल घूमने का कार्यक्रम बनाएं : राहिल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** भारत-पाक के बीच तनाव से पर्यटन पर काफी असर पड़ा है। ऐसे में पर्यटकों से देवभूमि हिमाचल घूमने आने की अपील की जा रही है।

होटल एवं टूर एंड ट्रेवल के कारोबार से जुड़े राहिल ने कहा कि जिन पर्यटकों ने कश्मीर घूमने की प्लानिंग कर रखी थी, यदि वे कश्मीर नहीं जा रहे हैं तो हिमाचल घूमने का कार्यक्रम बनाएं।

शांतिप्रिय हिमाचल की वादियां भी कश्मीर का आभास करवाती हैं। मई व जून माह में हिमाचल में पर्यटन सीजन उफान पर होता था, लेकिन इस बार ऐसा अभी तक नजर नहीं आया है।

# मंडी व्यवस्था को सुदृढ़ कर किसानों को सशक्त बना रही सरकार : कृषि मंत्री

**जसूर में 1.35 करोड़ से बना किसान विश्राम गृह**

**अनंत ज्ञान, जसूर**

कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने उपमंडल नूरपुर के जसूर स्थित उप मंडी यार्ड में नवनिर्मित किसान विश्राम गृह का विधिवत लोकार्पण किया, 1.35 करोड़ की लागत से बने इस विश्राम गृह में 9 कमरे, 2 वीआईपी सैट, 12 बेड की डॉरमेट्री तथा एक कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसका कृषि मंत्री ने लोकार्पण किया।

कृषि मंत्री ने कहा कि यह विश्राम गृह जसूर जैसी व्यस्त उपमंडी में आने वाले किसानों और व्यापारियों को रुकने की बेहतर सुविधा प्रदान करेगा। कृषि मंत्री ने बताया कि मंडी समिति कांगड़ा के अंतर्गत कांगड़ा, पालमपुर, बैजनाथ, धर्मशाला और जसूर को राष्ट्रीय कृषि बाजार से जोड़ा गया है, जिससे किसानों को पारदर्शिता मूल्य मिल रहे हैं।

कृषि उपज मंडी समिति कांगड़ा के अध्यक्ष चौधरी नरेंद्र कुमार ने कृषि मंत्री को शॉल व टोपी भेंट कर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में कई अधिकारी मौजूद थे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव से मजबूत होगा देश : विपिन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

कांगड़ा चंबा संसदीय क्षेत्र के प्रभारी व सुलह विधानसभा के विधायक विपिन सिंह परमार आज पालमपुर विधानसभा के संयुक्त दोनों मंडलों की एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

इस कार्यशाला में भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर, संसदीय क्षेत्र संगठन मंत्री राज्यपाल, जिला अध्यक्ष रागिनी रकवाल, कार्यक्रम के जिला संयोजक घनश्याम शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच के कारण आज भारत देश एक राष्ट्र एक चुनाव की और बढ़





कार्यशाला में मौजूद विपिन सिंह परमार व साथ हैं अन्य।

रहा है जिससे बार-बार होने वाले चुनावों में जो हमारी इकोनॉमी खर्च हो जाती है उससे तो राहत मिलेगी ही बल्कि सरकारें भी बार-बार चुनाव होने के कारण चुनाव में व्यस्त रहती हैं और विकास कार्य जितनी तेजी से बढ़ने चाहिए उतनी तेजी से नहीं बढ़ पाते हैं उस दिशा में भी एक बहुत बड़ा कदम होगा। परमार ने पालमपुर विधानसभा के दोनों मंडलों द्वारा किए जा रहे संगठनात्मक कार्य पर बधाई दी।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने भी संसदीय प्रभारी विपिन सिंह परमार और संसदीय संगठन मंत्री राजपाल को पालमपुर में पिछले समय में किए गए कार्यों से अवगत करवाया।

# जीजीडीएसडी महाविद्यालय की विवरणिका जारी

**अनंत ज्ञान, राजपुर**



जीजीडीएसडी महाविद्यालय, राजपुर में आज शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नई विवरणिका महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में विधिपूर्वक जारी की गई। विवरणिका में महाविद्यालय द्वारा संचालित समस्त स्नातक पाठ्यक्रमों की विस्तृत और सम्यक् जानकारी दी गई है।

महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 15 मई 2025 से ही आरंभ हो चुकी है तथा अब विद्यार्थी ऑफलाइन महाविद्यालय विवरणिका लेकर भी आवेदन-पत्र महाविद्यालय कार्यालय में जमा कर सकते हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 30 जून 2025 है। महाविद्यालय की विवरणिका महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है तथा इसकी डिजिटल प्रति महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट *https:// www.ggds drajpur.org* पर भी उपलब्ध है।

# आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि 17 मई को 11 केवी बरवाला फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों सिद्धपुर, फतेहपुर, बागणी, झिओल, बरवाला, आधुनिक स्कूल छैंटी आदि क्षेत्रों में प्रात: 9:00 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति पूर्णत: बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा की स्थिति में यह कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है। उन्होंने अपील करते कहा कि सभी लोग बिजली विभाग को सहयोग करें।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टैगोर सदन प्रथम



सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भाग लेने बाले बच्चे अध्यापकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां**

गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टैगोर, द्वितीय स्थान पर शिवाजी, तृतीय स्थान पर नेहरू तथा चौथे स्थान पर आजाद सदन रहा। स्कूल प्रबंधक निदेशक डॉक्टर गुलशन, निर्देशिका किरण लता वैद्य, प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा, उप प्रधानाचार्या श्वेता वैद्य समन्वयिका रानी धीमान व अन्य अध्यापक बच्चों के साथ उपस्थित थे।

**कार्रवाई**

## अवैध कब्जों को लेकर हाईकोर्ट सख्त, हटाने के दिए निर्देश

# बैजनाथ और पपरोला के बाजारों से हटाए जा रहे कब्जे

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

राष्ट्रीय उच्च राजमार्ग में अवैध कब्जों को लेकर माननीय हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए इन्हें हटाने के निर्देश जारी किए हैं। गौर तलब है कि दिन प्रतिदिन अवैध कब्जा धारकों की वजह से सिकुड़ते जा रहे बैजनाथ और पपरोला के मुख्य बाजारों को अवैध कब्जों से निजात दिलाने के लिए कार्रवाई आरंभ कर दी है। राष्ट्रीय उच्च प्राधिकरण, तहसीलदार बैजनाथ और नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा संयुक्त तौर पर कार्रवाई करते हुए बैजनाथ बाजार की पैमाइश की जिसमें लगभग दो दर्जन अवैध कब्जा धारकों को दोषी पाया गया। हालांकि कुछने मौके पर ही कब्जे छोड़ दिए जबकि 14 लोगों के



पैमाइश करते हुए अधिकारी।

खिलाफ प्रशासन ने अवैध कब्जा किए जाने की पुष्टि की है। फिलहाल प्रशासन द्वारा उन्हें हिदायत दी गई है कि एक सप्ताह के भीतर हुए अपने कब्जे हटा लें अन्यथा उनके खिलाफ जेसीबी के माध्यम से कार्रवाई की जाएगी।

इसी तरह के हालात पपरोला बाजार के भी बने हुए हैं यहां स्थानीय दुकानदारों और रेहड़ी-फड़ी वालों ने सरकारी भूमि पर बड़े स्तर पर कब्जा किया हुआ है। यहां भी अगले दिनों में इस तरह की कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार बैजनाथ रमन ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण के साइट इंजीनियर साहिल जोशी, सचिव नगर परिषद बैजनाथ पपरोला आदित्य चौहान, कनिष्ठ अभियंता विकास ठाकुर, पटवारी कानूनगो सहित बैजनाथ बाजार की निशान देही की गई है जिसमें 14 लोगों सरकारी भूमि पर अवैध तौर पर कब्जा किए जाने की पुष्टि हुई है। इन्हें एक सप्ताह का नोटिस दिया जाएगा। इसके बाद प्रॉपर तरीके से निशान देही जाएगी फिर भी अवैध कब्जाधारी निर्धारित समय अवधि के भीतर अगर अवैध कब्जे को नहीं हटता है तो फिर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

नगर पंचायत सचिव आदित्य चौहान ने कहा कि अवैध कब्जे हटाने की सूरत में नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला में प्रॉपर ड्रेनेज सिस्टम बनाएगा ताकि बरसात के दिनों में लोगों के घरों और दुकानों में बरसात का पानी नुकसान न कर सके। इसके साथ-साथ फुटपाथ का निर्माण भी किया जाएगा ताकि राहजनों को पैदल चलने में दिक्कत पेश न आए। बैजनाथ के तहसीलदार रमन ठाकुर का कहना है कि माननीय हाई कोर्ट के आदेश यह यह सारी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# कैंप में 175 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, देहरा**

देहरा में आज शहीद भुवनेश डोगरा यूथ क्लब द्वारा शहीद भुवनेश डोगरा की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। एसपी देहरा मयंक चौधरी, पुजारी मनोज भारद्वाज मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहें। एसपी मयंक चौधरी ने युवाओं को आह्वान किया कि जरूरी नहीं कि हर कोई देश की सेवा सरहद पर ही करना है देश के भीतर एक आदर्श नागरिक के तौर पर आचरण करके भी हम देशसेवा का काम कर सकते हैं। उनके साथ डीएसपी देहरा अनिल ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष सुनिता कुमारी विशेष अतिथि के रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सचिवालय चौक पर बने शहिद भुवनेश डोगरा के स्मारक पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजली दी गई। इस दौरान पारस चौहान ने वीर रस की कविता पढ़कर लोगों को उनके अदम्य साहस व बलिदान से परिचित कराया।



कैंप के शुभारंभ के दौरान मौजूद एसपी मयंक व अन्य।

इसी दौरान युवाओं ने 175 युनिट रक्तदान का एक नया रिकॉर्ड बनाया ओर लगभग 40 लोग बल्ड देने वाले युवाओं को टीम के पास व्यवस्था न होने के कारण बिना रक्त दान वापिस जाना पड़ा। युवाओं का उत्साह देखते हुए शहिद भुवनेश डोगरा युवा कल्व के अध्यक्ष आदित्य शर्मा ने उनका आभार व्यक्त किया व सभी सहयोगी सदस्य ध्रुव चौहान, सार्थक मेहरा, पारस चौहान, अमित वालिया, अमन वालिया, स्पर्श वालिया, अंकुश वालिया, शुभम कपूर, पारस कपूर, शौर्य मोदगिल, पुनीत राणा, सहित उपस्थित अन्य गणमान्य नागरिकों व रक्तदान शिविर में भाग लेने आए युवाओं को स्मृति चिह्न देकर उनका आभार व्यक्त किया।

# हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट कैंप में दो युवाओं का चयन





**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस द्वारा बेंगलुरु में आयोजित किए जा रहे हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट कैंप के लिए हिमाचल के दो युवा क्रिकेटरों का चयन हुआ है। अंडर 23 वर्ग के लिए आयोजित होने वाले इस कैम्प में हिमाचल से हमीरपुर के मृदुल सरोच और बिलासपुर के अनिकेत का चयन किया गया है। इस कैंप का आयोजन 26 मई से लेकर 14 जून तक बेंगलुरु में किया जाएगा। उधर हिमाचल के इन क्रिकेटरों के चयन पर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अवनीश परमार ने उन्हें बधाई दी। एचपीसीए द्वारा खिलाड़ियों के लिए दी जा रही सुविधाओं के चलते ही कैंप के लिए चयनित हो रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### माधवी चौहान ने झटके 683 अंक

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय तत्तापानी का दसवीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। गत सत्र में विद्यालय में कुल 13 छात्र शिक्षा ग्रहण के रहे थे, जिसमें से सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय में प्रथम स्थान माधवी चौहान पुत्री डोला राम चौहान (683/700) द्वितीय स्थान भीवेश ठाकुर पुत्र कमलेश कुमार (678/700) तृतीय स्थान रजत शर्मा पुत्र नरेश कुमार (670/700) ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्या चंद्र प्रभा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कमाना की है। उन्होंने सभी छात्रवर्ग व आचार्यवर्ग की भी इस परिणाम के लिए जमकर सराहना की।

### कोमल ने हासिल किए 98 फीसदी अंक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की तरफ से घोषित परीक्षा परिणाम में शिमला ग्रामीण के तहत आने वाली धरोगड़ा पंचायत के उच्च विद्यालय संदोआ के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल की छात्रा कोमल मेहता पुत्री वीरेंद्र मेहता ने 98 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। इसी तरह आंचल वर्मा पुत्री मंगत वर्मा ने 94 फीसदी और नीलाक्ष भंडारी पुत्र लाल चंद ने 92 फीसदी अंक प्राप्त कर नाम चमकाया। स्कूल प्रशासन और एसएमसी ने छात्रों के प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### दाड़गी स्कूल के मेधावी छात्र किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़गी का दशम कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बोर्ड परीक्षा में प्रविष्ट हुए 20 विद्यार्थियों में से 19 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। भूमिका बंसल ने 84.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, कृतिका 84.5 अंकों के साथ द्वितीय और कशिश कंवर 81.7 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। जिसकी पुष्टि प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार वर्मा ने की। उन्होने बताया कि दसवीं परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रातः कालीन वंदना सत्र में सम्मानित किया गया।

### कोटी स्कूल की दिव्या ठाकुर प्रथम

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटी की छात्रा दिव्या ठाकुर ने दसवी की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि इसी स्कूल की पलक शर्मा 89 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और बंश ठाकुर ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त करके स्कूल व अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने सभी मेधावी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने बताया कि स्कूल का परिणाम 70 प्रतिशत रहा है।

### मतदान केंद्रों पर होगी चुनाव पाठशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 62-कुसुम्पटी व 64-शिमला (ग्रामीण) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव पाठशाला और इलेक्टोरल क्लब की गतिविधियों आयोजन करवाई जाएंगी। यह जानकारी देते हुए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शिमला ग्रामीण मंजीत शर्मा ने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव पाठशाला और तृतीय शनिवार को शिक्षण संस्थानों में इलेक्टोरल क्लब की गतिविधियां अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी। यह पहल मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश के दिशा निर्देशों के अनुरूप है, जो स्वयं भी कुछ शिक्षण संस्थानों का दौरा कर इन गतिविधियों का अवलोकन करेंगी।

### सीएम सुक्खू से भेंट कर बताईं अपनी मांगें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्य कंप्यूटर शिक्षक संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने एसोसिएशन की अध्यक्ष सुमन ठाकुर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संगठन की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

# शिमला के 10 निजी शिक्षण संस्थान कौशल विकास भत्ते के लिए चयनित

## जिला स्तरीय समिति ने दी मंजूरी, स्वरोजगार के अवसर होंगे विकसित

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला



जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त शिमला।

**जिला** स्तरीय समिति ने जिला शिमला के दस निजी शिक्षण संस्थानों में कौशल विकास भत्ते के लिए अनुमति प्रदान की है। जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अनुपम कश्यप ने शिक्षण संस्थानों को यस अनुमति प्रदान की। इसके मौके पर उन्होंने निर्देश दिए कि जिला शिक्षण संस्थान शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण मुहैया करवाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कौशल होगा, तो प्रदेश के युवाओं का भविष्य बेहतर और सुदृढ़ होगा, जिससे रोजगार प्राप्त करने तथा स्वरोजगार विकसित करने में आसानी होगी।

जिला शिमला के इंडो टेक्नीकल इंस्टीच्यूट 16 मील डाकघर शकड्राह में डीसीए की 60 सीटों, भरत कंप्यूटर एजुकेशन इंस्टीच्यूट मैन चौक हलोग धामी में डीएमसीए व पीजीडीएमसीए की 60 सीटें, साई डिजिटेक प्रोफेशनल इंस्टीच्यूट खलीनी में ओ लेवल की 76 सीटें, संतोषी कम्प्यूटर एजुकेशन सुन्नी गुप्ता निवास नजदीक यूको बैंक मुख्य बाजार सुन्नी में एसीसीए व डीसीए की 65 सीटें, गोल्डन इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी प्राईवेट लिमिटेड रामपुर में एआईसीपी की 60 सीटें, शावेरी एजुकेशन सुशन भवन, सैंकड फलोर सिम्प्रिटी रोड संजौली में डीएमसीए व पीजीडीएमसीए 120 सीटें, हिम प्रोडक्टिव इंस्टीच्यूट आफ एजुकेशन ओल्ड एमसी बिल्डिंग नजदीक ऑकलैंड होटल लक्कड़ बाजार में डीएमसीए, पीजीएमसीए, टैली, स्टैनोग्राफी की 200 सीटें, एपटेक कम्प्यूटर एजुकेशन सुन्नी नजदीक बालिका आश्रम में डीसीए विद जॉवा में 90 सीटें, हिम वेबकॉम टेक्नोराईट प्राइवेट लिमिटेड वार्ड नंबर 6 सुन्नी में ओ लेवल की 120 सीटें और हिम वेबकॉम इंस्टीच्यूट ऑफ़ एजुकेशन सुन्नी में डीएमसीए, पीजीएमसीए, एडीएमओए एंड एफए, डीओएएस और एडीएमएम में 120 सीटें के लिए कौशल विकास भत्ता मुहैया करवाने की अनुमति प्रदान की गई है। (अनंत ज्ञान)

### हर 2 साल बाद निजी संस्थानों में इम्पैनलमेंट का होगा नवीनीकरण

हर दो साल बाद निजी संस्थानों में इम्पैनलमेंट का नवीनीकरण किया जाएगा। इस मौके पर राजेगार अधिकारी देवेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य आईटीआई शिमला कार्तिक ठाकुर सहित अकाउंट आफिसर डीआरडीए हेमंत जोक्टा भी उपस्थित रहे।

## मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर नवाजे विजेता खिलाड़ी

### चौपाल कॉलेज की पहली खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दमखम

सपना सूद, चौपाल/नेरवा



**चौपाल** स्थित राजकीय महाविद्यालय में छात्रों के लिए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ रविंद्र चौहान ने किया। यह कॉलेज की प्रथम प्रतियोगिता थी, जिसमें उत्साहित छात्रों ने खूब दमखम दिखाया। प्राचार्य डॉ रविंद्र चौहान ने युवा जीवन में खेलों के महत्व को स्पष्ट करते हुए अपने संबोधन में कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन में उत्साह का संचार करते हैं।

प्रतियोगिताओं के प्रथम आयोजन में 6 प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक एवं ऊंची कूद स्पर्धाएं शामिल की गई। ये सभी प्रतियोगिताएं पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग में अलग–अलग आयोजित की गई। पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष के निखिल प्रथम, बीए प्रथम वर्ष के नीरज द्वितीय एवं बीए द्वितीय वर्ष के मनोज तृतीय स्थान पर रहे, जबकि महिला वर्ग में तनुजा प्रथम, गायत्री द्वितीय व अनीता तृतीय स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग की 200 मीटर दौड़ में निखिल, नीरज, मनोज क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

200 मीटर दौड़ में गायत्री प्रथम, साक्षी द्वितीय एवं स्मृति तृतीय स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग चक्का फेंक स्पर्धा में निखिल प्रथम, नीरज द्वितीय व मनोज तीसरे स्थान पर रहे, जबकि महिला वर्ग चक्का फेंक स्पर्धा में आकृति प्रथम, गायत्री द्वितीय व रंजना तृतीय स्थान पर रही। पुरुष वर्ग भाला फेंक मुकाबलों में निखिल ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि नीरज नीरज ने दूसरा व सतीश ने तीसरा स्थान अर्जित किया। इसी प्रकार भाला फेंक महिला वर्ग में रंजना,गायत्री व आकृति ने क्रमश: प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया।

गोला फेंक स्पर्धा के पुरुष वर्ग में नीरज, मनोज व सतीश तथा महिला वर्ग में गायत्री,रंजना व आयुषी ने क्रमश: पहला दूसरा एवं तीसरा स्थान हासिल कर अपनी योग्यता साबित की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ रविंद्र चौहान ने सभी स्पर्धाओं के प्रथम तीन विजेताओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### रोहडू में बूथ स्तर पर होगी चुनाव पाठशाला व चुनाव साक्षरता गतिविधियां

**दशमी रावत, रोहडू।** निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी 67- रोहडू विधानसभा क्षेत्र धर्मेश रमोत्रा ने बताया कि भारत के चुनाव आयोग के एसवीईईपी (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) कार्यक्रम के तहत निर्वाचन क्षेत्र के भीतर बूथ स्तर और सभी सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और कॉलेजों में चुनाव पाठशाला और चुनावी साक्षरता क्लब के तहत जागरूकता गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी। खासकर पहली बार मतदाताओं व युवाओं के बीच यह पहल मतदाता जागरूकता और चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने के लिए आयोजित की जा रही है। इन गतिविधियों का उद्देश्य चुनाव में सूचित, समावेशी व नैतिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। बूथ स्तर के नोडल अधिकारी (बीएलओ) को हर महीने के पहले शनिवार को अपने मतदान केंद्र पर चुनाव पाठशाला को प्रभावी ढंग से चलाने और उसकी निगरानी करने के लिए नामित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### नीतीश कुमार की चित्रकारी सबसे उम्दा

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलसिंडी जिला मंडी में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक मंडी द्वारा चलाए गए नशा विरोधी अभियान के तहत शिक्षा उपनिदेशक उच्चतम जिला मंडी के दिशा-निर्देशानुसार विद्यालय के प्रहरी क्लब की प्रभारी वीना ठाकुर के नेतृत्व में नशा कारण और निवारण विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के कला अध्यापक अनिल कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा नवमी से कक्षा 12वीं के 18 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और चित्रों के माध्यम से नशे के कारण और इसकी रोकथाम बारे अपने विचार प्रकट किए। इस चित्रकला प्रतियोगिता में नीतीश कुमार कक्षा ग्यारहवीं के छात्र ने प्रथम स्थान जबकि दिव्यांश कक्षा नवमी ने द्वितीय स्थान जबकि रिश्ता कक्षा 11वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बेली राम ठाकुर ने चित्रकला प्रतियोगिता का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों द्वारा नशा कारण और निवारण पर चित्रित कला की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया।

### सरस्वतीनगर कॉलेज में एटीसी-184 शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुब्बल।** एचपी बटालियन आठ एनसीसी रामपुर बुशहर के कमांडिंग आफिसर कर्नल एनजेएस सिद्धू के नेतृत्व में लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वतीनगर में एटीसी-184 शिविर का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। जिसमें कमांडिग आफिसर के अलावा लें. कर्नल विपिन सरकैक ए एन एन ओ जे बी जे, एन सी ओ के साथ जिला कूल्लू किन्नौर व शिमला के दो महाविद्यालय व 15 विद्यालय के 402 कैडेट भाग ले रहे हैं। कमाडिंग आफिसर ने शिविर के शुभारभ अवसर पर एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एनसीसी के लाभ एवं चरित्र निर्माण अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता के बारे में कैडेट को अवगत करवाया। कैडेट को राष्ट्र निर्माण के विकास में भागीदार होने के लिए प्रेरित व जागरूक किया। इस शिविर में कैडेट को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जिसमें हथियार चलाना, मैप रिडिंग ड्रील, माक ड्रिल, टैंट चिंचिग फायर फाईटिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता और योग अभ्यास आदि क्रियाओं को सिखाया जाएगा।

### समर कैंप को लेकर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय महाविद्यालय चयल कोटी में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सौजन्य से कमाल का कैंप- समर कैंपेन 2025 पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा है कि कॉलेज के विद्यार्थी 20 मई से 20 जून के मध्य अपने आस-पड़ोस बच्चों के साथ इस तरह का समर कैंप आयोजित करेंगे। प्रदेश में सामुदायिक स्तर पर मई और जून के दौरान आयोजित समर कैंप में 5वीं से 8वीं कक्षाओं के बच्चों के साथ बुनियादी गणित पर ज्यादा फोकस होगा। इस कैंपेन में स्वयंसेवकों द्वारा पांच सप्ताह तक प्रतिदिन एक से दो घंटे तक अपने आस-पड़ोस के बच्चों के साथ स्थानीय मान, जोड़, घटाव, गुणा और भाग जैसी मूलभूत संक्रियाओं पर काम किया जाएगा।

### चुनावी साक्षरता लाने के लिए चलेगा अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी, 65-जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र ने बताया है कि भारत के चुनाव आयोग के एसवीईईपी (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) कार्यक्रम के तहत निर्वाचन क्षेत्र के भीतर बूथ स्तर और सभी सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों (कक्षा 11,12) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) और कॉलेजों में चुनाव पाठशाला और चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) के तहत जागरूकता गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी। खासकर पहली बार मतदाताओं और युवाओं के बीच यह पहल मतदाता जागरूकता और चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने के लिए आयोजित की जा रही है। इन गतिविधियों का उद्देश्य चुनावों में सूचित, समावेशी और नैतिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। बूथ स्तर के नोडल अधिकारी (बीएलओ) को हर महीने के पहले शनिवार को अपने मतदान केंद्र पर चुनाव पाठशाला को प्रभावी ढंग से चलाने और उसकी निगरानी करने के लिए नामित किया गया है ताकि स्थानीय समुदाय के सदस्यों को रोचक गतिविधियों और व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से शामिल किया जा सके। चुनाव पाठशाला के माध्यम से, भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य सभी आयु वर्ग के मतदाताओं के बीच चुनावी भागीदारी की संस्कृति को मजबूत करना है। शैक्षणिक संस्थान यानी सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों (कक्षा 11, 12), आईटीआई , कॉलेजों आदि में गठित चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी द्वारा हर महीने के तीसरे शनिवार को ईएलसी गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

## एंबुलेंस सेवा विवाद : जिला प्रभारी ने आरोपों को बताया भ्रामक

# पेनडाउन स्ट्राइक असामाजिक तत्वों की साजिश : राहुल

शुभम राही, बिलासपुर

- संगठन की छवि बिगाड़ने का लगाया आरोप
- कहा-कर्मचारी की सेवा समाप्ति नहीं की मनमाने ढंग से

108 और 102 राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा के जिला प्रभारी राहुल वर्मा ने हाल ही में कर्मचारियों के बीच उपजे असंतोष और पेनडाउन स्ट्राइक को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व संगठन की छवि धूमिल करने की नीयत से भ्रामक प्रचार कर रहे हैं और कर्मचारियों को गुमराह कर रहे हैं।

प्रभारी वर्मा ने स्पष्ट किया कि कुछ कर्मचारियों को डराकर और बहकाकर हड़ताल जैसे कठोर कदम उठाने को मजबूर किया गया, जबकि वास्तव में स्थिति वैसी नहीं है जैसा कि प्रचारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करना न केवल अनैतिक है, बल्कि यह न्यायालय की अवमानना के दायरे में भी आता है। उन्होंने जानकारी दी कि मेडस्वान फाउंडेशन द्वारा सभी कर्मचारियों को माननीय न्यायालय के अंतरिम आदेशों के अनुसार 15,032 रुपए प्रति माह वेतन प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन आदेशों का हवाला दिया जा रहा है, वे उस समय के हैं जब मेडस्वान फाउंडेशन सेवा संचालन में नहीं थी।

वर्तमान में फाउंडेशन ने एनएचएम और राज्य सरकार के साथ नए अनुबंध के तहत संचालन शुरू किया है, और सभी कर्मचारियों को नियम, शर्तों और वेतन संरचना की पूरी जानकारी देकर ही नियुक्त किया गया है। राहुल वर्मा ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि किसी भी कर्मचारी की सेवा समाप्ति मनमाने ढंग से नहीं की गई है।

केवल उन्हीं कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है जो गंभीर दुराचार में लिप्त पाए गए और जिन्हें कई बार सुधार का अवसर भी दिया गया था। इन सभी मामलों का पूर्ण दस्तावेजी रिकॉर्ड संस्था के पास मौजूद है। महिला कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार के आरोपों को उन्होंने पूरी तरह से बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण करार दिया। उन्होंने बताया कि जब कुछ कर्मचारियों ने जानबूझकर केस क्लोजिंग प्रक्रिया को बाधित किया, तब सेवा को बनाए रखने हेतु जिला प्रबंधकों ने फील्ड में जाकर दस्तावेजों की पुष्टि की। यह कार्य केवल सेवा संचालन की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया, और इसमें किसी प्रकार की व्यक्तिगत सीमा का उल्लंघन नहीं हुआ।

राहुल ने अंत में कहा कि संगठन पारदर्शिता और नियमों के साथ कार्य कर रहा है, और दुर्भावनापूर्ण आरोपों के माध्यम से न केवल संस्था को बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### घुमारवीं बाजार में बंदूक की दुकान होना चिंतनीय

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सामाजिक संस्था संवेदना की ओर से शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक बिलासपुर को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन भेजा गया जिसमें घुमारवीं बाजार के बीचोंबीच स्थित बंदूक की दुकान को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। संस्था का कहना है कि बाजार के बीच में स्थित यह दुकान पूरे बाजार क्षेत्र के लिए एक संभावित खतरा बन चुकी है।

ज्ञापन में बताया गया कि यह दुकान अत्यंत संवेदनशील स्थान पर स्थित है, जहां ठीक साथ ही हिमाचल पथ परिवहन निगम का तेल डिपो भी मौजूद है। इसी रास्ते से सैकड़ों लोग रोजाना तहसील कार्यालय, बस स्टैंड, और अन्य सरकारी संस्थानों की ओर जाते हैं। विशेषकर, स्कूल जाने वाले बच्चों और बस स्टैंड के पासआवाजाही बनी रहती है। संवेदना संस्था ने चेताया है कि यदि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना या अनहोनी घटती है, तो उससे न केवल जानमाल की क्षति हो सकती है बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हो सकती है।

# मिनर्वा स्कूल के तीन बच्चों ने टॉप टेन में बनाई जगह





अनंत ज्ञान, घुमारवीं

मिनर्वा स्कूल घुमारवीं का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। परीक्षा परिणाम में जहां 3 छात्रों में बोर्ड की टॉप टेन सूची में जगह बनाई वहीं 44 विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्होंने 95 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर स्कूल व अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। पाठशाला प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं के परीक्षा परिणाम में स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा। 44 बच्चों ने 95 व 102 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

### हिमाचल स्कूल झंडूता का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** हिमाचल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल झंडूता का दसवीं का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। दसवीं की कक्षा के 28 नन्हे सितारों ने परीक्षा में शानदार अंकों के साथ सफलता हासिल कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया जिसमें सृष्टि कश्यप 682 अंक लेकर पहले स्थान पर,सिमरन 658 अंक लेकर दूसरे स्थान पर तथा सिया गुलेरिया 656 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहीं। स्कूल की प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने सभी 28 छात्रों को मिठाई खिलाकर उनका हौंसला बढ़ाया।

### दर्दनाक सड़क हादसे में घायल हुए शुभम की मौत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर पनोह के पास 12 मई को हुए सड़क हादसे में घायल शुभम कुमार की एम्स बिलासपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। शुभम कुड़ाणी का रहने वाला था और बीड़ बिलिंग की ओर जा रहे दो मोटरसाइकिल सवारों की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसा उस समय हुआ जब राहुल अपनी मित्र शीतल राणा के साथ मोटरसाइकिल पर बीड़ बिलिंग जा रहा था। विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के चालक ने अचानक यू-टर्न लेते हुए उनकी बाइक के सामने वाहन घुमा दिया। टक्कर के कारण दोनों मोटरसाइकिल सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। पर्यटन एवं यातायात पुलिस थाना भगेड़ ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### डंगार पंचायत में भीषण आग से शेड जलकर राख

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** घुमारवीं उपमंडल की ग्राम पंचायत डंगार में रविवार दोपहर को भीषण आग लगने की घटना सामने आई। जिसमें मुंशी राम पुत्र बक्शी राम का लकड़ी का शेड आंखों के सामने ही जलकर राख हो गया। घटना के समय मुंशी राम कार्यवश बाहर गए हुए थे, जबकि उनकी पत्नी और बेटी घर पर मौजूद थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर के समय अचानक शेड से धुआं उठने लगा और कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए आग की चपेट में आई भैंस को बाहर निकाला और दमकल विभाग को सूचित किया। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से शेड में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इसके अलावा, शेड के साथ बने कुमंत राज के मकान को भी नुकसान पहुंचा है, जिसमें एसी, गलेजो के शीशे तथा अन्य घरेलू सामान प्रभावित हुआ है। प्रशासन द्वारा घटना में लगभग चार लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### रंड़ोह दंगल के जुगराज बने विजेता



**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के रंड़ोह गांव में पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता छिंज का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में हिमाचल प्रदेश सहित पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, जम्मू और दिल्ली के नामी पहलवानों ने भाग लिया और अपने दमखम का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने शिरकत की। मुख्य मुकाबले में अजनाला के जुगराज पहलवान ने फाइनल में हरियाणा के हरदीप पहलवान को हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं छोटी माली की कुश्ती कपूरथला के सुनील पहलवान और तरनतारन के शेरू पती पहलवान के बीच लड़ी गई, जिसमें सुनील विजेता रहे। मुख्यातिथि राजेंद्र गर्ग ने कहा, 'छिंज, मेले और त्योहार हमारी सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक हैं। इन्हें संरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है।' इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष सुरेश ठाकुर और आयोजन समिति के सदस्य ठाकुर दास, शंकर दास सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### बिलासपुर में सब्जी विक्रेता पर जानलेवा हमला

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के पास बामटा चौक पर एक सब्जी विक्रेता पर दो युवाओं द्वारा जानलेवा हमला किया गया। 28 वर्षीय आशीष कुमार ने पुलिस को बताया कि जब वह सब्जी बेचने के बाद घर जा रहा था, तो अजय और उसके साथी ने उस पर तलवार और रॉड से हमला कर दिया। हमले में आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आशीष ने बताया कि अजय ने उसके सिर पर तलवार से वार किया, जिससे वह अपने आप को बचाने के लिए सिर झुका लिया, लेकिन वार उसके बाएं कान और गर्दन पर लग गया। पुलिस ने आशीष की शिकायत पर मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली 'तिरंगा यात्रा'





तिरंगा यात्रा निकालने के दौरान विधायक जम्वाल व साथ हैं अन्य।

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में शुक्रवार को बिलासपुर में 'तिरंगा यात्रा' निकाली गई।

सदर मंडल भाजपा के बैनर तले निकाली गई इस यात्रा में सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल, पूर्व सांसद सुरेश चंदेल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान, सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष विमला देवी व नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम ने विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। शहीद स्मारक में 'तिरंगा यात्रा' को संबोधित करते हुए त्रिलोक जम्वाल व अन्य वक्ताओं ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था।

उसके बाद भारतीय सेना ने सुनियोजित ढंग से पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। 100 से अधिक खूंखार आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया गया। अपनी इस जवाबी कार्रवाई से भारत ने यह संदेश बखूबी दे दिया कि देश के दुश्मन चाहे कहीं भी छिप जाएं, भारत के जांबाज सैनिक उन्हें उनके किए की सजा देकर रहेंगे।

**आगाज** डीसी राहुल कुमार ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

# प्राकृतिक गेहूं की खरीद प्रक्रिया का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, बिलासपुर



मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किए जाने के बाद जिला बिलासपुर में प्राकृतिक गेहूं की खरीद प्रक्रिया का शुभारंभ हो गया है। यह पहल कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के तहत हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के सहयोग से शुरू की गई है। पहले दिन यह खरीद घुमारवीं और बिलासपुर केंद्रों में आरंभ हुई। उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बिलासपुर स्थित खरीद केंद्र का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर किसानों से संवाद भी किया।

उन्होंने किसानों के अनुभव जाने और जिला में अन्य किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने को कहा। डीसी ने बताया कि हिमाचल सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। अब तक 8,000 से अधिक किसान जिले में प्राकृतिक खेती अपना चुके हैं, जिनमें से 4,800 किसान केंद्र सरकार के सितारा पोर्टल पर पंजीकृत हैं और पूरी तरह प्राकृतिक खेती के मानकों को पूरा करते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार 100 से अधिक किसानों ने प्राकृतिक गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण करवाया है और पहले दिन 17 किसानों से 22 क्विंटल से अधिक गेहूं की खरीद विभाग द्वारा की गई है। विभाग को अनुमान है कि इस बार लगभग 7.8 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जाएगी। खरीद केंद्र में उपायुक्त ने गेहूं की गुणवत्ता जांचने के लिए मॉइश्चर मीटर के माध्यम से किए जा रहे परीक्षण का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी देखा और अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से हो तथा किसानों को कोई असुविधा न हो।

डीसी ने कहा कि हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किए गए हैं, जिसके अंतर्गत प्राकृतिक गेहूं का मूल्य 40 रुपए से बढ़ाकर 60 रुपए प्रति किलो, मक्की का मूल्य 30 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति किलो और कच्ची हल्दी का न्यूनतम समर्थन मूल्य 90 रुपए प्रति किलो निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कदम किसानों की आय बढ़ाने और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

### आसमानी बिजली गिरने से फर्नीचर इंडस्ट्री जलकर राख

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** स्वारघाट के तहत आने वाली ग्राम पंचायत री के डडवाल गांव में गत देर रात एक बड़ा हादसा हुआ। पुराने चंडीगढ़–मनाली नेशनल हाईवे के साथ सटी फर्नीचर इंडस्ट्री पर आसमानी बिजली गिरने से वह बुरी तरह से जलकर राख हो गई। इस घटना में फर्नीचर इंडस्ट्री के मालिक रमेश चंद को 15 से 20 लाख का नुकसान हुआ है। घटना देर रात करीब साढ़े दस बजे हुई जब बारिश और तूफान के साथ आसमानी बिजली चमक रही थी। स्थानीय लोगों, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फर्नीचर इंडस्ट्री के मालिक रमेश चंद ने बताया कि पिछली रात जब बारिश, तूफान और आसमानी बिजली चमक रही थी, तो इस दौरान करीब साढ़े दस बजे आसमानी बिजली इंडस्ट्री की बिल्डिंग पर गिरी, जिससे इंडस्ट्री में आग लग गई। उन्होंने कहा कि गनीमत यह रही कि उस दौरान बिजली नहीं थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

## न्यूज ब्रीफ

### सोमल शर्मा ने हासिल किए 632 अंक

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा सीनियर सेकेंडरी स्कूल होली का दसवीं का वार्षिक परिणाम 95 प्रतिशत रहा। सीनियर सेकेंडरी स्कूल होली में परीक्षा में कुल 42 विद्यार्थी बैठे थे, जिनमें से 40 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के दसवीं कक्षा के वार्षिक परिणाम में सोमिल शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 700 में से 632 अंकों के साथ 90.28 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। द्वितीय स्थान पर पूर्णिमा ने 700 में से 586 अंक हासिल किए तथा 700 में से 582 अंक प्राप्त कर अंकित ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने समस्त विद्यार्थियों ,अध्यापकों तथा अभिभावकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई संदेश दिया तथा उन मेधावी छात्रों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### छात्रों को बताए मोबाइल फोन के दुष्परिणाम

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** योग मानव विकास ट्रस्ट, बनीखेत द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुदली में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को अत्यधिक मोबाइल फोन के प्रयोग तथा नशे की लत से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर ट्रस्ट के ट्रस्टी कुलदीप सिंह एवं राहुल कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। साथ ही उन्होंने नशे की लत के खतरों और इससे जुड़ी सामाजिक बुराइयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

### कबड्डी मैट मुहैया करने के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** लोथल पंचायत के पूर्व वार्ड पंच एवं अध्यक्ष ग्राम सुधार समिति चूड़ी संजय राजपूत ने एनएचपीसी स्टेज 3 से पंचायत के गांव के खिलाड़ियों के लिए कबड्डी मैच और क्रिकेट किट मुहैया करने की मांग उपायुक्त चंबा से की है। उपायुक्त चंबा ने भी एनएचपीसी के प्रबंधन को तुरंत स्कूल के लिए कबड्डी मैट और यूथ क्लब के लिए क्रिकेट किट मुहैया करवाने के आदेश दिए हैं।

### पीएमश्री स्कूल रायपुर का परिणाम सराहनीय

**बबलू पठानिया, चंबा।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर (जिला चंबा) ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में 77.50 सफलता दर के साथ एक सराहनीय उपलब्धि दर्ज की है। प्रधानाचार्या राजकुमारी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ परीक्षा का परिणाम नहीं, यह रायपुर स्कूल की प्रतिबद्धता, अनुशासन और समर्पण की तस्वीर है। हमारे विद्यार्थी कठिन परिस्थितियों में भी डटे रहे और आज उनका परिश्रम रंग लाया है। प्रथम स्थान में युवराज- 635 अंक, द्वितीय स्थान रितिका 599 व तृतीय स्थान पीयूष कपूर 571 अंक प्राप्त किए। (अनंत ज्ञान)

### हैंडबाल प्रतियोगिता का खिताब मंडी के नाम

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** वरिष्ठ महिला वर्ग की 32वीं राज्य स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता का खिताब मंडी ने अपने नाम कर लिया। महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय के खेल मैदान में हुई प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मंडी ने बिलासपुर को 11 के मुकाबले 17 गोलों के अंतर से शानदार जीत दर्ज की। फाइनल मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बिलासपुर की पलक को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। समापन समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हिमाचल प्रदेश हैंडबाल एसोसिएशन के महासचिव नंद किशोर शर्मा ने विजेता और उप विजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर पुरस्कृत किया। वहीं तीसरे और चौथे स्थान के लिए हुए मैच में शिमला ने सिरमौर को 15-14 के अंतर से हरा दिया। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर गुजरात के भुज में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश की टीम का चयन भी किया गया।

### माप-तोल संबंधी कानूनों की दी जानकारी

**भीम बसेड़, महादेव ( मंडी)।** रोहांडा गांव में व्यापार मंडल महादेव की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रधान प्रकाश चंद गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा जयदेवी के प्रबंधक अजय ठाकुर सहित मंडी के चीफ प्रबंधक अनुराग वर्मा, विवेक म्यूचुअल फंड राजेश कुमार, मंडी से ही जतिन शर्मा, सौरभ एस बी आई लाईफ अभिषेक एसबीआई लाईफ द्वारा उपस्थित लगभग 120 व्यापारियों को छोटी -बड़ी स्कीमों की जानकारी दी। इसके साथ ही माप-तोल विभाग के इंस्पेक्टर अक्षय कुमार, सुमन ठाकुर, परमदेव आदि ने माप-तोल संबंधी कायदे कानूनों की जानकारी प्रदान की। (अनंत ज्ञान)

### कन्या स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुंदर नगर में दसवीं कक्षा कापरीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की तीन मेधावी छात्राओं - सिमरन कुमारी, राधिका और अंशिका ने क्रमशः 95 , 94.5 और 92 अंक प्राप्त कर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। इन छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय की प्रधानाचार्या, गुरुजनों और माता-पिता को दिया। प्रधानाचार्या चंपा ठाकुर ने इन मेधावी छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित कर सभी अध्यापकों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### संधोल से अब तक बने 300 शेयर होल्डर्स

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** किसान उत्पादक संघ-धर्मपुर ने आज संधोल एरिया का जनरल हाऊस जनता सराय संधोल में मोहनलाल भरमौरिया की अध्यक्षता में आयोजित किया। जिसमें एफ़पीओ के सचिव भूपेंद्र सिंह सहसचिव सुरेश ठाकुर और वर्किंग कमेटी सदस्य करतार सिंह चौहान ने विशेष तौर पर भाग लिया। सर्वप्रथम हाऊस में गत वर्ष की सांगठनिक और वित्त रिपोर्ट पेश की गई। जिसके तहत संधोल क्षेत्र अब तक 300 शेयर होल्डर्स बन गए हैं और एक महिला ऐग्रो प्रोसेसिंग सेंटर रजिस्टर्ड हो गया है जिसके माध्यम से विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार किये जायेंगे। उत्पादों की बिक्री के लिए एक बिक्री केंद्र भी स्थापित किया गया है जिसके माध्यम से विभिन्न प्रकार के एफ़पीओ उत्पाद बेचे जा रहे हैं।

# वर्षों से अधूरा पड़ा सेरी नाला पुल का निर्माण कार्य लोगों के लिए बना समस्या

## जनसहयोग से दूसरा पुल हो चुका तैयार, कछुए की चाल से चला है सेरी पुल का काम

**हाशू शेख चुराह, चंबा**

**जिला** चंबा की ग्राम पंचायत शलेला बाड़ी के अंतर्गत आने वाला सेरी नाला पुल वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है और अब यह जनता के लिए गंभीर समस्या बन चुका है। लगभग 3 से 4 वर्षों से इस पुल का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन हर बार निर्माण अधूरा रह जाता है या फिर बना हुआ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाता है।



सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इसी पुल से मात्र 5 मीटर की दूरी पर जनसहयोग और स्थानीय प्रयासों से एक दूसरा पुल पूर्ण रूप से तैयार हो चुका है, जबकि सेरी नाला पुल की गति अब भी कछुए की चाल से चल रही है। विकास खंड अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि हमें इस पुल की स्थिति की जानकारी मिली है और मैंने तुरंत स्थानीय जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिए हैं कि कार्य में तेजी लाई जाए। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो सख्त कदम उठाए जाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार विभाग और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब जनता का धैर्य जवाब दे रहा है। 'अगर अब भी यह कार्य पूरा नहीं होता है तो हम मुख्यमंत्री से सीधे शिकायत करेंगे, एक स्थानीय निवासी ने नाराजगी जताते हुए कहा। (अनंत ज्ञान)

### अधूरे पुल की वजह से लोगों को होती परेशानी

**इस** पुल की स्थिति न केवल आवागमन में परेशानी का कारण बन रही है, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में यह बड़ा खतरा भी बन सकता है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को इस अधूरे पुल की वजह से खासा जोखिम उठाना पड़ता है। सेरी नाला पुल की यह स्थिति प्रशासन की निष्क्रियता और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता को उजागर करती है। जनता अब जागरूक है और यदि जल्द ही कार्य में गति नहीं आई, तो यह मामला बड़े स्तर पर उठाया जाएगा।

### दो पंचायतों में एक वाटरगार्ड, नहीं मिल रहा लोगों को पानी

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की पंचायत पटड़ीघाट व गुमहु आम्बलगलु में पिछले दो सप्ताह से दोनों पंचायतों के एक दर्जन गांव के लोग पानी को तरस रहे हैं, क्योंकि इन दोनों पंचायतों में आज कल जल शक्ति विभाग द्वारा एक ही जल रक्षक दिया है, जिस कारण एक दर्जन गांव में पानी की सप्लाई सही नहीं आ रही है। स्थानीय लोगों में पटड़ीघाट के प्रधान विधी चंद, गुमहु की प्रधान मीणा ठाकुर, उपप्रधान ग्राम पंचायत पटड़ीघाट वीरी सिंह, रोशन लाल, देश राज, हिमत राम, लुद्र दत्त, सुरेंद्र पाल, पूर्ण चंद, परषोतम चंद, खेम चंद, अमी चंद, बलदेव राज, हुक्म चंद, हेम राज, यसवंत, पुष्प राज, घनश्याम शर्मा, विद्यासागर, कालू, पूर्ण चंद आदि का कहना है कि पिछले लगभग दो सप्ताह से हमारे एक दर्जन गांव में एक ही जल रक्षक तैनात है। पिछले कुछ समय से यहां पर तीन जलरक्षक तैनात थे, परंतु पिछले दो सप्ताह से हमारे एक दर्जन गांवों में एक वाटरगार्ड ही तैनात हैं, जिस कारण लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

# हिमालय की गोद में छुपा चंबा, अब भारत के पर्यटन नक्शे पर चमकने को है तैयार

**आरके सहगल, चंबा**

**हाल** ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पर्यटन के नक्शे को नया मोड़ दे दिया है। सैलानी अब ऐसे स्थलों की ओर रुख कर रहे हैं, जो न सिर्फ प्राकृतिक रूप से समृद्ध हो, बल्कि पूरी तरह सुरक्षित और मानसिक शांति देने वाले भी हों। ऐसे समय में हिमाचल प्रदेश का चंबा जिला, अपने अविस्मरणीय सौंदर्य, गहन सांस्कृतिक विरासत और अभूतपूर्व शांति के साथ, देश और दुनिया के लिए एक नया पर्यटन स्वप्न बनकर उभर रहा है।

डलहौजी आज हिमाचल का लोकप्रिय गंतव्य बन चुका है, लेकिन यह चंबा की पूरी कहानी नहीं कहता। इसके आगे बसी चुराह घाटी, सलूणी, भरमौर, कुगती, पांगी घाटी और मणिमहेश जैसे स्थान वो धरोहर हैं जो आज भी अनछुए हैं – और यही उन्हें विशिष्ट बनाता है।

अब तक इस पूरे क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती रही है – संपर्क साधनों की कमी। लेकिन अब प्रस्तावित सुरंग परियोजनाएं, सड़क सुधार, हेलिपैड नेटवर्क और डिजिटल प्रचार अभियान इस कहानी को बदलने को तैयार हैं। जिस दिन ये योजनाएं धरातल पर उतरेंगी, चंबा पर्यटन के शीर्ष पर होगा।

राज्य सरकार, प्रशासन और स्थानीय नेतृत्व अगर मिलकर इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्रमोशन पर केंद्रित रणनीति अपनाएं, तो चंबा जल्द ही कश्मीर का शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुंदर विकल्प बन सकता है। चंबा अब केवल एक जिला नहीं, बल्कि एक संभावनाओं से भरा सपना है, जो प्रकृति, संस्कृति और शांति की तलाश में निकले हर यात्री का अगला ठिकाना बन सकता है। अगर कश्मीर स्वर्ग है, तो चंबा उसका शांत, अव्यवस्थित भीड़ से परे, सजीव और आत्मिक उत्तर है। (अनंत ज्ञान)

### जिले के इन स्थानों में घूमने का लें आनंद

**चुराह घाटी:** देवदार और चीड़ के सघन जंगलों के बीच बसा यह इलाका एक ऐसा प्राकृतिक चित्रपट है, जिसे देखना आत्मा को छू जाने जैसा अनुभव है।
**सलूणी:** जलप्रपातों की कलकल, घाटियों की हरियाली और शांति से भरी हवाएं इसे भीड़-भाड़ से दूर आत्मिक शांति का ठिकाना बनाती हैं।
पांगी और भरमौर: साहसिक पर्यटन के लिए उत्तम, यह ऊंचाइयां एडवेंचर लवर्स का स्वर्ग हैं।
**मणिमहेश:** धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर, कैलाश की प्रतिछाया जैसा अनुभव कराता है।
**खज्जियार और चंबा शहर:** एक ओर प्रकृति की गोद, तो दूसरी ओर ऐतिहासिक भित्तिचित्र, शिल्प और स्थापत्य – संस्कृति और कुदरत का आदर्श संगम।

# कंडी मिद्रा सड़क निर्माण में अनियमितताओं और लापरवाही की हो उच्च स्तरीय जांच

**ओपी शर्मा, भरमौर**

**कंडी** मिद्रा सड़क निर्माण में भारी अनियमितताओं व लापरवाही की उच्च स्तरीय जांच तथा दोषियों के विरुद्ध शीघ्र उचित कार्रवाई करने की शिकायत को लेकर एक जन प्रतिनिधिमंडल एडीएम भरमौर कुलवीर राणा से मिला। खनी वार्ड के जिला पार्षद अनिल ढकोग़ की अगुवाई में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि गत तीन वर्ष पूर्व इस सड़क के निर्माण के लिए लगभग नौ करोड़ रुपए की धनराशि नाबार्ड के तहत स्वीकृत हुई थी। इस सड़क के निर्माण के लिए एमसीसी कंपनी को कार्य आवंटित किया था, जिसकी कुल लंबाई लगभग छह किलोमीटर निर्धारित थी। जिसमें से तीन किलोमीटर सड़क घूरेठ तक पहले से ही निर्मित थी। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिलीभगत व लापरवाही के चलते पहले से ही निर्मित तीन किलोमीटर सड़क पर ही साढ़े छह करोड़ खर्च कर दिए व भुगतान ठेकेदार को कर दिया गया।

इस तीन किलोमीटर जिस पर साढ़े छह करोड़ रुपए खर्च हुए है,उसकी स्थिति भी ये है कि वहां अब भी कोई बड़ी गाड़ी नहीं पहुंच पा रही। जो यही दर्शाता है कि कार्य की गुणवत्ता व पारदर्शिता दोनों ही संदेह के घेरे में हैं। उन्होंने कहा कि इस सड़क के शेष तीन किलोमीटर बची सड़क के निर्माण के लिए स्थानीय ग्रामीणों व जन प्रतिनिधियों द्वारा निरंतर विभाग व ठेकेदार कंपनी से कार्य आरंभ करने की गुहार लगाई जाती रही है मगर न तो विभाग ने और न ही ठेकेदार कंपनी ने कोई कार्यवाही आज तक की है।

उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण की उच्च स्तरीय,निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच करवाई जाए तथा इस प्रकरण में ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाए । इस अनियमितता में संलिप्त सभी लोगों के खिलाफ करवाई की जाए,शेष बचे कार्य का पुन: टेंडर करवाया जाए तथा पहले किए गए कार्य की गुणवत्ता की तकनीकी जांच करवाई जाए। उन्होंने कहा कि आगामी 15 दिनों के भीतर इस गंभीर विषय पर ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है तो समस्त गांववासी आपके कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्वक धरना देंगे। (अनंत ज्ञान)

### पंजीकरण नहीं करवाया तो आश्रय देने वालों पर होगी एफआईआर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** अपराधिक घटनाओं में बाहर से आने वाले श्रमिकों व प्रवासी मजदूरों के जुड़े होने पर जिला प्रशासन के कड़े फरमानों बाद सरकाघाट पुलिस ने भी कड़ा संज्ञान लिया है। पुलिस ने कहा है कि सरकाघाट तहसील में राज्य से बाहर के आने वाले श्रमिकों को काम पर रखने वाले संबंधित ठेकेदार व्यापारी कृषक अथवा अन्य व्यक्तियों को ऐसे श्रमिकों के बारे में उनका पूर्ण बायो डाटा उनके फोटोग्राफ सहित संबंधित थाना में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही अस्थाई आश्रय लेकर रहने वाले तमाम रेहडी-फड़ी वाले व अनुबंध श्रमिकों को भी थाना में पंजीकरण करवाना आवश्यक होगा। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने बताया कि इन आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित प्रवासी श्रमिकों या उन्हें रोजगार देने वालों के विरुद्ध न सिर्फ कानूनी कार्रवाई की जाएगी, बल्कि उनके विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### कोहलड़ी स्कूल का रिजल्ट शानदार

**अनंत ज्ञान, कोहलड़ी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोहलड़ी ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। स्कूल ने 91 प्रतिशत का अभूतपूर्व सफलता प्रतिशत प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में गौरव की लहर दौड़ा दी है। इस शानदार उपलब्धि के साथ, 70 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षक वर्ग की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का जीवंत प्रमाण है।

### रावी में भूस्खलन से बनी कृत्रिम झील के खतरे पर चंबा में मेगा मॉकड्रिल आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्राकृतिक आपदाओं के दृष्टिगत त्वरित एवं प्रभावी आपातकालीन प्रतिक्रिया को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन चंबा की ओर से वीरवार को एक 'मेगा मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। यह अभ्यास उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मुकेश रेपसवाल की देखरेख में संपन्न हुआ। यह मॉकड्रिल उपमंडल भरमौर के खड़ामुख क्षेत्र में रावी नदी में भूस्खलन से बनी कृत्रिम झील के संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए की गई। इस परिकल्पित आपदा परिदृश्य में निचले क्षेत्रों में संभावित बाढ़ से निपटने के लिए राष्ट्रीय जल विद्युत परियोजना चमेरा चरण-III से संबंधित आपातकालीन प्रतिक्रिया, समन्वय तंत्र, बचाव कार्य और संसाधन तत्परता का गहन अभ्यास किया गया। अंससिडेंट कमांडर की भूमिका निभाई एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती ने मॉकड्रिल के दौरान एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती ने अंससिडेंट कमांडर की भूमिका निभाई। राष्ट्रीय जल विद्युत निगम (एनएचपीसी), सीआईएसएफ, पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण, खाद्य आपूर्ति, होमगार्ड्स तथा अन्य सभी विभागों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### ग्रीन फील्ड स्कूल के 48 छात्र प्रथम श्रेणी में पास



**अनंत ज्ञान, सिहुंता।** ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल सिहुंटा ने इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा परिणामों में अभूतपूर्व सफलता अर्जित की है। परीक्षा में सभी 48 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जो स्वयं में एक बड़ी उपलब्धि है। इनमें से 23 विद्यार्थियों ने 85 से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। प्रथम स्थान में मान्या शमा ने 685 अंक (97.87 ) अर्जित कर शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे स्थान पर जहान्वी शर्मा ने 682 अंक व तृतीय स्थान में ओजस्वी चौहान ने 679 अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### एसेंट स्कूल के अथर्व ने प्रदेश में पाया 9वां स्थान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एसेंट पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बृजमंडी का दसवीं कक्षा का परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के होनहार छात्र अथर्व राणा ने 688 अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में 9वां स्थान हासिल किया और स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं ने भी शानदार प्रदर्शन किया। श्रद्धा ने 680 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं वाणी ने 675 अंकों के साथ तीसरा स्थान पाया। चौथे स्थान पर प्रणव ने 674 अंक प्राप्त किए, जबकि जतिन ने 667 और अक्षत ने 665 अंकों के साथ क्रमशः पांचवां और छठा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक लकी ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

### नारा लेखन में ठाकुर आर्य प्रथम

**अनंत ज्ञान, पंडोह (मंडी)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाखली में नशा मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। कार्यकारी प्रधानाचार्य मनोहर शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की सोनाक्षी प्रथम और नौवीं की नेहा द्वितीय स्थान पर रही। चित्रकला प्रतियोगिता में कृतिका रावत प्रथम और लक्ष्मीकांत कक्षा नवम द्वितीय स्थान पर रहे। इसी तरह से नारा लेखन में आठवीं कक्षा के ठाकुर आर्य प्रथम स्थान पर रहे। इस मौके पर विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ और बीएड के प्रशिक्षु शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### पीयूष ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ किया टॉप

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा के वार्षिक परिणाम में निजी स्कूलों सरकारी स्कूलों को पछाड़ते हुए टॉप टैन में दबदबा कायम किया। पब्लिक सीसे स्कूल पंडोह का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। पीयूष ठाकुर ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र में टोप करते हुए अपना और स्कूल का नाम रौशन किया है। प्रधानाचार्य अमिता शर्मा ने बताया कि बच्चों ने खुब मेहनत करते हुए अच्छा परिणाम दिया है। उन्होंने कहा कि पीयूष ठाकुर टोप टैन सूची में अपना स्थान बनाया जबकि रिदिमा 95.1 के साथ द्वितीय और असीमा साही 95 के साथ तृतीय स्थान पर रही है। वहीं स्कूल के कुल 30 विद्यार्थियों में से 27 ने 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं जबकि 3 बच्चों ने 60 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। प्रबंधक प्रेमभूषण शर्मा ने पीयूष की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए पुरस्कार देने की घोषणा की है।

### सर्वोदय स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** 10वीं के परीक्षा परिणाम में पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अप्पर पण्डोह ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया। इस बार कक्षा 10वीं में 5 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक अंक, 3 विद्यार्थियों ने 80 से 90 के बीच, और 3 विद्यार्थियों ने 70 से 80 के बीच अंक प्राप्त किए हैं।रिषभ नेगी ने पहला, यश्विनी कश्यप ने दूसरा और गोपाल दास ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य खोविंद्रा, सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सूडोकु नवताल- 7432

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7431 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

शनिवार, 17 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** पंचमी (08:04): **नक्षत्र** स्वाति (06:17), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** ब्यतीपात (04:59), अभीजित (11:50-12:44)। **राहुकाल** (07:29-09:07)।

**विशेष दिन**

17 मई : भुवनेश्वरी मां का पाटोत्सव आज।

17 मई : विश्व दूरसंचार दिवस आज।

**मेषः** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृषः** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी।

**मिथुनः** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कर्क:** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंहः** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कन्याः** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**तुलाः** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी।

**वृश्चिकः** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे।

**धनुः** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मकरः** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ।

**कुंभः** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मीनः** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।


**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि0 प्र0 ।**

रचना कुमारी पुत्री सरन दास निवासी महाल छत्तरोली डा. जसूर तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ..वादी

**वनाम**

**आम जनता**

**प्रतिवादी (जन्म पंजीकरण )**

ईशतहार अखवार वावत आवेदन जन्म तिथी पंजीकरण ग्राम पंचायत छतरोली तहसील नूरपुर जिला काँगड़ा हि. प्र.

ईश्तेहार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया रचना कुमारी पुत्री सरन दास निवासी महाल छतरोली डा. जसूर तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि उसका जन्म दिनांक 05-12-1950 को ग्राम पंचायत छतरोली में हुआ था परन्तु उसकी जन्म तिथि 05-12-1950 ग्राम पंचायत छतरोली के रिकार्ड में अज्ञानतावश दर्ज न हो सकी है। अतः उसकी जन्म तिथि को ग्राम पंचायत छतरोली में दर्ज करने के आदेश पारित किये जावे ।

प्रतिवादी आम व खास जनता को इस अनंत ज्ञान द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रार्थी के आवेदन पर अपना कोई एतराज पेश करना चाहता हो, तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 12-06-2025 को पेश कर सकता हैं। एतराज पेश न होने की सूरत में आदेश जन्म तिथी पंजीकरण जारी कर दिए जाएंगे। आज दिनांक 16-5-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र.।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत डमली**
**विकास खंड झंडूता जिला बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत डमली में विकास कार्यों के निष्पादन हेतु वर्ष 2025 2026 के लिए निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। सामग्री विक्रेताओं से अनुरोध है, कि जिसके पास अपना PAN व GST CERTIFICATE है व निविदा डाक द्वारा दिनांक 23/05/2025 को ग्राम पंचायत डमली के कार्यालय में शाम 05:00 बजे तक पहुँच जानी चाहिए। निविदायें दिनांक 24/05/2025 को सुबह 11:00 बजे [illegible] निविदा आमंत्रित करने हेतु सामग्री विवरण निम्न प्रकार से है :- [illegible] क्रेशर ( 10MM, 20MM, 40MM) प्रति घन मीटर, 3.बोल्डर [illegible] 5. ईंट (bricks) 2nd class प्रति ईंट, 6. सीमेंट ढुलाई [illegible] व प्रति बैग लोडिंग व अनलोडिंग, 7. JCB कार्य प्रति घंटा, 8. [illegible] प्लेट, 10. सेंट्रिंग स्लैब प्रति फुट, 11. सेंट्रिंग (सड़क व रास्तो की [illegible]) सहित ) प्रति दिन, 13. साइन बोर्ड 3x2 प्रति बोर्ड

अनिवार्य शर्तें :- 1) निविदा दाता के पास अपना पैन कार्ड, आधार [illegible] NO की कॉपी निविदा के साथ लगाना अनिवार्य हैं।, 2) निविदा [illegible] तक जहाँ ट्रेक्टर जा सके पहुंचाना होगा।, 3) कुटेशन में दी गई [illegible] स्थल तक मानी जायेगी।, 4) स्वीकृत वेंडर की सप्लाई आदेश [illegible] पर पहुंचानी अनिवाय होगी अन्यथा निविदा बिना सूचना किये [illegible] दिनांक, प्रति इकाई दर बिना हस्ताक्षर कटी-फटी या OVER [illegible] रदद करने का पूर्ण अधिकार कमेटी का होगा। 6) निविदादाता [illegible] बजे पंचायत कार्यालय डमली में उपस्थित होना होगा, अन्यथा [illegible] निविदा दाता को M FORM बिल के साथ पंचायत कार्यालय [illegible] जायेगी। 8) निविदा दाता निवदा के साथ धरोहर राशि (2500 [illegible]) के नाम बंधित (PLEDGE) FDR गहित निविदा जमा करवायेंगे [illegible] तक ही मान्य होगी।

**प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत डमली**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बराड़ा**
**विकास खण्ड बमसन ( टौणी देवी), जिला हमीरपुर ( हि. प्र.)**
**विषय : निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 (01/04/2025 से 31/03/2026) तक [illegible] दरिया रेता, धुला रेता (प्रतिघनमी0), क्रेशर बजरी (10,20mm) [illegible] पेवर ब्लाक 40, 60, 80mm ( ISI मार्क) लोडिंग व् अनलोडिंग [illegible] 6*8*16, 8*8*16, रास्ता, डंगा व् भवन निर्माण हेतु शटरिंग [illegible] / हार्ड प्रति घन मीटर, सीमेंट किराया पंजोत से प्रति बैग लेबर सहित [illegible] mule/ दूरी 100,200,300,500 मीटर व् 1 किलोमीटर तक [illegible] किलोमीटर व प्रति घनमीटर। Rcc Hume पाईप विद कॉलर 300, [illegible] स्लोगन सहित 2*3, 3 * 4 फुट प्रति वर्ग फुट, मिक्सचर किराया [illegible] सामग्री की खरीद की जानी है। सभी निविदाएँ 31-05-2025 (शनिवार) [illegible] कार्यालय में पहुँचाई जा सकती हैं। निविदाएँ दिनांक 02-06-2025 [illegible] बजे खोली जाएगी। निविदा के साथ फार्म का G.S.T TO,ISI मार्क [illegible] होगी। बिल के साथ M फ़ार्म देना अनिवार्य होगा, जिस सामग्री की [illegible] बहार लिखना होगा। नियमानुसार tax कि कटौती की जायेगी । [illegible] होगा।

**प्रधान/ सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत बराड़ा**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बल्ह-बिहाल**
**विकास खण्ड बिझडी, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

आज दिनांक 13/05/2025 को ग्राम पंचायत बल्ह विहाल की बैठक प्रधान / उप-प्रधान श्री /श्रीमती कमलेश कुमारी जी की अध्यक्षता में शुरू हुई। उपस्थिति 9/9 रही। जिसमें बैठक में निम्नलिखित कार्यवाही अमल में लाई गई । बैठक में प्रधान महोदय ने प्रस्ताव रखा कि वित्त वर्ष 2025-26 में पंचायत द्वारा करवाए जाने वाले विकास कार्यों के लिए सप्लायरों से निविदायें ली जानी है जिसमें रेता धुला, रेता क्रेशर डस्ट, बजरी ईंट, कट स्टोन, शटरिंग, बोर्ड लिखाई व सीमेंट ढुलाई इत्यादि सामग्री खरीद की ली जानी है। निविदाएँ दिनांक 24/05/2025 तक प्राप्त होनी है तथा दिनांक 26/05/2025 समय 11AM निर्धारित है। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रचार किया जाये। प्रस्ताव पर चर्चा की गयी तथा प्रस्ताव बैठक में सर्व-सम्मति से पारित हुआ ।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बल्ह-बिहाल**
**विकास खण्ड बिझडी, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत वतराहन**
**विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि पंचायत द्वारा 2025-26 विकास कार्यों में प्रयोग की जाने वाली सामग्री हेतु आपूर्तिकर्ताओं से निविदाएं आमंत्रित करना आवश्यक है। अतः पंचायत इस प्रस्ताव को पारित करके निर्णय करती है । **विवरण इस प्रकार से है:-**

| क्र. | विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | क्रेशर बजरी | @1Cum³ |
| 2. | क्रेशर रेता | @1Cum³ |
| 3. | क्रेशर पत्थर | @1Cum³ |
| 4. | सोलिंग पत्थर | @1Cum³ |
| 5. | पत्थर लोकल | @1Cum³ |
| 6. | रेता लोकल | @1Cum³ |
| 7. | बजरी लोकल | @1Cum³ |
| 8. | सरिया 8,10 एमएम | प्रति किलोग्राम |
| 9. | ईंट साईज अनुसार 1000 | प्रति ईंट |
| 10. | इंटरलॉक टाईल साईज अनुसार | |
| 11. | शटरिंग लकड़ी | प्रति वर्ग फुट |
| 12. | पानी टैंक | प्रति टैंक |
| 13. | मिक्चर मशीन | प्रति दिन |
| 14. | बोर्ड लिखाई | प्रति बोर्ड |
| 15. | जेसीबी | प्रति घंटा |
| 16. | बैंच लोहा | प्रति नं. |
| 17. | सीमेंट किराया | प्रति बैग |
| 18. | वाटर कूलर फिटिंग सहित साईज अनुसार | प्रति नं. 1 |
| 19. | सोलर लाईट फिटिंग सहित साईज अनुसार | प्रति नं. 1 |
| 20. | शटरिंग लोहा | प्रति वर्ग फुट |
| 21. | फ्लोर टाईल साईज अनुसार | प्रति नं. |
| 22. | सीमेंट बैंच | प्रति नं. |

आपूर्तिकर्ता से अनुरोध है कि दिनांक 22.05.2025 तक शाम 5.00 बजे तक निविदाएं पंजीकृत बंद लिफाफे में डाक द्वारा कार्यालय ग्राम पंचायत वतराहन में जमा करवा सकते हैं। आपूर्तिकर्ता के पास जीएसटी नं. होना जरूरी है तथा सप्लाई की जानी वाली सामग्री की दरें हि.प्र. सरकार द्वारा निर्धारित दरों से अधिक नहीं चाहिए। चयनित आपूर्तिकर्ता को पंचायत के पास 50000/-रु. की धरोहर चेक राशि जमा करनी होगी। ग्राम पंचायत द्वारा गठित कमेटी द्वारा दिनांक 23.05.2025 को निविदाएं खोली जाएंगी तथा कमेटी का निविदाएं चयन में अंतिम होगा। केवल डब्ल्यू और एक्स फार्म के साथ सामग्री देनी होगी

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत वतराहन**
**विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

जिन्हें अपने देश से प्रेम है, उन्हें किसी भी बलिदान से पीछे नहीं हटना चाहिए।
-चंद्रशेखर आजाद

## संपादकीय

# हिमाचल में बढ़ता अपराध

हिमाचल प्रदेश में अपराधों का ग्राफ दिनोंदिन बढ़ना चिंताजनक है। राजधानी शिमला में एक शख्स ने पत्नी की हत्या कर शव आंगन में गड्ढा खोकर जलाने का प्रयास किया। हालांकि, इस तरह की वारदात हिमाचल में कम ही देखने को मिलती है, लेकिन यह घिनौना कृत्य और लोगों को ऐसा ही अपराध करने की प्रेरणा देता है। हिमाचल की शांत वादियों में अपराध का जहर न जाने कैसे घुल रहा है? हिमाचल प्रदेश, जिसे 'देवभूमि' कहा जाता है, अपनी शांति, प्राकृतिक सुंदरता और सौहार्दपूर्ण जीवनशैली के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में यहां की तस्वीर धीरे-धीरे बदलती दिख रही है। अपराध के बढ़ते ग्राफ, जो कभी बड़े शहरों की समस्या माने जाते थे, अब पहाड़ी राज्यों को भी अपनी चपेट में ले रहे हैं। शिमला में घटित इस वीभत्स घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस प्रकार की घटनाएं संवेदनशील समाज को आहत करती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्टों से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश में घरेलू हिंसा, हत्या, बलात्कार, साइबर अपराध और नशे से संबंधित अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है।

हालांकि, संख्या में ये दिल्ली, उत्तर प्रदेश या महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों के मुकाबले कम हैं, परंतु राज्य की आबादी, भौगोलिक बनावट और सामाजिक संरचना को देखते हुए यह संकेत चिंताजनक हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि हिंसा की ये घटनाएं अक्सर पारिवारिक कलह, मानसिक अस्थिरता, बेरोजगारी और नशे की लत जैसी समस्याओं से उपजती हैं। आधुनिक संचार माध्यमों ने समाज को नई दिशा दी है, लेकिन उनके नकारात्मक प्रभावों को भी नकारा नहीं जा सकता। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हिंसात्मक और आपराधिक सामग्री की उपलब्धता, अपराध को महिमा मंडित करने वाली फिल्में और वेब सीरीज और अपराधियों को नायक की तरह पेश करने वाले कार्यक्रम युवा वर्ग को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर जब बार-बार अपराध को स्टाइल या बहादुरी के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, तो असामाजिक प्रवृत्तियों वाले लोग प्रेरणा लेने लगते हैं। युवाओं के मन में यह धारणा बन जाती है कि कानून की पकड़ कमजोर है और अपराध करके वे चर्चा में आ सकते हैं।

पहाड़ी क्षेत्रों में रोजगार के सीमित अवसर, बढ़ती महंगाई और युवाओं का शहरों की ओर पलायन अपराध की प्रवृत्ति को जन्म दे रहा है। आर्थिक दबाव के कारण कई लोग अवैध गतिविधियों की ओर झुकने लगे हैं। चिट्टा, अफीम और शराब जैसी नशीली चीजों की खपत और तस्करी बढ़ रही हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में पंजाब और उत्तराखंड के रास्ते से ड्रग्स की आवक चिंता का विषय है। डिजिटल साक्षरता की कमी और ऑनलाइन ठगी की बढ़ती घटनाएं भी राज्य में अपराध के ग्राफ को बढ़ा रही हैं। बदलते सामाजिक मूल्यों और शहरीकरण के चलते संयुक्त परिवारों का विघटन हुआ है। अकेलापन, अवसाद और मानसिक रोग अपराधों में सहायक भूमिका निभा रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि इस विकराल समस्या का हल कैसे निकाला जाए, जिससे हिमाचल फिर से अपराध-मुक्त या कम से कम वीभत्स अपराधों से मुक्त हो सके। इसके लिए कुछ ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। अपराधियों को शीघ्र सजा मिले, इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स और डिजिटल न्याय प्रक्रिया को बढ़ावा देना चाहिए।

सख्त सजा का भय अपराध को रोक सकता है। सरकार और समाज दोनों को मिलकर नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। स्कूलों, कॉलेजों में काउंसिलिंग और नशा मुक्ति सत्र आयोजित किए जाने चाहिए। सोशल मीडिया और मनोरंजन पर नियंत्रण भी बेहद जरूरी है। साथ ही, अभिभावकों को बच्चों के डिजिटल व्यवहार पर नजर रखनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मानसिक स्वास्थ्य क्लीनिक खोलने चाहिए। आत्महत्या और घरेलू हिंसा जैसी घटनाओं को रोकने के लिए मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रोजगार मेले और स्किल डेवलपमेंट कैंप्स के माध्यम से युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों में जोड़ा जाए।

पुलिस और जनता के बीच विश्वास कायम करना भी बेहतर रहेगा। अक्सर अपराध की सूचना देने में लोग हिचकिचाते हैं। पुलिस की छवि को सुधारना और नागरिकों के साथ उनकी सहभागिता को बढ़ाना भी लाजिमी है। बहरहाल, हिमाचल प्रदेश का मूल स्वभाव शांति, सह-अस्तित्व और सरल जीवनशैली का रहा है। परंतु यदि समय रहते बढ़ते अपराधों पर लगाम नहीं लगाई गई, तो वह दिन दूर नहीं जब यह राज्य भी महानगरों की तरह असुरक्षा और अविश्वास का पर्याय बन जाएगा। केवल सरकार ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अपराध के खिलाफ आवाज उठाए और अपनी भूमिका निभाए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती


### हिंदी सिनेमा की चरित्र अभिनेत्री

**प्रीति** गांगुली हिंदी सिनेमा की चरित्र अभिनेत्री थीं, जिन्होंने 1970 और 1980 के दशक में बॉलीवुड में कई कॉमिक भूमिकाएं निभाई थीं। प्रीति गांगुली का जन्म मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ था। वह प्रसिद्ध भारतीय फिल्म अभिनेता अशोक कुमार और शोभा देवी की बेटी थीं। गायक किशोर कुमार और अभिनेता अनूप कुमार उनके चाचा थे। रूपा गांगुली और अरुप गांगुली उनके भाई-बहन हैं। वह बेहद प्रतिभाशाली थीं और कॉमेडी भूमिकाओं में बहुत अच्छी तरह से



प्रीति गांगुली
जन्म : 17 मई, 1953
मृत्यु : 2 दिसम्बर, 2012,

प्रदर्शन करती थीं। 1993 में उन्होंने अपने पिता 'अशोक कुमार की अकादमी ऑफ नाटक कला' के नाम पर एक अभिनय स्कूल की शुरुआत की। प्रीति गांगुली का निधन 2 दिसंबर, 2012 को मुंबई में हो गया। प्रीति गांगुली की मुख्य फिल्में इस प्रकार हैं-तुम हो ना, आशिक बनाया आपने, उत्तर दक्षिण, सुपरमैन, प्यार के काबिल,वक्त की दीवार, बंदिश,थोड़ी सी बेवफाई, झूठा कहीं का दामाद, अनमोल तस्वीर, खट्टा मीठा, तृष्णा दिल्लगी, आहूति, अनुरोध, बालिका बधूरानी और लालपरी। ■



कविता

### अभाव

अर्पित गौतम, चचियां, पालमपुर

*अभाव क्या है?*

*कोशिश से कामयाबी तक की, दूरी है अभाव।*

*या फिर असफलता की,*

*एक शब्द में, कहानी पूरी है अभाव।*

*बेबसी के महलों की, नींव है अभाव।*

*या फिर मुश्किल दौर की, सीख है अभाव।*

*महत्वपूर्ण यह नहीं, क्या है अभाव?*

*महत्वपूर्ण है, कैसे करें अभाव को पार।*

*अभाव की रट लगाकर, कैसे सफलता पाओगे?*

*कर्म की भट्ठी में जलके, दोगुनी तुम मेहनत करके।*

*अभाव को जब हराओगे,*

*तब निश्चित ही, तुम सफलता पाओगे।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# भारत से हज यात्रियों का डिजिटल सशक्तिकरण

भारत सरकार ने हाल के वर्षों में समावेशी शासन पर अत्यधिक बल दिया है। एक ऐसा शासन, जो भूगोल, पृष्ठभूमि या विश्वास की परवाह किए बिना हर नागरिक तक पहुंचता हो। यह बात वार्षिक हज यात्रा के संचालन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। एक नियमित प्रशासनिक क्रियाकलाप से दूर, यह एक विशाल मानवीय, कूटनीतिक और तार्किक संचालन है, जो अनेक राष्ट्रों और संस्कृतियों तक फैला हुआ है। सबका साथ, सबका विकास के लोकाचार से प्रेरित होकर सरकार ने हज प्रबंधन को 21वीं सदी की सेवा वितरण के मॉडल के रूप में परिणत कर दिया है।



लेखक : सीपीएस बख्शी
संयुक्त सचिव, भारत सरकार

भारत से हर साल लगभग 1.75 लाख तीर्थयात्री पवित्र हज यात्रा पर जाते हैं। सऊदी अरब साम्राज्य (केएसए) के साथ घनिष्ठ समन्वय में, भारतीय हज समिति के माध्यम से चार महीने तक चलने वाले इतने व्यापक और संवेदनशील ऑपरेशन का प्रबंधन करना राष्ट्रीय समन्वय, कूटनीति और सेवा का एक महत्वपूर्ण नमूना है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह आध्यात्मिक यात्रा निर्बाध होने के साथ-साथ गरिमापूर्ण, समावेशी और तकनीकी रूप से सशक्त भी हो। बिना किसी पक्षपात के सभी समुदायों की सेवा करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, सरकार हज के अनुभव को विदेशों में अब तक किए गए सबसे उन्नत सार्वजनिक सेवा संचालन में से एक के रूप में परिणत कर रही है। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों के अनुभव को सरल और बेहतर बनाना था।

इसके माध्यम से प्रत्येक तीर्थयात्री से जुड़े राज्य हज निरीक्षकों के विवरण के साथ-साथ निकटतम स्वास्थ्य सेवा और परिवहन सुविधाओं सहित आवास, परिवहन और उड़ान संबंधी विवरण जैसी सूचनाओं तक तत्काल पहुंच कायम करना संभव हो रहा है। यह ऐप शिकायत प्रस्तुत करने, उसकी ट्रैकिंग करने, बैगेज



ट्रैकिंग, आपातकालीन एसओएस सुविधाएं, आध्यात्मिक सामग्री और तत्काल सूचनाएं प्राप्त करने में भी सक्षम बनाता है। पिछले साल 67,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने ऐप इंस्टॉल किया था, जो स्वीकृति की उच्च दर का संकेत देता है। केएसए में भारत सरकार द्वारा हाजियों के लिए स्थापित प्रशासनिक ढांचे द्वारा 8000 से अधिक शिकायतें और 2000 से अधिक एसओएस उठाए गए और उनका जवाब दिया गया।

ऐप की फीडबैक-संचालित डिजाइन तीर्थयात्रा की पूरी अवधि के दौरान निरंतर सुधार की सुविधा देती है। हज-2024 के दौरान ऐप से प्राप्त जानकारी ने 2025 के लिए हज नीति और दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में काम किया। ये डेटा-समर्थित निर्णय भारत सरकार के अपने नागरिकों के लिए उत्तरदायी शासन के मॉडल का उदाहरण हैं।

2024 में इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, सरकार ने अब हज सुविधा ऐप 2.0 लॉन्च किया है। यह हज के पूरे दायरे को कवर करता है और तीर्थयात्रियों के लिए वास्तव में एंड-टू-एंड डिजिटल समाधान तैयार करता है। हज 2.0 में हज यात्रियों के डिजिटल आवेदन, चयन (कुर्रा), प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, भुगतान एकीकरण, अदाही कूपन जारी करने और रद्दीकरण तथा धन वापसी की प्रक्रियाओं से लेकर हज की पूरी प्रक्रिया शामिल है। अपडेट किया गया ऐप बैंकिंग नेटवर्क के साथ सहज एकीकरण प्रदान करता है, जिससे तीर्थयात्री यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। यात्रा के दौरान सुविधा के लिए तत्काल उड़ान संबंधी सूची और इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग पास भी प्रदान किए जाते हैं।

इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों में पैदल चलने की आदत डालना है, ताकि उनमें आगे की कठिन यात्रा के लिए आवश्यक सहनशक्ति विकसित हो सके। तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए तत्काल मौसम के अपडेट भी जोड़े गए हैं, ताकि तीर्थयात्रियों को जलवायु संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में मदद मिल सके और साथ ही उन्हें स्वस्थ और हाइड्रेटेड रखा जा सके। भारतीय हज चिकित्सा दल को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है और यह मक्का एवं मदीना में हज के दौरान स्थापित क्षेत्रीय अस्पतालों तथा औषधालयों के नेटवर्क के माध्यम से तीर्थयात्रियों को विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है। एंबुलेंस का एक नेटवर्क आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान करता है।

हज सुविधा ऐप 2.0 भारत के डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अग्रणी है और यह भारत सरकार के इस दृष्टिकोण का प्रमाण है कि शासन प्रत्येक नागरिक तक सार्थक तरीके से पहुंचे। प्रौद्योगिकी की शक्ति का इस्तेमाल करते हुए, भारत तीर्थयात्रियों के प्रबंधन के लिए नए अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित कर रहा है, जिससे अपने नागरिकों को निर्बाध, सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से बेहतर अनुभव मिल रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# पाकिस्तान कान खोलकर सुनो भारत का संदेश

ऑपरेशन सिंदूर और उसे अंजाम देने वाली भारतीय सेना ने देश के प्रत्येक नागरिक का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की इस कार्रवाई ने इसे ऐसे मुकाम तक पहुंचा दिया है कि भविष्य में पाकिस्तान और वहां बैठे आतंकी भारत पर हमला करना तो दूर उसकी ओर आंख उठा कर देखने का दुस्साहस भी न कर सकेंगे। भारत सरकार ने शत्रु देश का काफी नुकसान करने के बावजूद अपनी सैन्य कार्रवाई को औपचारिक रूप से युद्ध का नाम नहीं दिया। बावजूद इसके हमारी सीमाओं के आसपास पड़ोसी देश के ड्रोन देखे गए।



लेखक :डॉ. राघवेंद्र शर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

मिसाइलें गिराने की कोशिशें हुईं। जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सैन्य संसाधनों को हवा में ही नष्ट किया और शत्रु देश के अनेक एयरबेस उड़ाने में सफल रही। पाकिस्तान में संचालित आतंकियों के अनेक प्रशिक्षण केंद्रों को ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में 100 से अधिक ऐसे आतंकवादी मारे गए, जो भारत सहित दुनिया की अनेक आतंकवादी घटनाओं में शामिल थे या फिर अनगिनत आतंकवादी घटनाओं के रणनीतिकार रहे। भारत की जवाबी कार्रवाई में अनेक ऐसे लोग भी मारे गए जो पाकिस्तान सरकार और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर आतंकवाद की फैक्टरी चला रहे थे। भारतीय सेना की आक्रमकता को देखते हुए तत् समय ही यह स्पष्ट हो गया था कि परिस्थितियां औपचारिक युद्ध के मार्ग पर कदम आगे बढ़ा चुकी हैं। इसी से भयाक्रांत पाकिस्तान के हुक्मरान अमेरिकी दरबार में ढोक लगाने को मजबूर हुए।

इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच स्वस्फूर्त मध्यस्थता करने के लिए प्रयासरत दिखाई दिए। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी और तीनों सेनाओं के भारतीय प्रमुखों ने तत्काल यह स्पष्ट कर दिया कि यह विशुद्ध दो देशों के बीच का मामला है,



इसमें भारत को किसी तीसरे देश की मध्यस्थता कतई स्वीकार नहीं। यह बात भी स्पष्ट हो चुकी है कि पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारी और वहां के हुक्मरान भारत से सीज फायर की गुहार लगा चुके हैं। इसे भारत का बड़प्पन ही कहा जाएगा कि उसने पाकिस्तान की गिड़गिड़ाहट को नजरअंदाज नहीं किया।यह बात साफ है कि पाकिस्तान अस्तित्व में आने के बाद से ही भरोसेमंद देश नहीं रहा है।

इस बार भी उसने गैर भरोसेमंद काम ही किया। एक ओर वह अमेरिका को माध्यम बनाकर भारत सरकार की बारगाह में सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाता रहा, तो दूसरी ओर उसने भारतीय सीमा के भीतर सशस्त्र ड्रोन भेजने की हिमाकत की। अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि शांति की गुहार लगाकर भारतीय सीमाओं में ड्रोन भेजने की स्थिति पाकिस्तान की सेना और वहां की चुनी हुई सरकार के बीच उठापटक मचने के चलते बनी होगी। पाकिस्तान का इतिहास रहा है, वहां के हुक्मरान अवाम की चिंता किए बगैर खुद की सलामती सुनिश्चित करने और अपना राजनीतिक उल्लू साधने में संलग्न रहते हैं। पाकिस्तान की सेना हमेशा इस ताक में रहती है कि कब सरकार गलती करे और कब उसका तख्ता पलट कर पाकिस्तान में सैन्य शासन स्थापित किया जाए। खैर, यह उनका अंदरूनी मामला है। हमारी सेना ने उन सभी ड्रोन को या तो हवा में ही नष्ट कर दिया या फिर उन्हें निष्क्रिय करके वापस पाकिस्तान की ओर भागने को मजबूर किया। जहां तक ऑपरेशन सिंदूर की बात है तो खुद भारत सरकार और सेना स्पष्ट कर चुकी है कि यह खत्म नहीं हुआ है । अभी इसे केवल स्थगित किया गया है, यह देखने के लिए कि जान माल का भारी नुकसान उठाने के बाद भी पाकिस्तान की अकल ठिकाने आ गई है अथवा नहीं।

जहां तक युद्ध के साथ बुद्ध को भी प्राथमिकता में बनाए रखने की बात है तो भारत एक जिम्मेदार देश है। पूरा विश्व भारत और भारतीय प्रधानमंत्री मोदी से काफी उम्मीद लगाए हुए है। अभी हम विश्व की पांच मुख्य अर्थ व्यवस्थाओं में से एक हैं। जल्दी ही दुनिया की तीन प्रमुख अर्थ व्यवस्थाओं में से एक का तमगा हासिल करना हमारा आगामी लक्ष्य है। विकास की इस गति ने चीन और पाकिस्तान जैसे हमारे शत्रु देशों को हलकान कर रखा है। यह दोनों कतई नहीं चाहेंगे कि भारत इसी प्रकार शांत रहते हुए विश्व स्तर पर अपनी धमक और अधिक मजबूत बना सके। संभव है पहलगाम में जो नापाक हरकत की गई, वह इसी षड्यंत्र का एक प्रमुख हिस्सा हो।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**भारत** की कुल जनसंख्या का 90 प्रतिशत से अधिक भाग ग्रामीण क्षेत्रों में आबाद है। ग्रामीणों की आर्थिकी कृषि पर निर्भर है। यही उनकी आजीविका का साधन है। भले ही विभिन्न कारणों से अब कृषि में कमी आई है, परंतु सड़क सुविधा से वंचित व रोजगार की कमी के चलते दूरदराज क्षेत्रों में खेती की जा रही है। कृषि के लिए सिंचाई के साधन पर्याप्त न होने के कारण खेती का अधिकतर कार्य वर्षा पर ही निर्भर है। मौसम के अनुरूप ही फसलें तैयार होती हैं। भले ही अब पर्यावरण संतुलन गड़बड़ाने से जलवायु भी प्रभावित हुआ है। इसका मौसम पर भी विपरीत असर पड़ा है। इसके बावजूद किसानों का पूर्वानुमान कुछ हद तक ठीक बैठता है। उसमें कुछ दिनों का अंतर रहता है, परंतु कभी यह अंतर और अधिक बढ़ जाता है। तब सूखा पड़ने के आसार बन जाते हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में फसल देरी से पकती है। ऐसे स्थानों पर गर्मी कम होती है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में फसल पहाड़ी क्षेत्र की अपेक्षा जल्दी पक जाती है। **रविंद्र कुमार, भड़वाल**

# शांतिप्रिय भारत को 78 वर्षों से अस्थिर करने के असफल प्रयास

भारत की तीनों सेनाओं ने अपने शौर्य का दमखम दिखाकर पाकिस्तान को ऐसी करारी चोट पहुंचाई जिससे पाकिस्तान बौखला गया और तीन-चार दिन में ही भारत के समक्ष पाकिस्तान सेना को हाथ जोड़ने के लिए विवश होना पड़ा। पाकिस्तान की सेना के आग्रह को भारत ने स्वीकार तो किया, परंतु पूर्ण रूप से विराम नहीं, बल्कि अस्थायी विराम जरूर मान लिया। भारत ने यह भी कहा कि कोई आतंकी शरारत होती है तो मुंह तोड़ सैन्य जवाब देने के लिए भारतीय सेना हमेशा तैयार दिखाई देगी। भारत की कूटनीति व राजनीतिक निर्णयों के प्रभाव से पाकिस्तान को होश आने लगा है। भारत ने सिंधु जल समझौते के निलंबन के साथ पाकिस्तान की दुखती नस पर ऐसा हाथ रखा है जो पाकिस्तान को भारत के पास समझौते की बहाली के लिए गुहार लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा।



लेखक : योगिंद्र पाल वालिया
डडौर, बल्ह (मंडी)

**सिंधु जल समझौता** : 1960 में हुए समझौते के अनुसार पूर्वी नदियों रावी, व्यास, सतलुज के जल के उपयोग का पूर्ण नियंत्रण भारत को मिला। पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम, चिनाब के जल उपयोग का नियंत्रण पाकिस्तान को मिला, परंतु यह नदियां भारत क्षेत्र से बहती है, इसलिए इन नदियों पर बांध बनाने, बिजली उत्पादन प्रोजेक्ट व सिंचाई हेतु भारत जल का उपयोग अपने क्षेत्र के लिए कर सकता है। इन नदियों में जल की उपलब्धता व बहाव का डाटा पाकिस्तान के साथ साझा करने को संधि में जोड़ा गया है। नदियों का जल भारत के क्षेत्र से बहता हुआ पाकिस्तान के प्रांत पंजाब व सिंध तक जाता है। बगलीहार, सलाल, रामबन जैसे प्रोजेक्ट भारत ने अपने क्षेत्र में लगाए हैं। चिनाब नदी की सहायक नदी चंद्र भागा लाहौल-स्पीति से निकली है। भारत को अपने क्षेत्र में नदियों के जल को रोकने और छोड़ने की वाध्यता नहीं है, क्योंकि भारत ने समझौते का निलंबन कर दिया है।

**शिमला समझौता** : 1971 के युद्ध विराम के उपरांत समझौता हुआ, जिसके अनुसार दोनों देश युद्ध की तरफ नहीं जाएंगे, बल्कि आपसी मतभेदों का संवाद के साथ हल निकालेंगे। संवाद वार्ता में दोनों देशों के मध्य तीसरा कोई भी मध्यस्थता नहीं करेगा। अन्य रेखाएं भी तय हुई परंतु पाकिस्तान ने कभी भी समझौते को सम्मान नहीं दिया। आए दिन सीमा पर गोलियां चलाना आदत बनाई हुई है। समझौते की एक संधि के अनुसार पाकिस्तान की कब्जे में ली धरती से भारत ने अपने सैनिक वापस भारत क्षेत्र में बुला लिए और युद्ध के समय बंदी बनाए 93000 सैनिकों को मानवता के नाते छोड़ दिया।



**1965 तथा 1999 का युद्ध** : 1965 में दोनों देशों के मध्य युद्ध हुआ। भारत की सेना ने पीर पंजाल का क्षेत्र अपने कब्जे में ले लिया था। हार दिखती पाकिस्तान समझौते की तरफ भागा। ताशकंद में दोनों देशों के मध्य संधि हुई और भारतीय सेना ने पीर पंजाल का इलाका वापस लौटा दिया। यह वही क्षेत्र है, जहां से पाकिस्तान घुसपैठ कर आतंकवादियों को भारत की तरफ भेजता है। 1999 में दोनों देशों के मध्य लाहौर दिल्ली बस यात्रा शुरू हुई। भारत ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया, परंतु पाकिस्तान ने कारगिल की पहाड़ियों पर कब्जा करने का प्रयास किया, जिसमें भारतीय सेना ने अपनी बहादुरी का प्रदर्शन करके पाकिस्तान के प्रयासों को असफल कर दिया। कारगिल युद्ध में भी भारतीय वीर सेना विजय रही।

**यूएनओ में पूर्व विदेश मंत्री** : स्वर्गीय सुषमा स्वराज ने अपने भाषण में पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए कहा था कि भारत ने डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षा विद्वानों, वैज्ञानिक बनाए और पाकिस्तान ने आतंकवादी। भारत ने आईआईटी, आईआईएम, एम्स जैसे अस्पताल वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं का निर्माण किया। आतंकवादी घटनाओं का जवाब भारत ने कभी नरम और कभी कठोर रुख के साथ दिए और अब का भारतीय सैन्य जवाब पाकिस्तान सहित विश्व ने भी देख लिया। भारतीय सैन्य शक्ति व स्वदेशी उपकरणों का भी विश्व ने महसूस किया। टहनियों व तनो को भारत ने बिखेर तो दिया परंतु जड़े अभी शेष है, जिन पर कड़ा प्रहार करने की जरूरत है। उम्मीद करनी चाहिए कि भारत हर तरीके अपनाकर आतंकवाद को जड़ों से उखाड़ने में सफल होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# वर्तमान भारत की शिक्षा प्रणाली पर कोचिंग का साया

वर्तमान समय में भारत की शिक्षा प्रणाली जिस गहराई से कोचिंग संस्कृति के गिरफ्त में है, वह केवल शिक्षा का पतन नहीं, बल्कि समाज के नैतिक मूल्यों का भी संकट है। यह कोचिंग व्यवस्था अब एक धंधा बन चुकी है, जिसमें छात्रों के भविष्य के साथ प्रयोग हो रहा है।



लेखक : राजेंद्र कुमार शर्मा
देहरादून उत्तराखंड

**त्रिकोणीय गठजोड़-कोचिंग, अभिभावक और डमी स्कूल** : इस अनचाहे गठजोड़ में सबसे पहला पात्र है अभिभावक—जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आशा में लाखों रुपए खर्च कर कोचिंग सेंटर का सहारा लेते हैं। दूसरा पात्र है कोचिंग संस्थान जो छात्रों को बिना सामाजिक जीवन के परीक्षा मशीन बना देते हैं। और तीसरा, सबसे खतरनाक पात्र है डमी स्कूल जहां छात्र केवल नामांकन के लिए होते हैं, उपस्थिति और शिक्षण केवल कागजों पर होता है।

**मानसिक स्वास्थ्य पर गहराता संकट** : प्रत्येक वर्ष देश के बड़े कोचिंग केंद्रों में आत्महत्या की खबरें चिंता का विषय बन चुकी हैं। पढ़ाई का दबाव, असफलता का भय, और सामाजिक अलगाव, ये सभी मिलकर किशोर मानसिकता को तोड़ रहे हैं। इस विकृति ने शिक्षा को ज्ञानार्जन से दूर कर केवल प्रतिस्पर्धा की दौड़ बना दिया है। अभिभावक अपने बच्चों के जन्मजात गुणों, रुचियों और योग्यता को नजरअंदाज कर, पैसे के बल पर उन्हें सफल बनाने का सपना संजोए बैठे हैं।



**कोचिंग व्यवस्था के लिए आवश्यक नियमावली** : सरकार को चाहिए कि वह कोचिंग संस्थानों के लिए स्पष्ट और कठोर नियम बनाए, जैसे अनिवार्य पंजीकरण और मान्यता प्रणाली। शिक्षण समय की सीमा। अधिकतम फीस सीमा तय करना। छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य परामर्श। नियमित सरकारी निरीक्षण, जिसके लिए जिला अधिकारी तथा अन्य बोर्डों से संबद्ध विद्यालयों के दो प्राचार्य इस निरीक्षण टीम के अनिवार्य सदस्य हों जो औचक निरीक्षण के लिए अधिकृत हो।

**डमी स्कूलों पर रोक-एक वैकल्पिक राह** : डमी स्कूलों को बंद करने के लिए एक व्यवहारिक समाधान है। दूरस्थ स्कूली शिक्षा व्यवस्था। कक्षा 11वीं-12वीं के लिए यह एक मान्यता प्राप्त व्यवस्था होगी प्रायोगिक व थ्योरी दोनों के लिए सीमित पर्सनल कॉन्टैक्ट प्रोग्राम (PCP)। डिजिटल एवं मुद्रित शिक्षण सामग्री। पारदर्शी परीक्षा प्रणाली नि:संदेह यह व्यवस्था डमी स्कूलों की कमर तोड़ सकती है। जब अभिभावकों को नियमित पाठ्यक्रम के समानांतर इस तरह की व्यवस्था मुहैया करवा दी जाएगी तो निजी डमी स्कूल वो चांदी नहीं काट सकेंगे जो आज वह कोचिंग संस्थानों के साथ मिलकर काट रहे हैं। हो सकता है दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था के कारण अभिभावकों का कोचिंग व्यवस्था से भी मोह भंग हो जाए और वे अपने बच्चों के लिए नियमित स्कूल व्यवस्था को प्राथमिकता दें। यह व्यवस्था ओपन स्कूलिंग नहीं, बल्कि एक संरचित दूरस्थ माध्यम होगी जो छात्रों को कोचिंग का विकल्प भी देगी और उनका अकादमिक विकास भी सुनिश्चित करेगी। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग ( एन आई एस ओ) को ओपन के साथ-साथ दूरस्थ शिक्षा के लिए अधिकृत किया जा सकता है। कोचिंग संस्कृति को पूरी तरह से समाप्त करना अव्यवहारिक है, लेकिन इसे नियंत्रित और संवेदनशील बनाना आवश्यक है। सरकार को सख्त नियम लागू करने के साथ-साथ समाज को भी यह समझना होगा कि केवल सफलता नहीं, बल्कि संतुलित व्यक्तित्व भी जरूरी है। यदि आज हमने इस आत्मघाती व्यवस्था पर लगाम नहीं लगाई, तो आने वाली पीढ़ी केवल 'रैंक' और 'सेलेक्शन' की मशीन बनकर रह जाएगी, सोचने, समझने और जीने की क्षमता खो बैठेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सुंदरनगर डकैती कांड : दो अन्य आरोपी गिरफ्तार

## वारदात में शामिल दो हिस्ट्री शीटरों की गिरफ्तारी अभी है बाकी, अभी तक हो चुके तीन अरेस्ट

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

**पुलिस** थाना बीएसएल कॉलोनी के तहत दर्ज डकैती मामले में आगामी कार्रवाई को अमल में लाते हुए दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान सरताज उर्फ भूरा पुत्र मोहम्मद राजू और सलमान पुत्र अयूब निवासी नसीरपुर मुजफ्फरनगर के तौर पर हुई है। मामले में जिला मंडी पुलिस की मुजफ्फरनगर भेजी गई विशेष टीम अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई को अमल में ला रही है और अभी भी मुजफ्फरनगर ही मौजूद है।

पुलिस घटना के दौरान लूटे गए गहने और नकदी को गिरफ्तार किए गए आरोपियों से बरामद करने के लिए जांच अमल में ला रही है। अभी तक की जांच में पुलिस को खुलासा हुआ है कि आरोपी जुनैद सलमान के साथ सुंदरनगर व बल्ह क्षेत्र में बीते पांच छह वर्षों से पेंटर का काम करते थे।

आरोपी सलमान ने वर्ष 2017.18 में पीड़ित परिवार के घर में भी पेंट का कार्य किया था। वहीं नेरचौक रहने वाले आरोपी जुनैद ने सलमान और मुजफ्फरनगर से सुंदरनगर में वारदात को अंजाम देने आए हिस्ट्री शिटरों को पनाह दी थी।

वारदात से पहले पीड़ित बुजुर्ग को हालचाल पूछने के लिए सलमान ने फोन भी किया था। जिसके उपरांत आरोपियों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। जानकारी देते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने सुंदरनगर डकैती मामले में दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि आरोपी का पुलिस रिमांड लेकर उससे गहन पूछताछ की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### दिनदहाड़े गन प्वाइंट पर वृद्ध दंपती से की थी डकैती

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**बता** दें कि बीते रविवार को नगर परिषद सुंदरनगर के नया बाजार में दिनदहाड़े गन पॉइंट और तेजधार हथियार की नोक पर घर में वृद्ध दंपति को बंधक बनाकर लाखों के गहने और कैश की लूट को अंजाम देने का मामला सामने आया था। इसमें आरोपियों द्वारा घटना में प्रयोग में लाई गई बाइक मंडी शहर से चोरी की गई थी। इस बाइक को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। इसके उपरांत पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी ने एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर अब दो आरोपियों की शिनाख्त और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिला मंडी पुलिस की विशेष टीम उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में आगामी कार्रवाई कर रही है। पुलिस की पहचान में आए दोनों आरोपियों की पहचान जावेद पुत्र खलील निवासी मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश, शाहिद उर्फ चट्टीफाटा निवासी मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश और जुनैद पुत्र सामोन अली निवासी गांव रोहिणी हाजीपुर जिला मुजफ्फरनगर के तौर पर हुई है।

### मुजफ्फरनगर निवासी सरताज व सलमान के तौर पर हुई पहचान

# शिक्षा मंत्री पदक विजेता खिलाड़ियों को करेंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलों में अंडर-17 व अंडर-19 छात्र-छात्रा वर्ग के खिलाड़ी, जिन्होंने व्यक्तिगत या टीम स्पर्धा में मेडल लाकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है उन्हें हिमाचल स्कूल खेल संघ सम्मानित करेगा। यह जानकारी एडीपीओ हेडक्वाटर संतोष चौहान ने दी।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश की विभिन्न स्कूली खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 20 मई को कन्या स्कूल पोर्टमोर में 10 बजे सम्मानित करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन हिमाचल स्कूल खेल संघ करेगा। इस अवसर पर सभी जिला के शिक्षा उप निदेशक, पदक विजेता खिलाड़ियों के प्रशिक्षक, खेल छात्रावासों के प्रधानाचार्य व कोच उपलब्ध रहेंगे।

# सेना के शौर्य का राजनीतिक लाभ लेने की कुचेष्टा कर रही भाजपा : गुलेरिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



**प्रदेश** कांग्रेस प्रवक्ता एवं एपीएमसी मंडी के चेयरमैन संजीव गुलेरिया ने कहा कि भाजपा द्वारा आयोजित की जा रही तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के शौर्य का राजनीतिक लाभ लेने की कुचेष्टा मात्र है। संजीव गुलेरिया ने कहा कि जो पार्टी अपने मुख्यालय तक में तिरंगा लगाने में हिचकिचाती रही हो, उसके द्वारा इस तरह के प्रपंच करना केवल सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के अलावा कुछ नहीं है।

उन्होंने कहा कि आजादी के पूर्व से ही इस विचारधारा के लोग तिरंगे का विरोध करते आए हैं। आजादी के बाद भी दशकों तक संघ मुख्यालय में तिरंगा नहीं फहराया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन से हर देशवासी का सीना गर्व से चौड़ा किया है। अब भाजपा अपने केंद्रीय नेतृत्व की कूटनीतिक नाकामियां तथा कमजोर निर्णय क्षमता को छिपाने के लिए इस तरह की यात्राएं आयोजित कर सेना के कार्यों का भी राजनीतिकरण करने में जुटी है। यह न केवल शर्मनाक है अपितु एक स्वस्थ परंपरा भी नहीं कही जा सकती है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में भाजपा के कई मंत्री एवं जिम्मेदार पदों पर बैठे अन्य लोगों ने सेना के शौर्य को बढ़ाने वाले हमारे सैन्य अधिकारियों के बारे में भी निम्न स्तर की बयानबाजी की है जो कि अत्यंत निंदनीय है। भाजपा को ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### रंधाड़ा में 17 व 18 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** रंधाड़ा विद्युत अनुभाग में 17 व 18 मई को उच्चतम आवेग की लाइनों में लकड़ी को बदलने का कार्य किया जाएगा। यह जानकारी सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल मंडी-2 सुनील शर्मा ने देते हुए बताया कि कार्य के दृष्टिगत 17 व 18 मई को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक गजनोहा, लोहारड़ी, नटनेड़, रंधाड़ा, अलाथू, पैड़ी, जगनाह, तांदी, पतरौण, कोठीगैहरी तथा साथ लगते गांव में बिजली बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### स्थापना दिवस पर शहीदों को किया नमन

**अनंत ज्ञान, महादेव।** बीएसएल परियोजना सुंदरनगर पर बीबीएमबी का 50वां स्थापना दिवस मुख्य अभियंता बीएसएल इंजी बिजेंद्र सिंह नारा की अध्यक्षता में मनाया गया। इंजी. बिजेंद्र सिंह नारा ने उन महान आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने बीबीएमबी परियोजनाओं को साकार करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारत के गौरव बीबीएमबी और उसकी एक महत्वपूर्ण शाखा के रूप में बीएसएल परियोजना अपने कर्तव्यों का श्रेष्ठ रूप में निर्वहन करती रहेगी और देश के विकास में अपना योगदान देती रहेगी। समारोह का संचालन सहायक जनसंपर्क अधिकारी अशोक शुक्ला ने किया। इसमें अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता इंजी सीएम शर्मा और इंजी एसपी शर्मा, सीआईएसएफ बीएसएल यूनिट के उप कमांडेंट विशाल बंसल, प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्र पांडे, अधीक्षण अभियंता इंजी अजय पाल सिंह, उप मुख्य अभियंता इंजी वीके मीणा और इंजी केएस ठाकुर, उप मुख्य अभियंता ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### निष्क्रिय समितियों का 31 तक करें गठन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** वन अधिकार अधिनियम -2006 के तहत जोगिंदर नगर में विकास खण्ड द्रंग की दस ग्राम पंचायतों के अधीन आने वाली वन अधिकार समितियों (एफआरसी) के प्रधान व सचिवों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता एसडीएम मनीश चौधरी ने की। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए कि निष्क्रिय पड़ी समितियों का 31 मई तक गठन सुनिश्चित करें ताकि समय रहते लोगों के नए व्यक्तिगत व सामाजिक दावों को आमंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में उपमंडल स्तर पर ग्राम सभा, राजस्व व वन अधिकारियों को जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने व्यक्तिगत व सामाजिक दावों को पेश करने के लिए भरे जाने वाले फॉर्म के बारे में उपस्थित सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी।

### चोलथरा समिति ने की अर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति चोलथरा की आम सभा समिति के अध्यक्ष बिहारी लाल ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। यह संस्था पिछले कई वर्षों से लगातार समाज में गरीब, असहाय तथा गंभीर बीमारियों में आर्थिक तौर से पिछड़े लोगों को आर्थिक सहायता पहुंचाती आई है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बसंतपुर के गांव टेला के सुरेश कुमार पुत्र चंद राम तथा ग्राम पंचायत बसंतपुर के गांव लटेहड़ा की कुंती देवी पत्नी रामदास के पोते को गंभीर बीमारियां के चलते प्रत्येक को 5100- 5100 रुपए की आर्थिक सहायता संस्था द्वारा प्रदान की गई। संस्था के मीडिया प्रभारी श्रवण सिंह भारद्वाज ने बताया कि भविष्य में भी यह संस्था इस प्रकार से ही गरीब लोगों की आर्थिक सहायता करती रहेगी।

### एनएच निर्माण मुद्दे को लेकर एकजुट हों सभी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग निर्माण की वजह से हर कोई परेशान है तथा इस मुद्दे को लेकर अब तक हजारों ज्ञापन सैंकड़ों लोगों द्वारा सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को भेज चुके हैं, लेकिन परिणाम शून्य है। धाड़ता क्षेत्र से संबंध रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने सभी नेताओं, विपक्षी दलों व सामाजिक संगठनों से इस मुद्दे को लेकर गैर राजनीतिक तौर से, एक मंच पर आने का आग्रह किया है। उन्होंने पूर्व बीजेपी के विधायक व मंत्री महिंद्र सिंह ठाकुर, धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर, बीजेपी के सरकाघाट विधायक दलीप सिंह ठाकुर, पूर्व प्रत्याशी रजत ठाकुर, पवन कुमार, प्रकाश चंद भारद्वाज, हम राज, पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपिंदर सिंह, वर्तमान जिला परिषद सदस्य वंदना गुलेरिया तथा एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट व टीहरा के अध्यक्षों, ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद इकाई सरकाघाट, सभी पेंशनर्स फेडरेशन, व्यापार मंडल चोलथरा, सरकाघाट इत्यादि सभी गैर राजनीतिक संगठनों के सभी अध्यक्षों से इस मुद्दे को लेकर, एक मंच पर आने का आग्रह किया है, जिससे इस लड़ाई को सामूहिक रूप से मजबूती से लड़ा जा सके।

### छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** युवाओं को नशाखोरी के दुष्परिणामों से अवगत कराने और नशे से दूर रखने की दिशा में जिला पुलिस मंडी द्वारा 'नशा - कारण और निवारण' विषय पर एक प्रभावशाली नशा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान डीएवी पब्लिक स्कूल, जोगिंद्रनगर में पुलिस स्टेशन स्तर और उपमंडल स्तर पर संपन्न हुआ, जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान इंटरैक्टिव सत्र, प्रेरक वार्ताएं और वास्तविक जीवन की केस स्टडीज प्रस्तुत की गईं, जिनके माध्यम से छात्रों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के कारणों और परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इन सत्रों ने छात्रों को नशे के घातक प्रभावों से रूबरू कराया और उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

# यथार्थ शर्मा ने 664 व अपेक्षा ने झटके 653 अंक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जोगिंद्रनगर उपमंडल के गुरुकुल पब्लिक स्कूल, झलवान के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के मेधावी छात्र यथार्थ शर्मा ने 664 अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप स्थान हासिल किया। इसी तरह अपेक्षा ने 653 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान और अनामिका शर्मा ने 619 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी का माहौल बन गया। स्कूल परिसर में मिठाइयां बांटी गईं।



# अभिलाषी कॉलेज के 25 छात्रों ने चमकाया नाम

## जुपिटर इंटरनेशनल लिमिटेड ने कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से चयनित किए छात्र

**अनिल शर्मा, मंडी**

**अभिलाषी** शिक्षण समूह मंडी के लिए यह गर्व का क्षण है कि 25 छात्रों का चयन भारत की प्रतिष्ठित कंपनी जुपिटर इंटरनेशनल लिमिटेड में हुआ है। इस नियुक्ति प्रक्रिया में टीआर अभिलाषी मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग व ब.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा एवं उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल का प्रदर्शन किया।

इस प्लेसमेंट ड्राइव में टेक्निकल असेसमेंट व साक्षात्कार सहित विभिन्न चयन चरणों के बाद ही छात्रों को चयनित किया गया। इस उपलब्धि पर अभिलाषी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरके अभिलाषी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि जुपिटर इंटरनेशनल जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में छात्रों का चयन हमारे लिए गर्व की बात है।

अभिलाषी ग्रुप के डायरेक्टर एडमिशन, ट्रेनिंग व प्लेसमेंट डॉ. शैम्पी दुग्गल ने बताया कि बी टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से अभिषेक राणा, शिवांश शर्मा व हितेश कुमार और डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से रोहित, अभिषेक, हर्ष, गीतांशु, पीयूष, चुकील, आदित्य, अमित, निखिल, संकेत, विजय, नमन, शुभम, अनिल, आयुष, गिरीश, ललित, साहिल, विवेक, वीरेन व राहुल जॉब के लिए चयनित हुए हैं। सभी चयनित छात्र ट्रेनी एग्जीक्यूटिव के पद पर अपनी सेवाएं देंगे। वहीं चयनित छात्रों को सालाना 3 लाख तक के पैकेज ऑफर किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)




टीआर अभिलाषी कॉलेज के चयनित छात्र व आयोजक।

# स्कूटी सवार पर रॉड से किया हमला

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के डैहर फोरलेन पर दो युवकों द्वारा स्कूटी सवार पर रॉड से हमला कर उसकी नकदी व मोबाइल छीनने को लेकर मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना सुंदरनगर में इस मामले को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई एफआईआर में अजय ठाकुर (31) पुत्र सोहन लाल निवासी गांव बैहल कंडोला डाकघर बामटा तहसील सदर जिला बिलासपुर ने कहा है कि वह वीरवार शाम को अलसू से अपने गांव बामटा की ओर स्कूटी पर जा रहा था। जब वह डैहर फोरलेन पर पहुंचा तो अशरफ खान जो पनोह में होटल में काम करता है ने इसकी स्कूटी को सड़क पर रोका दिया। इसी दौरान अशरफ का एक साथी भी वहां आ गया और उसने रॉड उसके सिर पर मारा और इसकी नकदी और मोबाइल छुड़ाकर वहां से भाग गए तथा जाते जाते जान से मारने की धमकी भी दी। एसपी साक्षी वर्मा ने बताया सुंदरनगर थाना में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

# भूप सिंह ठाकुर बने मुख्य सलाहकार

**अनंत ज्ञान, पधर।** हिम आंचल पेंशनर संघ की द्रंग इकाई खंड की एक महत्वपूर्ण बैठक पधर स्थित सामुदायिक भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रधान एमसी चौहान ने की। बैठक के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। प्रेस सचिव गोकल चंद ने बताया कि कार्यकारिणी में कई नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारिया सौंपी गईं हैं। भूप सिंह ठाकुर को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया, जबकि मनोज ठाकुर और नोखू राम को कानूनी सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई। उप प्रधान पद के लिए मोहन लाल, निर्मल चौहान, हरदेव, राम सिंह, खेम चंद, राजमल और हेम सिंह ठाकुर का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त, कश्मीर राज, बीरी सिंह, संत राम, यादविंदर, राम दास और शिव राम को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नामित किया गया।

# गिरीश व अभ्याश्री ने संभाला हेड प्रीफेक्ट का पदभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** डीएवी सैंटेनेरी पब्लिक स्कूल मंडी में 'विद्यालय परिषद 2025-26' के गठन के लिए अलंकरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रातः 8:30 बजे मुख्यातिथि केएस गुलेरिया एआरओ एवं प्रधानाचार्य डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी के स्वागत से हुआ। इस अवसर पर नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को प्रतीक चिन्ह एवं उत्तरदायित्व सौंपे गए। सेकेंडरी विंग से हेड प्रीफेक्ट के रूप में गिरीश एवं अभ्याश्री व प्राइमरी विंग से सुरिंद्र एवं प्रानिल ने पदभार ग्रहण किया। इसके साथ ही सेकेंडरी विंग से डिसिप्लिन क्लब के कैप्टन अनुराग और वाइस कैप्टन निवृति को नियुक्त किया गया।

# अप्रोच रोड से शानन पावर हाउस तक टूटी सड़क

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के अप्रोच रोड से शानन पावर हाउस तक लगभग एक किलोमीटर सड़क की खस्ता हालत को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। सेरी, कुप्पड़ और हरनाला के निवासियों ने पंजाब विद्युत बोर्ड परियोजना के अधिकारियों से मुलाकात कर इस जर्जर सड़क की समस्या को लेकर रोष जताया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस मार्ग पर वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है। स्थानीय ग्रामीण दिनेश ठाकुर, लकी ठाकुर, सुरेंद्र काचरू, ताराचंद, राकेश कुमार और अजय धरवाल ने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से इस समस्या को लेकर प्रशासन और शानन पावर हाउस के अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस संबंध में शानन विद्युत परियोजना के अधीक्षण अभियंता भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क मरम्मत के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और आगामी एक माह के भीतर सड़क को पक्का करने का प्रयास किया जाएगा।

# हिमालयन स्कूल सरकाघाट का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



अक्षरा कौशल। आर्शिता गुप्त। अंशिका ठाकुर।

**हिमाचल** शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए गए दसवीं कक्षा की परीक्षा परिणाम में हिमालयन स्कूल सरकाघाट के छात्रों का प्रदर्शन शानदार रहा। विद्यालय की मेधावी छात्र अक्षरा ने 95.71 प्रतिशत अंक लेकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। अर्शिता ने 94 प्रतिशत लेकर दूसरा स्थान तथा अंशिका ने 93.42 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। अधिकतर छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का नाम चमकाया है। विद्यालय के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि हिमालयन स्कूल सरकाघाट शिक्षा के क्षेत्र में जाना माना नाम है। इस स्कूल के विद्यार्थी हमेशा ही अपने शिक्षकों और अभिभावकों की अपेक्षाओं पर खरा उतर कर सबका मान सम्मान बढ़ाते हैं।

प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा ने छात्रों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह शानदार उपलब्धि विद्यालय के अनुभवी एवं समर्पित स्टाफ, विद्यार्थियों तथा अभिभावकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने उत्तीर्ण छात्रों के सफल व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दसवीं के परीक्षा परिणाम में पैराडाइज स्कूल सुंदरनगर के छात्रों का दबदबा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



अवंशिका। पलक। आदित्य।

**प्रदेश** स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी दसवीं के परीक्षा परिणामों में सुंदरनगर के पैराडाइज पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत से सफलता का एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। इसमें स्कूल की अवंशिका ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, पलक राव ने 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और आदित्य ने 91.5 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया है।

अंग्रेजी विषय में पलक ने 98 प्रतिशत, गणित विषय में अवंशिका ने 95 प्रतिशत, हिंदी में पलक ने 97 प्रतिशत, सामाजिक विज्ञान में अवंशिका और आदित्य ने 96 प्रतिशत, साइंस में अवंशिका और आदित्य ने 94 प्रतिशत, संस्कृत में अवंशिका, पलक ने 94 प्रतिशत, कंप्यूटर साइंस में आदित्य, पलक, हर्ष 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल का गौरव बढ़ाया है। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद, अध्यक्ष जयसिंह, शिक्षकगण और कर्मचारियों ने इस उपलब्धि पर छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# न्यू क्रिसेंट स्कूल जोगिंद्रनगर का परिणाम शानदार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा अर्जिमा ठाकुर ने 676 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आर्यन कौल ने 666 अंक लेकर दूसरा स्थान और कार्तिक सकलानी ने 663 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थी उच्च प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। 12 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए, जबकि 22 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। शेष सभी विद्यार्थियों ने 78 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और लगन का परिणाम है।

# लॉड्र्स कॉन्वेंट का परिणाम शत-प्रतिशत

## 10वीं कक्षा की पलक ने 96.57 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**लॉड्र्स** कॉन्वेंट स्कूल सरकाघाट का 10वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 10वीं कक्षा की पलक ने 96.57 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राधिका और सोनल ने 96.14 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान, स्वस्तिका ने 96 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान, अन्वेषा व सुनैना ने 95.8 प्रतिशत अंक लेकर चौथा स्थान और उदयभानु व तनिष्का ने 95.5 प्रतिशत अंक लेकर पांचवा स्थान हासिल किया।

स्कूल के 20 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत अंक से ज्यादा हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। इसी परीक्षा में उदय भानु ने इंग्लिश में 100, स्वस्तिका, सोनम, रिजुल मैथ्स 100, अन्वेषा ने साइंस में 100 पलक ने कंप्यूटर साइंस में 100 अंक लेकर स्कूल में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। स्कूल प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने बताया कि दसवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा फर्स्ट डिवीजन में पास की जो की स्कूल के लिए गौरव की बात है। इस परीक्षा परिणाम के लिए अभिभावकों का योगदान, अध्यापकों का अथक प्रयास और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत रंग लाई है। स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी बच्चों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई दी तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।




लॉड्र्स कॉन्वेंट स्कूल के होनहार विद्यार्थी व अध्यापक।

# छात्रों को बताए डेंगू से बचने के उपाय

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में शुक्रवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दीक्षा भंडारी व आशा वर्कर रीता देवी के द्वारा बच्चों को डेंगू को हराने और उससे बचने के उपायों से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को डेंगू जैसी बीमारी के फैलने के कारण, लक्षण व बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी मुहैया करवाई गई। उन्होंने बताया कि यह एक वायरल रोग है जो कि अक्सर मच्छर के काटने से फैलता है। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य सतीश ठाकुर द्वारा बच्चों को डेंगू बारे जानकारी देने के लिए स्वास्थ्य अधिकारी का धन्यवाद किया गया।

# देश विरोधी बयानबाजी करने से बाज आएं भाजपा नेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस पार्टी हिमाचल के सह संयोजक सन्नी ईपन ने मध्य प्रदेश में भाजपा के मंत्री के हाल ही में दिए बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने बताया कि भाजपा के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताकर न केवल भारतीय सेना का अपमान किया है बल्कि देश में सांप्रदायिकता का रंग चढ़ाने का भी कुकर्म किया है। आए दिन जिस प्रकार से नेताओं द्वारा नफरत भरे ब्यान दिए जा रहे हैं, वे न केवल हमारे देश में विभिन्न धर्मों की सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के लिए रुकावट है, बल्कि देश की एकता के लिए भी खतरनाक है। सन्नी ईपन ने यह भी आशंका जताई है कि कहीं पहलगाम जैसी घटना देश में चल रहे ऐसे ही अल्पसंख्यक विरोधी बयानबाजी और कार्यों के कारण तो नहीं हुई है। सन्नी ईपन ने इस बात पर खेद प्रकट किया कि आज पांच दिनों के बाद भी भाजपा द्वारा उस मंत्री के खिलाफ कोई भी कड़ी कार्रवाई नहीं करना अपने आप में बहुत कुछ बताता है।



# माहूंनाग स्कूल के शिक्षकों ने अपनाया ड्रेस कोड

## शिक्षा में अनुशासन व गुणवत्ता की दिशा में एक नई पहल, विभाग ने की सराहना

**अनंत ज्ञान, करसोग**

**सरकारी** कार्यालयों और संस्थानों में अनुशासन, पारदर्शिता और सकारात्मक कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने वाले राज्य सरकार के इस संकल्प की एक जीवंत मिसाल करसोग उपमंडल में देखने को मिली है। माहूंनाग स्कूल ने राज्य सरकार के इस संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए स्कूल के समस्त शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड लागू किया है।

इस पहल को 14 मई से प्रभावी रूप से लागू किया कर दिया गया है। विद्यालय का पूरा स्टाफ, लगभग 28 सदस्य, जिनमें शिक्षण और नॉन-टीचिंग स्टाफ दोनों शामिल हैं, स्वेच्छा से इस प्रयास का हिस्सा बने हैं। मांहूनाग स्कूल करसोग उपमंडल का पहला ऐसा स्कूल बन गया है, जिसने ड्रेस कोड की दिशा में इतनी एकजुट और अनुशासित पहल की है। स्कूल प्रधानाचार्य नरेंद्र जंवाल ने बताया कि यह निर्णय सीएम सुक्खू द्वारा शुरू की गई व्यवस्था परिवर्तन की भावना से प्रेरित होकर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अनुशासन और समानता किसी भी शिक्षण संस्थान की नींव होते हैं।



### शिक्षण गुणवत्ता में भी आएगा सुधार : यशवीर

**स्कूल** की इस पहल की उपनिदेशक शिक्षा मंडी यशवीर धीमान ने भी भूरी-भूरी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास अन्य स्कूलों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। इससे न केवल अनुशासन मजबूत होगा, बल्कि शिक्षण गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

## अनदेखी — स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा व बस किराया वृद्धि के खिलाफ माकपा ने सीएम को सौंपे ज्ञापन

# जोगिंद्रनगर अस्पताल में 19 में से 15 पद खाली

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

**स्वास्थ्य** सेवाओं की बदहाल स्थिति और हाल ही में हुई बस किराया वृद्धि के विरोध में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने जोगिंद्रनगर में प्रदर्शन तेज कर दिया है। माकपा के जिला सचिव एवं जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने सीडीएम जोगिंद्रनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री को दो ज्ञापन सौंपे। प्रतिनिधिमंडल में लोकल कमेटी सचिव एवं टिकरी मुशैहरा पंचायत के प्रधान रविंदर कुमार, जिला कमेटी सदस्य संजय जमवाल, युवा नेता अर्जुन बडवाल, रवि ठाकुर समेत अन्य सदस्य शामिल रहे। कुशाल भारद्वाज ने सीडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में 19 स्वीकृत डॉक्टरों के पदों में से 15 पद खाली पड़े हैं। एमडी, सर्जन, ईएनटी, स्किन, ऑर्थो, नेत्र और शिशु रोग विशेषज्ञ तक अस्पताल में नहीं हैं।

अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन होते हुए भी पिछले 18 वर्षों से सोनोग्राफर की नियुक्ति नहीं हुई, जिससे यह सुविधा निष्क्रिय पड़ी है। इसके अलावा स्टाफ नर्स, ओटीए, रेडियोग्राफर, एमएलटी, ईसीजी टेक्नीशियन, ड्राइवर, मिडवाइफ और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कुल 20 से अधिक पद खाली हैं। लडभड़ोल, चौंतड़ा और अन्य पीएचसी में भी यही स्थिति है, जिससे पूरा उपमंडल स्वास्थ्य सेवाओं के संकट से जूझ रहा है। माकपा ने सीएम से मांग की है कि सभी रिक्त पदों को अविलंब भरा जाए अन्यथा पार्टी को जनांदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)



माकपा के जिला सचिव कुशाल भारद्वाज के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल सीडीएम जोगिंद्रनगर को ज्ञापन सौंपते हुए।

### बस किराया वृद्धि वापस लेने की मांग

**मुख्यमंत्री** को भेजे दूसरे ज्ञापन में माकपा ने न्यूनतम बस किराया 5 से बढ़ाकर 10 रुपये करने और सामान्य किराए में 15 प्रतिशत वृद्धि को गरीब विरोधी कदम बताया। कुशाल भारद्वाज ने कहा कि यह निर्णय दिहाड़ी मजदूरों, किसानों, छात्रों और बेरोजगारों के लिए भारी आर्थिक बोझ बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली भाजपा सरकार ने भी दो बार किराया बढ़ाकर जनता को संकट में डाला था और अब कांग्रेस सरकार उसी राह पर चल रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे राज्य, जहां रेल सेवा लगभग न के बराबर है, वहां बस ही आम लोगों का एकमात्र सहारा है।

# बच्चों को डेंगू के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** स्वास्थ्य खंड रत्ती के अंतर्गत आने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बग्गी में खंड चिकित्सा अधिकारी रत्ती डॉ. पीयूष वैद्य के आदेशानुसार राष्ट्रीय डेंगू दिवस स्कूल की प्रिंसिपल बंदना शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। इस दिवस पर खंड स्वास्थ्य शिक्षक रत्ती सुरेश चंदेल ने बच्चों को डेंगू बीमारी के बारे में विस्तार से बताया कि डेंगू की बीमारी गर्मी व बरसात के मौसम में मच्छर के काटने से होती है।

चंदेल ने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है, जिसकी बढ़ोतरी खड़े हुए साफ पानी में होती है। उन्होंने कहा कि डेंगू के मुख्य लक्षण तेज बुखार, सिर दर्द, मासपेशियों या जोड़ों में दर्द, आंखों में दर्द, जी मिचलना या उल्टी आना, त्वचा पर लाल चकते हो तो तुरंत अस्पताल में जांच करवाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरल गांव आग से हजारों रुपए का नुकसान

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** समीपवर्ती गंगोट पंचायत के गुरल गांव में भयंकर आग से हजारों का नुकसान हुआ है। इस घटना की सूचना सनी सिंह ने फोन के माध्यम से फायर ब्रिगेड चिंतपूर्णी को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड कर्मी अग्निशमन वाहन लेकर मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया और बड़ा हादसा होने से बचाया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस और प्रशासन की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। आग की इस घटना में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। लोगों ने फायर ब्रिगेड की टीम की मदद की। वहीं, फायर पोस्ट इंचार्ज चिंतपूर्णी साहिल ठाकुर ने बताया कि एक करोड़ के लगभग के दो मकानों को आग में जलने से बचाया और हजारों का नुकसान हुआ है।

### गुग्गा जाहरवीर मंदिर नाईली में राम कथा 19 से

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** प्रसिद्ध गुग्गा जाहरवीर मंदिर नाईली के प्रांगण में राम कथा के लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। पंडित रवि शास्त्री ने बताया कि 18 मई को कलश यात्रा प्रसिद्ध ब्राह्मनिष्ठ संत श्री जितेंद्र मोहन के सानिध्य में मंदिर परिसर से निकाली जाएगी। इस नौ दिन की राम की तात्विक कथा 19 से 27 मई तक आयोजित होगी। कथा का समय सुबह 11 से 2 बजे तक रहेगा व उसके उपरांत सभी के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है। सभी क्षेत्रवासियों को चेला गुग्गा राजेश चेला व गुग्गा जाहरवीर सेवकों की तरफ से सादर निमंत्रण है कि वह परिवार सहित आकर तात्विक कथा का आनंद लें।

### श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर खैरियां में किया यज्ञ

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** कुटलैहड विधानसभा क्षेत्र की डीहर पंचायत के गांव खैरियां ठाकुरद्वारा में श्री लक्ष्मी नारायण एवं शिव मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं ने भजन कीर्तन कर माहौल भक्तिमय बना दिया। खैरियां गांव के श्री लक्ष्मी नारायण एवं शिव मंदिर पर विधि-विधान से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूर्ण आहुति देकर घर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। इसके बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर सेना से सेवानिवृत्त हवलदार जोगिंदर सिंह ठाकुर, रिटायर्ड सूबेदार हरदीप सिंह ठाकुर, रिटायर्ड डिप्टी रेंजर तिलकराज शर्मा, दिनेश, ओम दत्त, सुखवीर सिंह, रणजीत सिंह, राम सिंह, बलबीर सिह, किशोरी लाल, प्रवीण शर्मा, गुरदेव ठाकुर, पवन कुमार, रणदीप सिंह, अभी ठाकुर, राकेश धीमान, विक्रम सिंह, धर्मवीर राज, जगदेव सिंह, राम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मां संतोषी के भंडारे में कंवर ने की शिरकत

**अनंत ज्ञान, जोल।** उपतहसील जोल की मोमन्यार पंचायत के संतोषी माता मंदिर खुरवाई में भंडारा आयोजित किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बाबा वाल जी महाराज ने भक्तों को आशीर्वाद देते हुए प्रवचन वर्षा की। पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने भी भंडारे में शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पूजनीय संत बाबा बाल जी महाराज का आशीर्वाद लिया। इसके दौरान संतोषी माता के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। और ऐसे धार्मिक आयोजनों को सामाजिक समरसता का आधार बताया।

### नीलकंठ महादेव मंदिर का मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** बड़ूही पंचायत के प्रसिद्ध व ऐतिहासिक नीलकंठ महादेव मंदिर में मंदिर का स्थापना दिवस बड़ी ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक और आध्यात्मिक प्रवचनों से उपस्थित संगत को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में स्थानीय क्षेत्र के अलावा दूर-दराज से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने सुबह से ही मंदिर में पहुंचकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और आरती-पूजन में भाग लिया। बाबा बाल जी ने अपने प्रवचनों में धर्म, भक्ति, और सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी से प्रेम, करुणा एवं सदाचार के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। गोल्डी चौहान ने बताया की इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। कमेटी के प्रधान विजय ठाकुर ने बताया कि स्थापना दिवस के सफल आयोजन में स्थानीय प्रशासन, मंदिर कमेटी, वॉलंटियर तथा पंचायत प्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों में सहयोग की अपील की। (अनंत ज्ञान)

### चिंतपूर्णी बाजार में घूम रहा घायल बेसहारा बैल

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** स्थानीय बाजार में एक घायल बेसहारा बैल घूम रहा है, जिसकी अगली टांग पर काफी चोट लगी हुई है। स्थानीय लोगों ने मंदिर न्यास चिंतपूर्णी से मांग की है कि इस बैल का उपचार कराया जाए और इसे मंदिर की किसी गोशाला में शिफ्ट किया जाए। मंदिर न्यास चिंतपूर्णी की भूमिका इस मामले में महत्वपूर्ण है। न्यास को चाहिए कि वे स्थानीय लोगों की मांग पर बैल की देखभाल के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

### टकोली स्कूल में किया एनसीसी कैडेट्स का चयन



**अनंत ज्ञान, जोल।** उपतहसील जोल में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टकोली में शुक्रवार को छठी एनसीसी स्वतंत्र ऊना के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रविंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में नए सत्र हेतु एनसीसी कैडेट्स की भर्ती की गई। यह अवसर पर हवलदार मनीष की टीम विद्यालय पहुंची। इस भर्ती में 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें विद्यार्थियों की शारीरिक, मानसिक लिखित परीक्षा उपरांत पूर्ण किया गया। प्रधानाचार्य स्वर्ण सिंह ने बताया कि विद्यालय में एनसीसी यूनिट, जूनियर डिवीजन हेतु छात्रों का चयन वैकेंसी अनुसार एनसीसी कैडेट्स के रूप में किया गया है। इस मौके पर प्रधानाचार्य स्वर्ण सिंह, एनसीसी प्रभारी प्रिया शर्मा सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### भरवाईं स्कूल में सिलेक्ट किए एनसीसी कैडेट्स

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** छठी एनसीसी स्वतंत्र कंपनी ऊना के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रविंद्र सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरवाईं में नए सत्र के लिए 25 एनसीसी कैडेट्स की भर्ती की गई। इस अवसर पर एनसीसी कंपनी ऊना से हवलदार कुलविंदर सिंह की टीम स्कूल पहुंची इस भर्ती में 32 लड़के लड़कियों ने हिस्सा लिया। भर्ती में शामिल हुए सभी बच्चों का शारीरिक और चिकित्सा परीक्षण किया गया और पढ़ने लिखने की क्षमता का भी परीक्षण किया गया। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी ललित मोहन, सुनील कुमार, अरुण कुमार, कृष्ण चंद सिक्योरिटी टीचर और मैडम आरती और रीनू सरोच ने भाग लिया इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल सुरिंदर सिंह ने सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया।

### बस किराये में वृद्धि वापस ले प्रदेश सरकार : विनोद



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद शर्मा ने हिमाचल सरकार द्वारा हाल ही में बस किरायों में की गई वृद्धि का विरोध किया है। शर्मा ने कहा कि सरकार को आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए इस आदेश को वापस लेना चाहिए। बस किराये में वृद्धि से विद्यार्थियों पर भी असर पड़ेगा, खासकर उन बच्चों पर जिनके माता-पिता नहीं हैं। शर्मा ने सरकार से मांग की है कि आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए बस किराये में वृद्धि का आदेश वापस लिया जाए। इससे आम जनता को राहत मिलेगी और उनकी परेशानियां कम होंगी।

### रेड लाइट चौक पर हों मूर्तियां स्थापित : अरुण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा युवा नेता अरुण कौशल ने उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने ऊना शहर की मुख्य रेड लाइट चौक का नाम सद्भावना चौक रखने की मांग की। उन्होंने उस चौक पर डॉ. भीमराव अंबेडकर, भगवान परशुराम और वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित करने की मांग उठाई है। उन्होंने हमीरपुर मार्ग पर राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी आश्रम तक स्ट्रीट लाइटों के विस्तार की मांग भी उठाई है। उन्होंने कहा कि हमें देश हित और समाज हित में एक होकर चलने की जरूरत है।

### पंजैन में विशाल धार्मिक सम्मेलन एक जून से

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उत्तर भारत की पवित्र भूमि एक बार फिर श्रद्धा और आस्था के रंगों से सराबोर होने जा रही है। उपमंडल बंगाणा के थानाकलां के पंजैन गांव थानाखास स्थित बाबा पहाड़िया मंदिर में आगामी एक से 7 जून तक एक विशाल धार्मिक सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। मंदिर के गद्दीनशीन अल्का ठाकुर ने बताया कि यह पावन कार्यक्रम गद्दीनशीन बाबा अशोक कुमार के नेतृत्व में संपन्न होगा, जिसमें विभिन्न देवी-देवताओं की भव्य मूर्ति स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत 1 जून को एक भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। यह यात्रा बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन से चलकर सिद्ध कालेश्वर मंदिर, चमुक्खा (तहसील रक्कड़) पहुंचेगी। इस दौरान मूर्तियों को वैदिक मंत्रों और संगीतमय बैंड-बाजों की धुनों के साथ ले जाया जाएगा। वहां पर सभी देव प्रतिमाओं का विधिवत स्नान कराया जाएगा। इसके बाद सिद्ध कालेश्वर में मूर्तियों को जल समाधि दी जाएगी। छह दिनों की विधिपूर्वक पूजा और अनुष्ठान के पश्चात, बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन में देव मूर्तियों की स्थापना विधि पूरी की जाएगी।

# युवाओं के लिए टकसाल बनेंगे डे-बोर्डिंग स्कूल

## शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री सुक्खू की सोच धरातल पर ले रही साकार रूप

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन की दिशा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दूरदर्शी सोच अब धरातल पर साकार रूप ले रही है। उनकी प्रेरणा और नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी राजकीय मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना कर रही है। आने वाले दिनों में ये अत्याधुनिक संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से आत्मविश्वासी युवाओं की टकसाल सिद्ध होंगे।

इन स्कूलों में प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई होगी और इन्हें सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुरूप संचालित किया जाएगा। विद्यालयों में हाई-टेक स्मार्ट क्लासरूम, खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, स्विमिंग पूल, म्यूजिक रूम जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त आधार बनेंगी।

**ऊना जिले में प्रगति की रफ्तार तेज** : ऊना जिले में उच्च शिक्षा विभाग के उपनिदेशक अनिल कुमार ने बताया कि जिले के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों ऊना, हरोली, गगरेट, चिंतपूर्णी और कुटलैहड़ में आवश्यक प्रक्रियात्मक औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं और निर्माण कार्य की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

ऊना विधानसभा क्षेत्र में जनकौर हार, हरोली में बढ़ेड़ा, गगरेट में संघनई, चिंतपूर्णी में लडोली तथा कुटलैहड़ के बंगाणा (बोट) को निर्माण स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है। गगरेट विधानसभा क्षेत्र के संघनई में 2.50 करोड़ रुपए प्राप्त हो चुके हैं और निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। हरोली के बढ़ेड़ा में भी 1.50 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। अन्य स्थलों पर भी जल्द ही निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा।

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि यह निर्माण कार्य मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच के अनुरूप पूरी तत्परता से किया जा रहा है। प्रत्येक विद्यालय 100 कनाल से अधिक भूमि पर निर्मित किया जाएगा, जिसमें शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों के लिए भरपूर स्थान सुनिश्चित किया जाएगा।

बता दें, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा राज्य में शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के संकल्प के रूप में ये आधुनिक स्कूल आकार ले रहे हैं।

इनका उद्देश्य केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं, बल्कि छात्रों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त वातावरण में व्यक्तित्व विकास की संपूर्ण सुविधा उपलब्ध कराना है। यह पहल प्रदेश की भावी पीढ़ी को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। (अनंत ज्ञान)



डे-बोर्डिंग स्कूल का कार्य तेज गति से किया जा रहा है।

### जनप्रतिनिधियों व आमजन ने जताया आभार

**सरकार** के इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में हर्ष की लहर है। संघनई पंचायत की प्रधान ईशा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने कहा कि इन स्कूलों की स्थापना से ग्रामीण विद्यार्थियों को अब घर के पास ही श्रेष्ठ, प्रतिस्पर्धात्मक और आधुनिक शिक्षा प्राप्त होगी। जिले के तमाम लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की विकास की सोच और प्रयासों की एक स्वर में सराहना करते हुए उनके प्रति आभार जताया है।

# परीक्षा परिणाम में एसबीएन स्कूल चौकीमन्यार के मेधावी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जोल**

स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौकीमन्यार ने इस वर्ष दसवीं की कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल प्रधानाचार्य जगदीश धीमान ने बताया कि स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। छात्रों ने अपने माता-पिता और अध्यापकों एवं स्कूल का नाम रोशन किया है। इस कार्य के लिए सभी बच्चे और अध्यापक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल के कुल 23 बच्चों ने दसवीं कक्षा की परीक्षा दी और इस स्कूल के सभी बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं।

विद्यालय की छात्रा सिमरन शर्मा 700 में से 664 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, अलिशा मोदगिल ने 659 अंकों के साथ दूसरा स्थान और कृष्णा कौशल, यासमीन और आनंदीका ठाकुर ने 650 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं, इसी स्कूल की छात्रा वंशिका शर्मा 648, सिमरन 641, आदित्य ठाकुर 637, तान्या ने 636 अंक प्राप्त किए हैं। इस खुशी के मौके पर स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

प्रधानाचार्य जगदीश धीमान ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों का मुंह मीठा करवा कर बधाई एवं आशीर्वाद दिया, साथ ही उन्नति और सफलता हेतु प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता को सभी के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया और भविष्य में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां की आशा जताई। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार ने बच्चों को बधाई दी।



स्कूल के प्रधानाचार्य बच्चों का मुंह मीठा करवाते हुए

# बुधान स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय



बुधान स्कूल की मेधावी छात्राएं।

**विनोद शर्मा, लठियाणी**

उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में दसवीं की बोर्ड की परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल प्रशासन ने मैडल व हार पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इन होनहार विद्यार्थियों के अभिभावक भी मौजूद थे। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान के विधार्थियों ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा , कड़ी मेहनत, समर्पण और उनके ईमानदार प्रयासों को प्रदर्शित करती हैं।

स्कूल के सभी शिक्षक विद्यार्थियों के परिणामों के बहुत ही उत्साहित हैं। मुस्कान ने 666/700 प्रथम ,मुस्कान ने आंचल कौर ने 653/700 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान, रिया ठाकुर ने 614/700 अंक प्राप्त कर स्कूल मे तीसरा स्थान, नमन चंदेल ने 597 अंक स्कूल में चौथा व सृष्टि ने 595 अंक लेकर पांचवा स्थान प्राप्त किया। कंप्यूटर विज्ञान में 4 विधार्थियों को 100/100 अंक मिले। इस स्कूल के 14 विधार्थियों ने शिक्षा में 75त्न से अधिक अंक अर्जित किए। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यालय में पोषित समर्पण, अनुशासन और शैक्षणिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल ठाकुर ने इन मेधावी विधार्थियों, उनके गौरवान्वित माता-पिता और समर्पित शिक्षण संकाय को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई प्रदान की। इस अवसर पर अनिल कुमार उप-प्रधानाचार्य, अम्बिका रानी , प्रवीण शर्मा , मनोज कुमार ,राजीव डोगरा, सुदेश कुमारी , धीरज कतना व प्रवीण कुमारी प्रधान स्कूल प्रबंधन समिति व अभिभावकों में अरुण कुमार, स्वीटी देवी,सरिता देवी,प्रकाश चंद, अरुण कुमार व सुरजीत मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# भंजाल स्कूल के मेधावी छात्रों का किया सम्मान



भंजाल स्कूल के मेधावियों को सम्मानित करते अध्यापक।

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित 15 मई को घोषित हुआ। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल का परिणाम लगभग 90 फीसदी सफल रहा। स्कूल में पहले स्थान पर 647 अंक के साथ हर्ष, दूसरे स्थान पर 638 अंक के साथ कार्तिक, व तीसरे स्थान पर 628 अंक के साथ अक्षित रहा आज उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले मेधावी छात्रों को स्कूल प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। यह जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल राजन शर्मा ने दी। उन्होंने छात्रों की उपलब्धि के लिए पाठशाला के स्टाफ को बधाई दी है और इस बढ़िया परीक्षा परिणाम को अध्यापकों एवं छात्रों की मेहनत का परिणाम बताया है।

# रायपुर मैदान स्कूल में 10वीं परीक्षा परिणाम के मेधावियों का सम्मान

**अनंत ज्ञान, लठियाणी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान के दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन छात्रों को स्कूल प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। स्कूल के उपप्रधानाचार्य पवन कुमार ने बताया कि स्कूल का परिणाम 80 प्रतिशत रहा, स्कूल की छात्रा रुचि ने 626 अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान, हर्षित राणा ने 624 अंक लेकर द्वितीय स्थान ,कार्तिक शर्मा एवं रागिनी परमार ने 619 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के उप प्रधानाचार्य पवन कुमार ने इन होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करने के उपरांत कहा बताया कि ये उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर शारीरिक अध्यापक विजय कुमार, संजय कंवर, वीरेंद्र कुमार, सुरेश अग्निहोत्री, सुरेंद्र, दीक्षित पटियाल, पूनम जगोता, सोनिया, शोभा, हर्षिता के अलावा स्कूल के शिक्षक मौजूद थे।



स्कूल के मेधावी छात्र अध्यापकों के साथ

### अक्षरा ने कंप्यूटर साइंस में लिए शत प्रतिशत अंक, डॉक्टर बनेगी



**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** एसडी. पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, संतोषगढ़ की छात्रा अक्षरा ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 685/700 अंक हासिल किए। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके पिता अरविंद कुमार और माता- डिंपल कुमारी, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अक्षरा ने अंग्रेजी में 98, गणित में 96, हिंदी में 97, सामाजिक विज्ञान में 99, विज्ञान में 97, पंजाबी में 98 और कंप्यूटर साइंस में 100 अंक प्राप्त कर अपनी कड़ी मेहनत और लगन का परिचय दिया। अक्षरा का सपान डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। उन्हें प्रिंसिपल और शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अक्षरा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। (अनंत ज्ञान)

# पूर्व विधायक ने मेधावियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं की वार्षिक परीक्षा में टाप टेन में स्थान पाकर प्रदेश भर में विधानसभा क्षेत्र गगरेट का मान बढ़ाने वाले विद्यार्थियों के घर पहुंच कर प्रदेश भाजपा सचिव व पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार के साथ इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया है। पूर्व विधायक राजेश ठाकुर वीरवार को उन सभी पांच विद्यार्थियों के घर पहुंचे, जिन्होंने टाप टेन में स्थान पाया। उन्होंने इन विद्यार्थियों को तो भविष्य में भी कड़ी मेहनत कर मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी इनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

राजेश ठाकुर ने प्रदेश भर में चौथा स्थान व ऊना जिले में पहला स्थान हासिल करने वाली एंजल के गगरेट स्थित घर पहुंचकर न सिर्फ इस उपलब्धि के लिए एंजल व उसके परिजनों को बधाई दी बल्कि उसे नकद पुरस्कार से भी सम्मानित किया। उन्होंने प्रदेश भर में आठवां स्थान हासिल करने वाली क्रिस्टी शर्मा के घर पहुंच कर उसका मुंह मीठा करवा उसे व परिजनों को बधाई दी और उसे नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

उन्होंने जाड़ला कोयड़ी गांव पहुंच कर प्रदेश भर में नौंवा स्थान हासिल करने वाली यशिता को भी बधाई दी और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रदेश भर में दसवें स्थान पर रही आरुषि ठाकुर के बेह गांव पहुंच कर उसे भी सम्मानित किया तो प्रदेश भर में दसवें स्थान पर रही। अक्षिता चौधरी को भी इस उपलब्धि के लिए नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

राजेश ने कहा कि खुशी की बात है कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भी निजी स्कूलों के विद्यार्थियों से स्पर्धा करते हुए आगे निकल रहे हैं। इनमें से तमाम विद्यार्थी सामान्य घरों से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने कहा कि ये विद्यार्थी ही इस देश का भविष्य हैं, अन्य विद्यार्थी भी इनसे प्रेरणा लेकर सफलता के फलक पर छाने का प्रयास करें।



प्रदेश में चौथा व जिले में प्रथम स्थान हासिल करने वाली एंजल को सम्मानित किया गया।

# ऊना में खनन रक्षक पदों के लिए शारीरिक फिटनेस परीक्षा संपन्न

**10 पदों के लिए 192 ने परीक्षा में लिया भाग, 146 उत्तीर्ण**

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में खनन रक्षक के 10 पदों के लिए उद्योग विभाग द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाइन झलेड़ा में शारीरिक फिटनेस परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। यह परीक्षा पुलिस विभाग, जिला खेल एवं युवा सेवाएं अधिकारी, शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हुई।

खनन अधिकारी नीरज कांत ने बताया कि निर्धारित 10 पदों के लिए 299 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 192 अभ्यर्थी शारीरिक परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से 146 अभ्यर्थियों ने दौड़, लंबाई, वजन आदि मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण की, जबकि 46 अभ्यर्थी निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतर सके। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में 45 महिलाएं और 101 पुरुष शामिल हैं। चयन प्रक्रिया के अगले चरण के संबंध में योग्य अभ्यर्थियों को विभागीय माध्यमों से समयानुसार सूचित किया जाएगा।

परीक्षा के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, डीएसपी मुख्यालय अजय ठाकुर तथा जिला खेल एवं युवा सेवाएं अधिकारी उत्तम डोड भी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु एंबुलेंस तथा चिकित्सीय टीम को मौके पर तैनात किया गया था। खनन अधिकारी ने परीक्षा आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी विभागों और उनके अधिकारियों व कर्मियों के प्रति आभार प्रकट किया।

### कार्यों की धरातल पर समीक्षा करें अधिकारी : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग मंडल बंगाणा के अधिकारियों के साथ खंड विकास भवन बंगाणा में एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि फील्ड में चल रहे सभी निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द और गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए।

इस दौरान विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि जनता की लंबे समय से चली आ रही बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान अब निकट है, क्योंकि सरकार द्वारा क्षेत्र की दर्जनों सड़कों को स्वीकृति दी जा चुकी है। इस अवसर पर कार्यकारी एसडीएम एवं तहसीलदार अमित कुमार, बीडीओ सुशील कुमार, एक्सईएन लोनिवि अरविंद लखनपाल, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कांग्रेस नेता सुदेश शर्मा के अलावा लोनिवि के अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य मौजूद रहे।

**आयोजन** डांस के सुपरस्टार सीजन पांच का 28वां ऑडिशन लॉर्ड कृष्णा स्कूल में संपन्न

# बच्चों ने दिखाई नृत्य प्रतिभा, 12 क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

डांस के सुपरस्टार सीजन पांच के अंतर्गत 28वां ऑडिशन आज लॉर्ड कृष्णा स्कूल कोटलाकलां में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। ऑडिशन में कुल 68 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी नृत्य प्रतिभा से निर्णायक मंडल व शिक्षकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के चेयरमैन शिव कुमार उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि डांस एक ऐसी कला है, जो व्यक्ति को नकारात्मकता से निकालकर आत्मचिंतन और आत्मविश्वास की ओर ले जाती है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को मंच मिलता है और उनका आत्मविकास होता है। ऑडीशन के पश्चात 12 प्रतिभागियों को क्वार्टरफाइनल के लिए चयनित किया गया, जबकि 9 को वेटिंग लिस्ट में रखा गया है। क्वार्टरफाइनल के लिए चयनित प्रतिभागियों में खुशबू (0919), नवनीत (0920), मनप्रीत (0928), अलीशा (0929), अंशिका (0931), राजवीर (0936), सोनाक्षी (0942), रिषिका (0918), दृष्टि (0944), यशप्रीत (0945), यशिका (0946), आरुषि (0947) शामिल हैं।

वहीं, वेटिंग लिस्ट में शामिल प्रतिभागियों में दिव्यांशी (0908), सेजल (0924), वैष्णवी (0924), गौरी (0925), सृष्टि (0925), इशिता (0939), शिवांशी (0940), पुनीत (0941), कल्पना (0943) शामिल हैं। प्रतिभागियों में विशेष रूप से उल्लेखनीय नाम निम्रत, दिव्यांशी, अश्मिता, नंदिनी, दीक्षा, अंशिका, रितिका, आरुष, आकाश, सिमरत, जानवी, प्रीति, गरिमा, शगुन, पल्लवी, नव्या, अनन्या, रिद्धिमा, सीरत, परी, नेहा, परमार, कृष्प्रीत, रिवांशी, तानिया, रिया, इशिका, अर्शिता, प्रिया, गुरजोत, अरनब, शौर्य, रियांश, मनिंद्र, नवजोत, प्रीत, जसकरण, जश्नजीत, वरुण, गुरमन, आयुष, समृद्धि आदि शामिल हैं।

कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि यह शृंखला 12 अप्रैल से शुरू हुई थी और आगामी 8 जून तक चलेगी। अब तक 28 ऑडिशन आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 2568 से अधिक बच्चों ने भाग लिया है।



ऑडिशन में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी छात्र, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया

### वशिष्ठ पब्लिक स्कूल में आज होगा अगला ऑडिशन

卐डांस के सुपरस्टार सीजन 5卐 का अगला ऑडीशन 17 मई (शुक्रवार) को सुबह 10 बजे वशिष्ठ पब्लिक स्कूल, बड़ाहला में आयोजित किया जाएगा। नृत्य प्रेमी बच्चे इसमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

# चिलचिलाती गर्मी में चकसराये में पक्षियों के लिए मसीहा बने दिनेश

**हीना पठानिया, बड़ूही**

गर्मी का प्रकोप जहां इंसानों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहा है, वहीं बेजुबान पक्षियों के लिए भी यह मौसम जानलेवा साबित हो रहा है, लेकिन उपमंडल अंब की पंचायत चकसराये में एक पक्षी प्रेमी दिनेश शर्मा ने इन नन्हें जीवों के लिए मिसाल कायम की है। दिनेश शर्मा इन दिनों गांव की सड़कों के किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर लगे पेड़ों के साथ मिट्टी के बने बर्तनों में पानी भरकर लटका रहे हैं।

शुक्रवार को जब उन्हें चकसराये में एक सड़क किनारे यह काम करते देखा गया, तो पूछने पर उन्होंने बतायाकि यह मेरा रोज का काम है। जैसे ही गर्मी शुरू होती है, मैं पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करता हूं। उन्होंने बताया कि अब तक वे लगभग 40 मिट्टी के बर्तनों में नियमित रूप से पानी भरते हैं और उन्हें ऐसे स्थानों पर टांगते हैं, जहां पक्षियों की आवाजाही अधिक रहती है। दिनेश शर्मा का मानना है कि यह धरती सिर्फ इंसानों की नहीं, बल्कि हर जीव की है और गर्मी में जब सभी जीव पानी की तलाश में भटकते हैं, तो इंसानों का फर्ज बनता है कि वे उनके लिए भी सोचें।

गांव के अन्य लोगों ने भी दिनेश शर्मा की इस पहल की सराहना की है और कुछ युवाओं ने उनके इस कार्य में हाथ बंटाने की इच्छा भी जताई है। दिनेश शर्मा की यह पहल निश्चित तौर पर समाज के लिए एक प्रेरणा है और यह दिखाती है कि यदि इच्छाशक्ति हो तो कोई भी व्यक्ति बड़ा बदलाव ला सकता है। दिनेश शर्मा ने गांववासियों और आमजन से भी अपील की है कि वे अपने घरों की छतों, बालकनियों और खुले स्थानों पर पानी के बर्तन रखें ताकि प्यासे पक्षियों को राहत मिल सके। गर्मी के इस मौसम में यह एक छोटी लेकिन बेहद जरूरी मदद हो सकती है। (अनंत ज्ञान)



पेड़ पर पानी का बर्तन लटका हुआ।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में सैकड़ों लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू द्वारा विवा केयर हॉस्पिटल के सहयोग से एकदिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आगाज सुबह 10 बजे से संस्थान के प्रमुख प्रबंधक निदेशक सुखदेव मसीह एवं एसोसिएट डायरेक्ट कुमारी ज्योति मार्या मसीह द्वारा किया गया।

यह शिविर कुल्लू के प्रदर्शनी ग्राउंड, ढालपुर में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य समुदाय को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराना तथा स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना था। शिविर में नेत्र जांच, दंत चिकित्सा परामर्श, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण और फिजियोथैरेपी सेवाएं निशुल्क प्रदान की गईं। कुल्लू और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर इन सेवाओं का लाभ उठाया।

इस अवसर पर निम्न विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सेवाएं प्रदान की। इनमें डॉ. कमल कपूर वरिष्ठ नेत्र सर्जन, डॉ. भाव्या पंडित दंत चिकित्सक, डॉ. सुमित सामान्य चिकित्सक व अभिषेक सिंह -फिजियोथैरेपिस्ट ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की अध्यापिकाओं और विद्यार्थियों की सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उन्होंने स्वास्थ्य मूल्यांकन के साथ-साथ विविध शैक्षणिक एवं रचनात्मक स्टॉल्स का संचालन किया।

## 28 साल बाद साकार होगा भुंतर में डबल लेन ब्रिज का सपना, सवा 5 करोड़ से हो रहा तैयार

# जुलाई में शुरू होगा भुंतर डबल लेन ब्रिज

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि भुंतर में डबल लेन वैली ब्रिज बनने का जो सपना यहां की जनता 28 सालों से देख रही है, वह जल्द ही साकार होने वाला है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को भुंतर में निर्माणाधीन डबल लेन वैली

ब्रिज के निरीक्षण के दौरान कही। भुंतर स्थित ब्यास नदी पर डबल लेन वैली ब्रिज का निर्माण युद्ध स्तर पर जारी है। शुक्रवार को स्थानीय विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को ब्रिज के जल्द निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक ने कहा कि भुंतर में ब्रिज का निर्माण कार्य करीब 3 दशक के बाद हो रहा है। भुंतर में सिंगल लेन ब्रिज होने से स्थानीय लोगों और बाहरी राज्यों से आने वाले सैलानियों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता था। 28 सालों से यहां की जनता डबल लेन वैली ब्रिज बनाने की मांग कर रही थी, जो कि



कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर निर्माणाधीन भुंतर वैली ब्रिज के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

अब पूरी होने जा रही है। प्रदेश की सुख की सरकार के नेतृत्व में चार दशक बाद भुंतर में डबल लेन वैली ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। इस पुल निर्माण में सवा 5 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है।

भुंतर वैली ब्रिज के निर्माण कार्य जून माह में पूरा होने की संभावना है और जुलाई माह के पहले सप्ताह में भुंतर वैली ब्रिज वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल होगा। आधुनिक तकनीक से भुंतर डबल लेन वैली ब्रिज का निर्माण कार्य किया जा रहा है। भविष्य में इस पुल पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहरी राज्यों से आने वाले सैलानियों को यातायात की बेहतर सुविधा मिलेगी। भविष्य में ब्यास नदी में बाढ़ से भी पुल को कोई खतरा नहीं होगा न ही लोगों को। इसकी नींव धरातल से 14 मीटर अंदर रखी गई है। (अनंत ज्ञान)

### राजीव घाट का भी होगा निर्माण

**उन्होंने** कहा कि भुंतर स्थित संगम स्थल में राजीव घाट का भी निर्माण कार्य किया जाएगा। यहां पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी व पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की अस्थियां विसर्जित की गई हैं इसलिए यहां पर बहुत से घाट बनाए जाएंगे। आने वाले समय में इस क्षेत्र को और विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भुंतर में ब्यास नदी के तटीकरण के लिए 14 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।

# पर्यटकों को कचरा निपटान के लिए संग्रह बैग किए जा रहे प्रदान : अनुराधा राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति में साडा कमेटी के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन अटल-टनल के नॉर्थ पोर्टल पर किया गया।

जिला प्रशासन लाहौल-स्पीति के इस स्वच्छ और हरा-भरा लाहौल अभियान में स्थानीय विधायक अनुराधा राणा ने स्थानीय लोगों से कहा कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने और सतत पर्यटन अभ्यास को बढ़ावा देने की दिशा में चल रहे हस्तक्षेप के हिस्से के रूप में, साडा लाहौल, साहस और आयशर ग्रुप फाउंडेशन के साथ मिलकर सूचना, शिक्षा और संचार (आईसीई) और व्यवहार परिवर्तन संचार (बीबीसी) रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इन पहलों का उद्देश्य इस क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों के बीच पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देना है। पर्यटकों को जिम्मेदार तरीके से कचरा निपटान के लिए संग्रह बैग प्रदान किए जा रहे हैं। पर्यटकों द्वारा उत्पन्न सूखे कचरे के संग्रह के लिए उत्तर पोर्टल, साडा बैरियर पर एक कचरा कियोस्क स्थापित किया गया है। पर्यटकों को कचरे को अलग करने और अपने कचरे का उचित तरीके से निपटारा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने पर्यटकों से भी अपील की है कि साडा बैरियर से कचरा निपटान बैग प्राप्त करे। अपने कचरे को अलग करें और प्लास्टिक कचरे को बैग में इकट्ठा करें। सड़कों और पर्यटक स्थलों पर कूड़ा न फैलाएं तथा कचरे के साथ बैग को कियोस्क पर वापस जमा करें। इस अवसर पर डीसी किरण भड़ाना, एसडीएम आकांक्षा शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल में साडा कमेटी के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोग।

# गुरु गोबिंद के पारिवारिक सदस्यों के मंचीय अभिनय पर रोक के एसओपी का करें पालन

**अनंत ज्ञान, आनी**

जिला प्रशासन कुल्लू द्वारा भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों और उनके परिवार के सदस्यों के मंचीय चित्रण पर रोक संबंधी मानक संचालन प्रक्रिया को सख्ती से लागू किया जा रहा है।

इस संबंध में डीसी कुल्लू ने सभी एसडीएम सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार सिख धर्म एवं सिख रहत मर्यादा के अनुसार, किसी भी व्यक्ति को गुरु गोबिंद सिंह, उनके परिवार अथवा साहिबजादों के रूप में मंच, नाटक, या किसी भी सार्वजनिक प्रदर्शन में अभिनय करना प्रतिबंधित और अनुचित माना गया है। यह देखा गया है कि विभिन्न स्कूलों और आयोजनों में छोटे बच्चे साहिबजादों की भूमिका निभाते हुए दृश्य प्रस्तुत करते हैं, जिसमें उन्हें दीवार में चिनवाने जैसी घटनाएं भी दिखाई जाती हैं। ऐसे चित्रण सिख परंपराओं के विरुद्ध हैं।

इसके चलते किसी भी व्यक्ति द्वारा सिख गुरुओं या उनके परिवार के सदस्यों की भूमिका निभाना और उनकी पूजा करना सख्त वर्जित और अपमानजनक माना जाएगा। नाटक, ड्रामा या अन्य किसी भी प्रदर्शन में सिख गुरुओं एवं उनके परिवार के सदस्यों का मंचन प्रतिबंधित रहेगा। वे किसी भी नाटक या स्टेज प्ले का हिस्सा नहीं बन सकते। बच्चों को भी साहिबजादों की पोशाक पहनाना अथवा उनका अभिनय करवाना सिख आचार संहिता के खिलाफ है। सिख गुरुओं और उनके परिवार के सदस्यों की महिमा केवल लेख या मौखिक रूप में वर्णित की जा सकती है।

उनका इतिहास केवल एनिमेशन के माध्यम से दर्शाया जा सकता है, अभिनय द्वारा नहीं दर्शाया जाएगा। सिख इतिहास के अनुसार, साहिबजादा जोरावार सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह, जो गुरु गोबिंद सिंह के सुपुत्र थे, वर्ष 1704 में सिरहिंद (पंजाब) में जबरदस्ती दीवार में चिनवा दिए गए थे। भारत सरकार हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में उनकी महान शहादत को समर्पित करती है। मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) यह सुनिश्चित करती है कि सिखों की रहत मर्यादा का पालन करते हुए साहिबजादों के बलिदान का सम्मान हो।

# क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में महिला डॉक्टर पर मरीज ने किया जानलेवा हमला, घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में गत रात्रि उपचार के दौरान एक मानसिक रोगी ने डॉक्टर के साथ हाथापाई की है। इस घटना में डॉक्टर के गर्दन व नाक में खरोंच आई है।

मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। जानकारी के अनुसार गत रात भुंतर नशा निवारण केंद्र से एक मरीज आपात स्थिति में कुल्लू अस्पताल में दाखिल किया गया। इस दौरान जब मरीज को चैकअप करने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर आए, तो मरीज का मानसिक संतुलन बिगड़ गया और उसने डॉक्टर और स्टाफ के साथ हाथापाई शुरू की। इस दौरान मरीज को काफी देर तक शांत करवाने की कोशिश की, लेकिन मरीज ने उपचार करने आए डॉक्टर पर हाथ उठाए, जिससे उन्हें चोट आई है।

> **रात** को ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर, जब इस मरीज को देखने पहुंचे, तो इस दौरान इस मरीज का मानसिक संतुलन बिगड़ गया और उसने डॉक्टर के साथ हाथापाई की। इस दौरान डॉक्टर के गर्दन में खरोंच आई थी, इस मामले को लेकर पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया है ।
>
> **डॉ. तारा चंद एमएस क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू।**

> **अस्पताल** प्रबंधन की ओर से पुलिस को बीती रात को घटना की सूचना दी गई थी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन महिला डॉक्टर ने किसी भी तरह की कार्रवाई करवाने को लेकर इंकार किया। इसके चलते शिकायत दर्ज नहीं हुई है।
>
> **निर्मल, एसएचओ कुल्लू थाना।**

बताया जा रहा है कि मरीज का उपचार नशा मुक्ति केंद्र भुंतर में किया जा रहा है ।

# सड़क और फुटपाथ पर वाहनों का कब्जा

**एम बोकटापा, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली के मॉडल टाउन में बीएसएनएल बिल्डिंग के साथ लगते फुटपाथ पर पार्क किए जा रहे दोपहिया और चौपहिया वाहनों के चलते इस फुटपाथ का प्रयोग करने वाले लोग पिछले काफी समय से परेशान हैं। इस फुटपाथ के साथ लगती सड़क पर खड़े वाहन इस परेशानी और जोखिम को और बढ़ा रहे हैं।

इस स्थान पर एक व्यक्ति की मौत वाहन की चपेट में आने से कुछ समय पहले हो चुकी है, जबकि तेजी से दन दनाते दो पहिया वाहनों से भी कुछ लोग घायल हो चुके हैं। यही समस्या चार नंबर वार्ड सहित मनाली के अन्य फुटपाथों पर भी विद्यमान है। किराये पर दिए जाने वाले दो पहिया वाहनों की अनधिकृत पार्किंग से समस्या और गंभीर हुई है। सियाली महादेव मार्केट से सरकारी स्कूल तथा मिशन अस्पताल के मध्य की सड़क पर पैदल चलना अनधिकृत तौर पर पार्क किए



फुटपाथ पर खड़े किए वाहन, जिस कारण राहगीरों को झेलनी पड़ रही दिक्कतें।

वाहनों के चलते काफी जोखिम भरा हो गया है। ये हाल सिर्फ मॉडल टाउन का ही नहीं, बल्कि मनाली के साथ-साथ झाड़ंग एलियो जगतसुख का भी है। अधिकांश वाहन सड़कों के किनारे ही खड़े होतें हैं, जिससे लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। यही हाल वॉल्वो बस स्टैंड से मनाली बस स्टैंड का है। टैक्सी और निजी वाहन सड़क किनारे खड़े होते हैं, जिस कारण पर्यटकों की भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय वासियों ने प्रशासन और पुलिस से इस समस्या के समाधान का आग्रह किया है। उधर, नगर परिषद अध्यक्ष मनोज लारजे ने बताया कि हमने खासकर दो पहिया वालों को हिदायत भी दी है कि वह अपनी दो पहिया को अपने गैराज और निजी पार्किंग में ही खड़ा करें। इस संबंध में डीएसपी मनाली और पुलिस अधीक्षक कुल्लू को भी पत्र लिख कर कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। डीएसपी केडी शर्मा मनाली ने बताया कि लोगों को चिन्हित जगहों पर ही पार्किंग के आदेश दिए गए हैं। गलत पार्किंग करने वालों का मनाली पुलिस समय-समय पर चलान कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# बिलासपुर-लेह रेलवे सर्वे दोबारा किया जाए : वेदराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू प्रधान संघ के पूर्व प्रधान वेदराम ठाकुर ने कहा कि तुर्की की कंपनी द्वारा किए गए बिलासपुर-मनाली रेल लाइन सर्वे को रद्द किया जाए।

यह बात उन्होंने शुक्रवार को कुल्लू में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। वहीं, एडवोकेट रेवत राणा, ज्ञान चंद और एडवोकेट ललित सिंह ठाकुर भी इस दौरान उपस्थित रहे। इन सभी ने संयुक्त प्रेस बयान में बिलासपुर-मनाली-लेह रेलवे सर्वे का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर-मनाली-लेह रेलवे लाइन का सर्वे तुर्की की कंपनी ने किया है और तुर्की हमारे विरोधी देश पाकिस्तान का साथ दे रहा है, ऐसे में उन्होंने शक जाहिर करते हुए कहा कि तुर्की सर्वे से संबंधित सभी जानकारी पाकिस्तान के साथ साझा कर




जिला कुल्लू पंचायत प्रधान संघ के पूर्व प्रधान व अन्य गणमान्य लोग।

सकता है। इस रेलवे मार्ग का सर्वे तुर्की की कंपनी युक्सेल कंपनी से करवाया है, जो कि भविष्य में देश की रक्षा के लिए घातक साबित हो सकता है क्योंकि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान तुर्की ने पाकिस्तान का युद्ध में साथ दिया है, ऐसे में तुर्की की इस कंपनी द्वारा सर्वे करवाना देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। वेदराम ने कहा कि जहां एक ओर तुर्की के भारत के प्रति रवैए को देखते हुए देश के सभी व्यापारियों ने तुर्की के सामान के आयात का विरोध किया है। वहीं, तुर्की जाने वाले लाखों भारतीय लोगों ने अपनी बुकिंग भी रद्द करवा दी है। वहीं, दूसरी ओर हमारी सरकार तुर्की की कंपनी को बिलासपुर-लेह रेलवे मार्ग के सर्वे की जिम्मेदारी देकर दोहरा मापदंड अपना रही है, जोकि किसी भी सूरत में सहन नहीं होगा। वहीं, वेदराम ठाकुर ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि यह सभी जानते हैं कि कुल्लू-मनाली पर्यटन की दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खासी पहचान बनाए हुए हैं।

# पुलिस ने 8 ग्राम चिट्टे सहित युवक किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

पुलिस थाना पतलीकूहल की टीम ने शुक्रवार को श्रौं आगे सड़क पतलीकूहल नग्गर सड़क पर गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक की तलाशी ली, जिससे 8 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ।



आरोपी की पहचान अर्चित सूद के रूप में हुई है, जो गांव शिम डाकघर डोभी तहसील व जिला कुल्लू का निवासी है। कुल्लू पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गोकुल चंद्रन कार्तिकेयन ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि उक्त व्यक्ति के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा-21 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस बरामद नशे की खरीद फरोख्त का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है।

# बंजार मेले की सांस्कृतिक संध्या में खूब झूमे दर्शक

**शीला कौल, बंजार**

जिला स्तरीय बंजार मेला 2025 की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि के रुप में श्रृंगा ऋषि के गूर गनदेव सिंह शामिल हुए। उनके साथ चानण सिंह पुजारी, नरोतम सिंह पुजारी, जितेंद्र मेहता, नरोत्तम सिंह मेहता, लोतराम, तूलेराम दरोगा व तेज सिंह आदि देव कारकून उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय बंजार मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में एक से बढ़कर कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों को खूब नचाया। मुख्यातिथि के रूप में पधारे श्रृंगा ऋषि के गूर गनदेव का मेला कमेटी ने स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। उनके साथ आए हुए देव कारकून का टोपी और मफलर देकर स्वागत किया। भागीरथी ने भंउरू गाकर मंच में प्रवेश किया व




मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए मेला कमेटी बंजार के सदस्य।

देउआ नागा, हींउआ रे लागे पूड़ेका देसी गीत गाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। नूपराम भारद्वाज ने काला गाभू नाठा मरिया कोट किजी रा बनाणा गीत गाकर दर्शकों को नाचने पर मजबूर किया। खुबराम ने हो बेटिए चंदरुए साजा लागा शईरी म्हारे हो गीत गाकर खूब खुब तालिया बटोंरी। मानचंद ने फूला देईए मेरी बांमणीए, सैंज म्हारा होटला रहे तूसे आंदे जांदे, देश शोभला हिमाचल म्हारा, बेलूए बुरा आया जमाना केले नहीं माइके जाणा, तेरी शांगरी कुल्लू आली देईए, झूरिए दाठू विसरु लाणा,व राजेश कुमार ने दिल में है तू आंखों में तू, तौ संगे जीउणा तौ संगे मरणा तौ संगे केरी लेणा प्यार, रीत आई शोभलीगे दासीए गीत गाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। भारती ने भंउरु के साथ मंच पर प्रवेश किया व लोकल गीत गाकर दर्शकों को नाचने पर मजबूर किया। (अनंत ज्ञान)

# टेलर पंचायत से लापता युवक का 22 दिन बाद टौंस नदी से शव बरामद

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

- **परिजनों ने पेंट व जूतों से की युवक की शिनाख्त**
- **परिजनों ने किसी पर नहीं किया शक जाहिर**

22 दिन पूर्व नेरवा तहसील की टेलर पंचायत से लापता हुए युवक का शव टौंस नदी से बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पारस पुत्र झारू राम, गांव टेलर आयु 14 वर्ष की मां सुबह के समय अपने मायके चली गई थी तथा पिता मजदूरी करने निकल गया था। इसके बाद पारस घर से पांच सौ रुपये लेकर उत्तराखंड स्थित अपनी दोगरी की तरफ चला गया था।

दोगरी से वह उत्तराखंड के अणु गांव गया एवं वहां से कुछ खाने पीने का सामान लेकर टौंस नदी की तरफ निकल गया। जब पारस घर वापस नहीं पंहुचा तो चार दिन तक परिजन उसकी अपने स्तर पर तलाश करते रहे, परन्तु चार दिन तक जब पारस का कोई सुराग न लगने पर परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना नेरवा थाना में दी। नेरवा थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 363 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस भी उसकी तलाश में जुट गई,परन्तु उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया।

वीरवार को शिरण निवासी सुख राम अपने पशु की तलाश में अतरौली से नीचे टौंस नदी की तरफ गया तो उसने टौंस नदी के किनारे पत्थरों में औंधे मुंह फंसा एक युवक का शव देखा । चूंकि युवक की गुमशुदगी का पूरे क्षेत्र में पता था, लिहाजा सुख राम ने इसकी सूचना ग्यारू राम के मामा के बेटे श्रीचंद को दी। श्रीचंद ने पारस के परिजनों को टौंस नदी के किनारे एक युवक के शव फंसे होने की सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन एवं पुलिस टीम घटनास्थल की तरफ गई, परंतु अंधेरा होने और सुख राम के शिरण लौट जाने के कारण शव तक नहीं पंहुचा जा सका।

इसके बाद शुक्रवार को पुलिस टीम सुबह पांच बजे ही मौके पर पंहुच गई एवं शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए नेरवा अस्पताल लाया गया। परिजनों ने पेंट व जूतों से युवक की शिनाख्त की है। उधर युवक के परिजनों ने किसी पर भी किसी तरह का कोई शक जाहिर नहीं किया है तथा ऐसा माना जा रहा है कि युवक नदी में नहाने के लिए गया था एवं इस दौरान उसका पैर फिसल गया व वह नदी में जा गिरा । डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है। उधर, तहसीलदार नेरवा कुश कुमार ने कहा कि युवक की प्राकृतिक मृत्यु होने की पुष्टि होने पर परिजनों को सरकारी मैन्युअल के आधार पर फौरी राहत प्रदान की जाएगी।

# लाहौल-स्पीति में स्वास्थ्य शिविर 31 मई को

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सर्वकल्याणकारी संस्था समय-समय पर हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आम जनमानस की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन करती आ रही है। इसी क्रम में ट्रस्ट द्वारा एक विशेष निशुल्क चिकित्सा शिविर 31 मई को जिला अस्पताल, लाहौल-स्पीति, केलांग में आयोजित किया जा रहा है।

यह शिविर देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम की देखरेख में संचालित होगा, जिसमें प्रमुख नेतृत्व करेंगे प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राज बहादुर, उनके साथ **PGIME**, चंडीगढ़ और सरकारी मेडिकल कॉलेज, सेक्टर 32, चंडीगढ़ से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम (हड्डी रोग, हृदय रोग, नेत्र, स्त्री रोग, ईएनटी) रोग और शिशु रोग विशेषज्ञ) अपनी सेवाएं देंगे। शिविर के दौरान रोगियों को डॉक्टरों द्वारा सुझाई गई दवाइयां और इंजेक्शन निशुल्क प्रदान किए जाएंगे।

हिमाचल एक ऐसा राज्य है, जहां पर सुदूर इलाकों में इलाज की कमी के कारण मरीज को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं और संस्था ने यह करीबी तौर पर महसूस किया। यही कारण रहा कि संस्था ने निश्चय किया कि प्रदेश के हर दुर्लभ स्थान पर मेडिकल कैंप लगाया जाए। सर्वकल्याणकारी संस्था लगभग दो दशक से आम जनमानस और जरूरतमंद मरीजों की सेवा करती आ रही है।

# लाहौल-स्पीति में केंद्र सरकार के बजट से हो रहे सभी विकास कार्य : रवि ठाकुर




पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रवि ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

अगर केंद्र सरकार की प्रायोजित विकास परियोजनाएं नहीं होती, तो आज जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में विकास की गाड़ी रुक गई होती। हिमाचल में चल रही आर्थिक संकट का असर अब स्पष्ट तौर पर दिखने लगा है। यह बात पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि लाहौल स्पीति में जितने भी विकास कार्य चल रहे हैं वह सभी केंद्र सरकार से जारी बजट के दम पर हो रहे हैं। अल्प संख्यक मामलों के मंत्रालय से लाहौल-स्पीति के लिए करीब 30 करोड़ रुपए का बजट जारी हुआ है। उदयपुर में भी इसी मंत्रालय के बजट से 50 करोड़ रुपए की लागत से अस्पताल बन रहा है। रवि ठाकुर ने कहा कि हाल ही में स्थानीय विधायक ने गोंदला में जिस एंटी फ्रीजिंग पेयजल योजना का भूमि पूजन किया है वह भी केंद्र सरकार के अल्प संख्यक मंत्रालय से जारी बजट से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री ने केलांग में करोड़ों रुपए की लागत से एंटी फ्रीजिंग पेयजल योजना का आधारशिला रखा था। लेकिन बजट नहीं होने यह परियोजना अधर में लटक गया है। उन्होंने कहा कि इसी मंत्रालय से जारी बजट से जिस्पा स्थित अटल बिहारी पर्वतारोहण उप केंद्र में करोड़ों रुपए की लागत से साहसिक खेलों के उपकरण और अन्य समान खरीदे जा रहे हैं। जिस्पा में इस बजट की मदद एक कृत्रिम रॉक तैयार कर युवाओं को रॉक क्लाइमिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जबकि लाहौल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत करीब एक अरब रुपए खर्च कर सात सड़कों को चौड़ा करने के साथ पर तारकोल भी बिछाया जा रहा है। रवि ठाकुर ने कहा कि अल्प संख्यक मामलों के मंत्रालय से लाहौल स्पीति के करीब 24 सरकारी विभागों को विकास के लिए बजट जारी हो रहा है। इसी बजट के बलबूते लाहौल स्पीति में विकास की गाड़ी दौड़ रही है। रवि ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इनके नेता केंद्र सरकार के पैसे से हो रही विकास कार्यों पर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं।

# चूड़धार मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में स्थित पवित्र शिरगुल देवता मंदिर चूड़धार में इन दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कठिन और दुर्गम यात्रा के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। जैसे ही मैदानी क्षेत्रों में गर्मी का प्रकोप बढ़ा है, लोग राहत पाने और आस्था के साथ चूड़धार की ओर रुख कर रहे हैं।

यहां आने वाले श्रद्धालुओं में स्थानीय निवासी भी शामिल हैं, जो अपने इष्ट देवताओं के साथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं बाहरी क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिरगुल देवता के दरबार में शीश नवाने आ रहे हैं। स्थानीय निवासी माया राम पुंडीर ने जानकारी देते हुए बताया कि इन दिनों चूड़धार में श्रद्धालुओं की आवाजाही में काफी इज़ाफा हुआ है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से नोहराधार से चूड़धार मार्ग पर सफाई बनाए रखने और प्लास्टिक बोतल व अन्य कचरा इधर-उधर न फेंकने की अपील की है। माया राम ने कहा कि चूड़धार क्षेत्र की धार्मिक व प्राकृतिक पवित्रता बनाए रखने के लिए स्वच्छता बेहद ज़रूरी है। मंदिर प्रशासन और स्थानीय समुदाय श्रद्धालुओं के सहयोग से इस स्थल को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए प्रयासरत हैं।

# विश्वेश्वर महादेव मंदिर सिरकोटी में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू, आज देवी-देवता करेंगे शिरकत



**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

निरमंड के सिरकोटी स्थित विश्वेश्वर महादेव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम 18 मई रविवार तक चलेगा।

इस धार्मिक अनुष्ठान में 17 मई को क्षेत्र की आराध्या देवी माता अंबिका, देवता माटी सिंह और देवता भूतेश्वर महादेव शिरकत करेंगे। मंदिर कमेटी की ओर से अंबिका माता को निमंत्रण देने वेद प्रकाश, गणेश कुमार शर्मा और चंद्र शेखर जाएंगे, जबकि माटी सिंह देवता को रक्षा नंद शर्मा, यूपेंद्र कांत मिश्रा और ढरोपू देवता को ज्वाला नंद शर्मा, विदेश निगम निमंत्रण देने जाएंगे। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए मंदिर कमेटी के कारदार छाया दत्त ने विभिन्न समितियों का गठन किया। प्रत्येक समिति के सदस्य अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और श्रद्धा से निभा रहे हैं और आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

14 मई की संध्या को देवता विश्वेश्वर महादेव अपने मुख्य मोहरों के साथ कोठी से नवनिर्मित मंदिर पधारे। इसके बाद 15 मई की सुबह लगभग 9 बजे चंडी बावड़ी से जल यात्रा निकाली गई। इसमें 11 कन्याओं ने पवित्र जल लेकर मंदिर तक की यात्रा की। इस शोभायात्रा में गांव के समस्त लोग पारंपरिक वेशभूषा में सम्मिलित हुए और वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया। जलयात्रा के पश्चात मंदिर में कलश स्थापना की गई, देवता साहब के रथ की विधिवत पूजा की गई और प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। (अनंत ज्ञान)

# न्यूज ब्रीफ

## दो आरोपी छह ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना परवाणू की पुलिस टीम थाना क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि तेज सिंह व विनीत चौहान नामक व्यक्ति स्कूटी पर चिट्टा/हेरोइन सप्लाई करने के लिए ट्रक यूनियन परवाणू सेक्टर-2 में आए हैं, जो उक्त दोनों यहां क्षेत्र में चिट्टा/ हेरोइन बेचने की फिराक में हैं। इस सूचना पर थाना परवाणू की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त दोनों युवकों को ट्रक यूनियन परवाणू के समीप स्कूटी सहित काबू किया तथा उक्त दोनों युवकों को जिनके नाम विनीत चौहान पुत्र गीता राम चौहान निवासी गांव डग्यार डाखा टकसाल तह. कसौली जिला सोलन उम्र 37 वर्ष व तेज सिंह पुत्र मणि सिंह निवासी गांव खड़ीन डाखा नयाग्राम तह कसौली जिला सोलन उम्र 38 वर्ष मालूम हुए उनको 6 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना परवाणू में एनडीपीएस की धारा 21, 29 में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को 5 दिन की पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के दौरान पाया गया कि गिरफ्तार आरोपी पहले भी आपराधिक वारदातों में संलिप्त रहे हैं, जिनमें आरोपी तेज सिंह एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ कुल 8 अपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 1 मामला हत्या, 1 मामला चोरी, 1 मामला मारपीट तथा 5 मामले एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त आरोपी विनीत चौहान के खिलाफ 1 मामला एनडीपीएस एक्ट का दर्ज पाया गया है।

## हृदय संबंधी आकलन के सिद्धांतों बारे बताया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महर्षि मार्कंडेश्वर कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुमारहट्टी सोलन द्वारा कार्डियक केयर नर्सिंग पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्डियक केयर नर्सिंग कार्यशाला का विषय ज्ञान और अभ्यास को जोड़ना-हार्ट हीरो बनना रहा। कार्यशाला में बीएससी नर्सिंग और जीएनएम छात्र और संकाय सदस्य शामिल हुए। एमएमयू सोलन के रजिस्ट्रार अजय सिंगल ने बताया कि उद्घाटन सत्र की शुरुआत गणमान्य अतिथियों डॉ. रवि चंद शर्मा, कुलपति, एमएमयू, डॉ. जसबीर कौर प्रिंसिपल, नर्सिंग कॉलेज, हरप्रीत कौर, वाइस-प्रिंसिपल, नर्सिंग कॉलेज, डॉ. जेजी वोहरा, नैक-समन्वयक और रेखा पाल, नर्सिंग अधीक्षक द्वारा ज्ञान और बुद्धि का दीप प्रज्वलित कर की। इसमें मुख्य वक्ता चितकारा विश्वविद्यालय पंजाब के नर्सिंग कॉलेज से डॉ. कनिका राय, प्रोफेसर-सह-वाइस प्रिंसिपल एवं एमएमयू सोलन से कार्डियोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. शशांक पांडे मौजूद रहे। शुरुआत में सत्र की अध्यक्षता नर्सिंग कॉलेज की सहायक प्रोफेसर दीक्षा शर्मा ने की और उन्होंने हृदय संबंधी शारीरिक रचना, शरीर क्रिया विज्ञान और हृदय संबंधी आकलन के सिद्धांतों के बारे में व्यापक जानकारी दी। इसके अलावा, सहायक प्रोफेसर मोनिका ठाकुर ने व्याख्यान दिया और उनका उद्देश्य नर्सिंग पेशेवरों के बीच हृदय प्रणाली के लिए नैदानिक परीक्षण के बारे में ज्ञान बढ़ाना था।

## वच्छ दुग्ध उत्पादन पर दी विस्तृत जानकारी




**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत क्यारड के गतेड़ गांव में कामधेनु हितकारी मंच द्वारा नाबार्ड के सहयोग से एकदिवसीय पशु जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता डॉ. स्वर्ण सेन ने की। शिविर में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. देवराज शर्मा ने पशुपालन के महत्व, पशुओं के रखरखाव और स्वच्छ दुग्ध उत्पादन पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पशुपालन को व्यावसायिक उन्नति का महत्वपूर्ण साधन बताया और तकनीकी पशुपालन के लिए प्रेरित किया, जिससे युवा वर्ग भी पशुपालन को बढ़ावा दे सके। पशु चिकित्सा अधिकारी धुंदन डॉ. वरुण पूरी ने विभागीय योजनाओं जैसे गर्भित पशु आहार योजना, उत्तम पशु पुरस्कार योजना और पशु किसान क्रेडिट योजना के बारे में बताया। इन योजनाओं से किसानों को अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में मदद मिल सकती है। शिविर में 32 पशुपालकों को खनिज मिश्रण और कृमिनाशक दवाइयां निशुल्क वितरित की गईं। इस मौके पर कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन निशा देवी और पार्वती देवी भी उपस्थित रहीं।

## कश्मीर समस्या के लिए कांग्रेस नेता जिम्मेदार : रावत




**बीआर चौहान, राजगढ़।** नौहराधार-संगड़ाह भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत का लोहा इस समय दुनिया मान रही है, लेकिन विपक्ष की सभी पार्टियों के नेता नरेंद्र मोदी की आलोचना करते नहीं थकते। रावत ने बताया कि आलोचना करना विपक्ष का काम है, लेकिन इस समय आलोचना करना बहुत ही निंदनीय एवं शर्मनाक है। रावत ने बताया कि कश्मीर समस्या के लिए भी कांग्रेस पार्टी के नेता जिम्मेदार हैं, जिन्होंने सन् 1948 में जीती हुई लड़ाई को छोड़कर यूएन चले गए, जिस कारण आज तक कश्मीर का बड़ा हिस्सा पाकिस्तान के पास है। सन् 1971 में पाकिस्तान हारने के बावजूद न तो पीओके लिया न कश्मीर समस्या का कोई समाधान किया। इतना ही नहीं 10 साल की मनमोहन सरकार में भी दर्जनों आतंकवादी हमले हुए, लेकिन तत्कालीन सरकार ने किसी भी हमले का कोई भी मुंहतोड़ जवाब नहीं दिया। रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री ने बेलगाम हमले का पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए हमले में शामिल सभी आतंकवादी को मार दिया है, जिससे देश की जनता इस जवाबी कार्रवाई से गदगद है। रावत ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है इसलिए देशवासियों को नरेंद्र मोदी के होते हुए चिंता करने की कोई भी आवश्यकता नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## 10वीं का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बारोग का 10वीं कक्षा का परीक्षा सराहनीय रहा। स्कूल के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। इस बार के परिणाम में विद्यालय का उत्तीर्ण प्रतिशत 75 फीसदी रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य बंसी लाल नेगी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने कहा, हमारे विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है और हमें उन पर गर्व है। इस बार के परिणाम में 7 विद्यार्थी पास हुए हैं और 2 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई है। विद्यालय के अध्यापकों और विद्यार्थियों ने परिणाम के लिए कड़ी मेहनत की थी। प्रधानाचार्य ने कहा कि हमारे अध्यापकों और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है कि हमारे विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। विद्यालय के टॉपर्स में महक शर्मा प्रथम, निशा द्वितीय और आरुषि भगवाल तृतीय स्थान पर रहे।

## फाइटर पायलट बनना चाहती है राधिका



**अनंत ज्ञान, सराहां।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां की होनहार छात्रा राधिका शर्मा ने प्रदेशभर में नौवां स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय, अभिभावकों तथा शिक्षकों का नाम रोशन किया है। राधिका ने कुल 700 अंकों में से 688 अंक प्राप्त किए। राधिका का सपना भारतीय वायुसेना में फाइटर पायलट बनने का है और वह एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर इस लक्ष्य को प्राप्त करना चाहती हैं। उनके पिता शिक्षा विभाग में राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता हैं, जबकि माता कला स्नातक अध्यापिका हैं।

## एक्स सेंटरल फोर्स ने की कल्याण बोर्ड की मांग

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एक्स सेंटरल आर्म्ड पुलिस फोर्स, वेलफेयर एंड को-ऑर्डिनेशन सोसायटी जिला सोलन ने सरकार से मांग की है कि वह जल्द से जल्द जिले में कल्याण बोर्ड बनाएं, ताकि इसका सीधा फायदा एक्स पैरा मिलिट्री को-ऑर्डिनेशन एंड वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों को मिल सके। धर्मपुर में हुई आयोजित बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता में रहा। एक्स पैरा मिलिट्री को-ऑर्डिनेशन एंड वेलफेयर एसोसिएशन जिला सोलन की त्रैमासिक बैठक आर्य समाज हॉल धर्मपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिदत्त ने की। इसमें 23 सदस्य मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को बधाई देकर की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री को डीसी सोलन के माध्यम से ज्ञापन भेजकर यह आश्वासन दिया जाएगा कि जरूरत पड़ने पर जिला सोलन के सभी पूर्व अर्धसैनिक बल सैनिक राष्ट्र सेवा को तैयार रहेंगे। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया कि किसी भी पूर्व सैनिक की असमर्थता या मृत्यु होने पर उसके परिवार को 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ ही, यह मांग की गई कि सीएपीएफ, अग्निशमन सेवा के शहीदों को भी सेना के शहीदों जैसी सभी सरकारी सुविधाएं समान रूप से दी जाएं।

# जल्द भरे जाएंगे चिकित्सकों के 200 पद : शांडिल

### क्वारग में 80 करोड़ रुपए से दिव्यांगजनों की शिक्षा के लिए स्थापित होगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**अनंत ज्ञान टीम, सोलन/कंडाघाट**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि वर्तमान सरकार सेवा भावना के साथ कार्य कर जन-जन की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. शांडिल कंडाघाट उपमंडल के पंचायत सकोड़ी में 'सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम' के तहत लोगों की समस्याओं का निवारण करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम वासियों की समस्याओं का उनके घरद्वार के समीप निवारण सुनिश्चित बनाया जा रहा है। हिमाचल की भौगोलिक परिस्थिति के अनुरूप प्रदेश सरकार यह प्रयास कर रही है कि लोगों को उनके घरों के समीप सुविधा एवं प्रशासन का साथ मिले। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के ऊर्जावान नेतृत्व में समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए गेहूं, मक्की तथा हल्दी का समर्थन मूल्य तय किया गया है। प्राकृतिक रूप से तैयार फसल को बेचने के इच्छुक किसानों का पंजीकरण करने



सेल्फ हेल्प ग्रुप की तरफ से तैयार किए गए उत्पाद को देखते स्वास्थ्य मंत्री।

के लिए प्रदेश सरकार ने एक माह का विशेष अभियान आरंभ किया है। इससे सभी किसान लाभान्वित होंगे।

सरकार बेसहारा बच्चों को उनका सम्मान दिलाने और सुखी जीवन यापन करने के लिए कार्य कर रही है। महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना से वर्तमान में 7 हजार बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। कंडाघाट उपमंडल के क्वारग में 80 करोड़ रुपए की लागत से दिव्यांगजन की शिक्षा के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस निर्मित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में जल्द ही चिकित्सकों के 200 पद भरे जाएंगे। प्रदेश सरकार घर-द्वार पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों की समस्याओं को निपटाने के लिए गांव-गांव द्वार-द्वार पहुंच रही है।

उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि जन-जन का जीवन सरल बनाना ही प्रदेश सरकार का उद्देश्य है और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए लक्षित योजनाएं सफलतापूर्वक कार्यान्वित की जा रही हैं। 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में अधिकतर समस्याएं जल शक्ति, लोक निर्माण विभाग और बिजली बोर्ड से संबंधित रहीं। डॉ. शांडिल ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि विभिन्न समस्याओं का समयबद्ध निपटारा करें और संवेदनशीलता के साथ लोगों की शिकायतों को सुलझाने के लिए कार्यरत रहें। स्वास्थ्य मंत्री ने पंचायत हिन्नर के गांव कुरगल में वेद के घर से हिन्नर तक एंबुलेंस मार्ग के निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में 1.5 लाख रुपए स्वीकृत किए। उन्होंने चायल क्षेत्र के आसपास आईटीआई खोलने के लिए मामला उच्च स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को बांजणी में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के लिए सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कल्होग से बाशा-बगेटू-कैथलीघाट मार्ग को जोड़ने के संबंध में उचित निर्देश जारी किए। 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में 25 समस्याएं व मांगें प्राप्त हुईं। जिनमें से अधिकांश समस्याओं का निपटारा मौके पर किया गया और शेष को संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित निशुल्क शिविर में 75 रोगियों की जांच की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सकोड़ी के प्रधान सुरेश ठाकुर, पंचायत धंगील के प्रधान बलवीर, पंचायत बांजणी के प्रधान महेंद्र सिंह, पंचायत चायल की प्रधान उषा शर्मा, पंचायत रहेड़ की प्रधान मीरा, पंचायत नगाली की प्रधान कौशल्या, पंचायत झाजा की प्रधान पुष्पा ठाकुर, पंचायत तुंदल की प्रधान चित्रलेखा आदि उपस्थित रहे।

# बिना फिटनेस पासिंग बच्चों को ले जा रही निजी बस जब्त

**अनंत ज्ञान, नाहन**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिरमौर सोना चंदेल ने बिना फिटनेस, बिना पासिंग और बिना रूट परमिट सड़क पर दौड़ रही मीनू बस सर्विस के नाम से निजी बस नंबर एचपी-71-1630 जब्त कर ली है। हादसों पर लगाम को लेकर लेडी सिंगम आरटीओ सिरमौर सोना चंदेल की पैनी नजर यही से देखी जा सकती है।

कम स्टाफ के बावजूद भी उन्हें सिरमौर के चारों तरफ का ध्यान रहता है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी की टीम ने जिला सिरमौर राजगढ़ के अंतर्गत बड़ू साहिब क्षेत्र में दबिश दी। जहां बहुत बड़ा निजी बस ऑपरेटर स्कूल के मासूम विद्यार्थियों की जिंदगी को खतरे में डालकर बिना दस्तावेजों के नियमों को ताक में रखकर बस को चला रहा था। इस बड़ी कार्रवाई के बाद स्कूल प्रबंधन, जिन्होंने बस को बिना फिटनेस, बिना परमिशन के हायर किया था, उन पर भी सवालिया निशान पैदा हो गए हैं। वहीं, इस दबिश के बाद समस्त निजी बस ऑपरेटर्स के भी हाथ-पांव फूल गए हैं। विभाग ने साफ किया है कि बसों की जांच का यह क्रम भविष्य में भी जारी रखा जाएगा। उधर, मामले को लेकर उपनिदेशक उच्च शिक्षा सिरमौर डॉ. हमींदर बाली बोले कि प्रिंसिपल को बकायादा ऑर्डर किए गए हैं। आरटीओ की बस फिटनेस सर्टिफिकेट लेकर ही बच्चों को सफर करवाएं, अगर इस मामले से जुड़ी प्रिंसिपल ने किसी प्रकार की कोताही बरती होगी, तो विभाग की तरफ से नोटिस जारी कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सरकार जहां एक तरफ स्कूली बच्चों के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं बना बच्चों की बेहतरी व भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। गनीमत यह रही कि कोई हादसा नहीं हुआ, जबकि सूत्रों की माने तो तीन दिनों से तो निजी बस ऑपरेटर यही रोजाना अलग-अलग बच्चों को तीन दिवसीय ऑन-जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम के लिए ला रहा था। मामले को लेकर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोना चंदेल का कहना है कि इस ऑपरेटर का परमिट रद्द करने की भी सिफारिश की जाएगी। स्टाफ की कमी होने पर जिले भर में कार्रवाई करना बहुत मुश्किल कार्य है, लेकिन सभी को अपनी जिम्मेदारी का एहसास के चलते स्कूल के स्टाफ को चाहिए की कम से कम जिस बस को हायर कर रहे हैं, उसका फिटनेस सर्टिफिकेट चेक कर लें। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिरमौर की अगुवाई में टीम ने बस को रोका और चालक-परिचालक से जरूरी दस्तावेज मांगे। चालक-परिचालक दस्तावेज नहीं दिखा पाए क्योंकि रिकॉर्ड के मुताबिक बस की फिटनेस खत्म थी इसलिए मौके पर ही बस को इम्पाउंड करना पड़ा।

# पहला वेतन विद्यार्थियों के नाम प्रवक्ता ललिता का अनूठा जुनून

**अनंत ज्ञान, नाहन**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छोगटाली में प्रवक्ता इतिहास के पद पर नियुक्त ललिता कुमारी ने अपना पूरे महीने का पहला वेतन विद्यालय के गरीब विद्यार्थियों के ट्रैक सूट बनवाने के लिए दान कर अनूठी मिसाल पेश की। सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम से हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रवक्ता इतिहास की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली ललिता कुमारी ने कहा कि वह सीमित संसाधनों में पढ़ रहे विद्यार्थियों की मजबूरियों को बखूबी समझती हैं और भविष्य में भी ऐसे विद्यार्थियों की यथा संभव सहायता करती रहेंगी। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य सुरेंद्र पुंडीर ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि यद्यपि विद्यालय के सभी शिक्षक समय-समय पर विद्यार्थियों की सहायता के लिए पहल करते आए



हैं, लेकिन पूरे माह का वेतन दान करने का यह अभूतपूर्व एवं अद्वितीय अवसर है। स्कूल की संरक्षक एवं पच्छाद चुनाव क्षेत्र की विधायक रीना कश्यप, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोज ठाकुर, स्थानीय पंचायत प्रधान अंजना ठाकुर ने प्रवक्ता ललिता कुमारी का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि यह एक अनुकरणीय पहल तथा गरीब परिवारों के विद्यार्थियों को सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के साथ सम्मानजनक रूप से पढ़ने का सुअवसर प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी।

# शत-प्रतिशत रहा डीएवी का परिणाम

**संजय शर्मा, सराहां।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराहां का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा आश्वी गर्ग 93 फीसदी अंकों के साथ पहले स्थान पर रही व अदिति शर्मा 92.71 फीसदी अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, यशस अग्रवाल ने 91.7 फीसदी अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। अभय ने गणित में 100/100 और अदिति शर्मा ने संस्कृत में 100/100 अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रबंधक विशाल पुंडीर, समस्त शिक्षक गण व स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिवावकों को बधाई दी तथा साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कड़ी मेहनत से आगे बढ़ते रहने को कहा। (अनंत ज्ञान)

# पुलिस की स्मैक और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई

### चार व्यक्तियों को जुआ खेलते किया गिरफ्तार, 960 रुपए की नकदी बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर पुलिस ने नशीले पदार्थों और अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अपनी मुहिम को तेज करते हुए बीते दिन दो अलग-अलग बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम दिया। पुलिस टीमों ने पांवटा साहिब में एक व्यक्ति को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया, जबकि रेणुका जी में एक रिहायशी मकान से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई।

इसके अतिरिक्त, रेणुका जी में ही जुआ खेल रहे चार लोगों को भी पुलिस ने दबोचा। वहीं, पांवटा साहिब पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए देवीनगर के रहने वाले विक्की कुमार को उसके रिहायशी मकान से 12 ग्राम स्मैक (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि विक्की कुमार अपने घर में नशीले पदार्थों की बिक्री करता है। इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विक्की कुमार के घर पर छापा मारा और उसे स्मैक के साथ रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस हिरासत रिमांड हासिल किया जा रहा है, ताकि मामले में आगे की जांच की जा सके।

## रेणुका में 144 बोतल अवैध शराब बरामद

**रेणुका** जी पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव रूंझा चलाड़ के निवासी कौशल दत्त के रिहायशी मकान से बिना परमिट और लाइसेंस की 12 पेटियां अवैध शराब बरामद की गई। बरामद शराब में 8 पेटी देशी शराब (सनतरा मार्का) और 4 पेटी अंग्रेजी शराब (रॉयल स्टैग मार्का) शामिल हैं, जिनकी कुल मात्रा 144 बोतलें हैं। पुलिस ने आरोपी कौशल दत्त के खिलाफ हिमाचल आबकारी एवं कराधान अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले में आगे छानबीन की जारी है। एक अन्य कार्रवाई में, रेणुका जी पुलिस टीम ने ददाहू में गिरि नदी के किनारे जुआ खेलने की सूचना मिलने पर तत्परता दिखाते हुए चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रमेश चंद्र (35 वर्ष), तपेंद्र सिंह (32 वर्ष), रवि (28 वर्ष) और रमेश कुमार (50 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से जुए पर लगाए गए 960 रुपए की नकदी भी बरामद की है। इन चारों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना रेणुका जी में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक सिरमौर निश्चित सिंह नेगी ने इन कार्रवाईयों की पुष्टि करते हुए कहा कि जिला पुलिस नशीले पदार्थों और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और भविष्य में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे इस तरह की अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज को अपराध मुक्त बनाया जा सके।

# दसवीं की बोर्ड परीक्षा में दाड़लाघाट के स्कूलों का दबदबा

**आशीष गुप्ता, दाड़लाघाट**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट का प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम शोभनीय रहा। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 78 प्रतिशत रहा।

इसमें छात्रा हिमांशी ने 700 में 677 अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह हिमांशी शर्मा ने 700 में से 648 अंक अर्जित कर दूसरा स्थान हासिल किया और तृतीय स्थान पर भी दिशा ने 700 में से 644 अंक लेकर अच्छा प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्रों अभिभावकों तथा विद्यालय परिवार को बधाई दी। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय उच्च विद्यालय मंगरूड़ का वार्षिक परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी उत्तीर्ण स्टूडेंट्स प्रथम श्रेणी में पास हुए। कोमल ने 638 अंक



प्राप्त कर पहला स्थान, मानशी ने 634 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान और कृष्ण लाल ने 625 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। सरस्वती विद्या मंदिर दाड़लाघाट के विद्यार्थियों ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सत्र 2024-25 की परीक्षा में स्वर्ण आभा चौधरी ने 667 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि कार्तिक सेन ने 666 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान और परीक्षित ठाकुर ने 662 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मांगल का परिणाम 80 प्रतिशत रहा। अक्षित रघुवंशी ने 629 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया, अनामिका ने 625 अंक के साथ द्वितीय स्थान और अंजलि ने 598 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। हर्षिता भगत ने 671 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। भुवनेश्वर ने 664 अंक लेकर दूसरा और योगिता भारद्वाज 659 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट का प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम शोभनीय रहा। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 78 प्रतिशत रहा। इसमें छात्रा हिमांशी ने 700 में 677 अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। (अनंत ज्ञान)

## करियर अकादमी का परीक्षा परिणाम शानदार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** करियर अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाहन ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। छात्र अनुराग ठाकुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के टॉप टेन विद्यार्थियों में सातवां स्थान प्राप्त किया। अनुराग ने (99 फीसदी) के साथ गणित, संस्कृत व कंप्यूटर साइंस में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा 16 विद्यार्थियों ने कंप्यूटर साइंस में, 3 विद्यार्थियों ने गणित में, एक विद्यार्थी ने संस्कृत में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। अरुण चौहान 98 फीसदी, वंशिका 97 फीसदी, देवांश मिश्रा 97 फीसदी, धैर्य सैनी 97 फीसदी, यशस्वी 96 फीसदी, हितैषी 96 फीसदी, पारुल शर्मा 96 फीसदी, आर्यन 96 फीसदी, भाविका राठी 95 फीसदी, विद्यांश ठाकुर 95 फीसदी, अक्षिता पराशर ने 95 फीसदी लेकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया, जो कि विद्यालय की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता और शिक्षकों की मेहनत का प्रतिफल है।

# शत-प्रतिशत रहा लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की का परीक्षा परिणाम



10वीं बोर्ड की परीक्ष में अव्वल रहे स्टूडेंट्स लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की के प्रिंसिपल के साथ।

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की**

लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 24 छात्रों ने परीक्षा दी थी।

इसमें धृति शर्मा 671 अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही तथा दूसरे स्थान पर हरप्रीत 664 अंक लेकर रहा और तीसरे स्थान पर मृदुल चौहान 641 नंबर, ध्रुवी 634 अंक लेकर चौथे स्थान पर तथा 5वें स्थान पर दक्ष सोनी ने 612 अंक लिए। चार छात्र 90 फीसदी से ऊपर तथा 80 फीसदी से ऊपर 8 छात्र व 70 फीसदी से ऊपर 8 छात्रों ने अंक लिए। सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय का परीक्षा परिणाम बहुत शानदार रहा। प्रधानाचार्य वीना गुप्ता ने बताया कि इसका सारा श्रेय अध्यापकों के अथक परिश्रम को जाता है। उन्होंने छात्रों तथा अभिभावकों को इस परीक्षा परिणाम पर शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

# ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में चलाया हस्ताक्षर अभियान



ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चलाए गए हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेते लोग।

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट में भारतीय सैनिकों द्वारा सफल ऑपरेशन सिंदूर किए जाने व दुश्मन के दांत खट्टे करने के लिए दाड़लाघाट में राष्ट्रपति द्वारा सैनिक मेडल से सम्मानित पूर्व कैप्टन रमेश ठाकुर द्वारा चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान का आंकड़ा 50,000 पार कर चुका है। इस अभियान में बच्चे, युवा, वृद्ध, महिलाएं भी बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। भारतीय सैनिकों के प्रति ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर अपनी कृतज्ञता प्रकट कर रहे हैं।

कैप्टन रमेश ठाकुर इस अभियान को सफल बनाने के लिए बिलासपुर जिले के नम्होल स्कूल पहुंचे, जहां सभी लोगों तथा विद्यार्थियों ने भारतीय सैनिकों की शौर्य गाथा का गुणगान किया और उनके प्रति जयघोष के नारे लगाकर हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। पूर्व कैप्टन रमेश ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारत सरकार तथा सभी विपक्षी दलों का आभार प्रकट किया कि इस कठिन मौके पर सभी ने एकजुटता का परिचय देकर भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे बढ़ें और इस अभियान में भाग लें। उनके साथ उनके सहयोगियों के रूप में एक्स सर्विसमैन ललित शर्मा, रामकिशन शर्मा, संजय ठाकुर, वेद प्रकाश शुक्ला, नरेश ठाकुर, प्रेम केशव, अनिल गुप्ता, राजेश आदि ने सहयोग किया।

**आयोजन** सुरेश कश्यप ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति बैठक की अध्यक्षता की

# विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश

**एसपी जैरथ, नाहन**

शिमला लोक सभा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने जिला सिरमौर के नाहन में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की और जिले में समिति के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। सांसद ने बैठक में अधिकारियों को जिले में कार्यरत अधोसंरचना के विकास के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय लोगों को इनका लाभ जल्द मिल सके।

उन्होंने कहा कि जिला सिरमौर विकसित हो इस दिशा में सभी को समन्वय के साथ कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने नगर पालिका नाहन, पांवटा साहिब व राजगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में केंद्र प्रायोजित विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश




जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते सांसद।

दिए। बैठक में अवगत करवाया गया कि वर्ष 2020-21 में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत जिला सिरमौर के सभी विकास खंडों से 29 गांव चयनित किए गए थे, जिनमें से 28 गांव ने योजना के मापदंडों को पूर्ण कर उन्हें आदर्श घोषित किया चुका है। बैठक में अवगत करवाया कि सिरमौर में राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत चलाई जा रही इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में 8 करोड़ 18 लाख 19 हजार 450 रुपए व्यय कर 4258 लाभार्थियों और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत लगभग 2 करोड़ 67 लाख रुपए व्यय कर 1142 लाभार्थियों को लाभांवित किया गया है। जिला सिरमौर में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के 48 लाभार्थियों को लाभांवित किया गया है। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत नगर पालिका नाहन में 317 आवासों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है और 39 आवासों का कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार नगर पालिका पांवटा साहिब में 110 आवासों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है व 78 आवासों का कार्य प्रगति पर है और नगर पंचायत राजगढ़ में 62 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं व 14 आवासों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। जिला सिरमौर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में वित्तीय वर्ष 2023- 24 में 1210 आवास निर्मित किए जा चुके हैं व 173 आवास निर्माण का कार्य प्रगति पर है तथा वर्ष 2024-25 में अब तक 226 आवास निर्मित किए जा चुके हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका नाहन में 272 शौचालय और राजगढ़ में 146 शौचालय निर्मित किए गए हैं। सिरमौर में अब तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में 11 हजार, 961 कनेक्शन उपलब्ध करवाए गए हैं। (अनंत ज्ञान)




# जीवन में आध्यात्मिक ज्ञान और भगवान श्रीकृष्ण के कर्म के अपनाएं संदेश : मुख्यमंत्री

## सैनी ने गुरुग्राम में श्रीकृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव को किया संबोधित

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया के दौर में आज हमारी युवा पीढ़ी को आधुनिकता की दौड़ में अपनी संस्कृति से दूर नहीं होना चाहिए। युवाओं को जीवन में संतुलन स्थापित करने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान और भगवान श्रीकृष्ण के कर्म के संदेश को अपनाना चाहिए।



मुख्यमंत्री वीरवार को देर शाम गुरुग्राम के सेक्टर 29 स्थित लेजर वैली पार्किंग में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीकृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव को संबोधित कर रहे थे।

सैनी ने कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी और उनका आशीर्वाद लिया। श्रीकृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व देशभर से संत समाज और भजन गायकों ने भी शिरकत की। जब भी समय मिले, गीता के दो श्लोक जरूर पढ़ें

मुख्यमंत्री ने देश भर से पहुंचे संत समाज, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का प्रदेश में आगमन पर स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर या उद्यमी बनें, लेकिन जीवन में प्रेम और त्याग की भावना को जरूर रखें। जब भी समय मिले, गीता के दो श्लोक अवश्य पढ़ें। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि आने वाली पीढ़ियां भारतीय संस्कृति को केवल पुस्तकों में नहीं, जीवन में भी आत्मसात करें।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, कृष्ण कुमार बेदी, राज्य मंत्री राजेश नागर और गौरव गौतम, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, विधायक बिमला चौधरी, तेजपाल तंवर, हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय गरिमा का प्रतीक

**सैनी** ने कहा कि गुरुग्राम की भूमि केवल एक आधुनिक शहर नहीं है, यह महाभारत काल से लेकर आज तक सांस्कृतिक चेतना की भूमि रही है। यहीं से गुरु द्रोणाचार्य ने शिष्यों को धर्म और युद्ध की शिक्षा दी। संतों ने हमेशा अहिंसा का मार्ग दिखाया, लेकिन कई बार हमारी सहनशीलता को हमारी कमजोरी समझ लिया गया। जिसका जवाब हमने रौद्र रूप धारण कर भी दिया। बीते दिनों पहलगाम में कायराना हरकत हुई तो हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के रूप में आतंकियों का सीमा पार जाकर नाश किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सैन्य अभियान राष्ट्रीय गरिमा का प्रतीक बन गया।

# नशे के खिलाफ जंग जीतना मुश्किल नहीं : मालविंद्र कंग

**अनंत ज्ञान, मोहाली**



श्री आनंदपुर साहिब संसदीय क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के सांसद मालविंद्र सिंह कंग ने कहा है कि पंजाबियों ने श्री गुरु नानक देव जी के समय से ही जुल्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और हर क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं, चाहे वह आजादी की लड़ाई हो या सीमा पर शहादत। इतना ही नहीं, खेल के क्षेत्र में तथा खाद्यान्न वितरण में भी पंजाबी अग्रणी रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्मों ने पंजाबियों का इमेज खराब कर दिया है और पंजाबियों को ऐसे नशाखोर व्यक्ति के रूप में पेश किया है, लेकिन पंजाबियों की असली छवि यह है कि अगर वे मन में ठान लें तो कुछ भी कर सकते हैं। कंग ने कहा कि जिस प्रकार पंजाबियों ने देश की आजादी की लड़ाई और सरहदों पर जंग जीती है, उसी प्रकार पंजाबियों को नशे के खिलाफ जंग भी आसानी से जीतनी होगी। उन्होंने पंजाब के लोगों से नशे के खिलाफ दूसरों को शिक्षित करने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली पंजाबी युवाओं को आगे आकर विभिन्न क्षेत्रों में समाज को मजबूत बनाने के लिए काम करना चाहिए।

बीबी करनजीत कौर ने इस अवसर पर कहा कि नशे के कुछ मामले प्रकाश में आए, जिनमें युवाओं के माता-पिता खासे परेशान नजर आए और इसी के मद्देनजर उन्होंने अपनी पत्रिका 'पुलिस सुरक्षा मैगजीन' के माध्यम से सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'नशे पर युद्ध' अभियान में भाग लेने के लिए कार्यक्रम की योजना बनाई है, ताकि समाज को नशे की इस बुराई से निजात मिल सके। इस अवसर पर रतन प्रोफेशनल कॉलेज के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथा नशे के खिलाफ जागरूकता लाने के लिए एक नाटक भी प्रस्तुत किया।

## न्यूज ब्रीफ

### एचएसआईआईडीसी ने सेंट्रल बैंक के साथ किया एमओयू

**एजेंसी, पंचकूला।** हरियाणा में औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता उद्यमियों और व्यवसायियों द्वारा खरीदे गए औद्योगिक प्लॉट्स के वित्तपोषण को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से किया गया है। यह एमओयू सुशील सरवान, आईएएस, प्रबंध निदेशक, एचएसआईआईडीसी और अरविंद कुमार, जोनल हेड, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। इस सहयोग का उद्देश्य हरियाणा के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को मजबूत आधार प्रदान करना है, जिससे एचएसआईआईडीसी प्लॉट आवंटियों को वित्त तक सरल पहुंच सुनिश्चित हो सके और उनके उद्यमों की स्थापना में तेजी लाई जा सके। सुशील सरवान ने कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ हुआ यह एमओयू औद्योगिक इकाइयों और प्लॉट्स के लिए फंडिंग को विशेष रूप से एमएसएमई के लिए अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक नया अध्याय है। अरविंद कुमार ने इस साझेदारी के महत्व पर बल देते हुए कहा कि हमारे बैंक ने एमएसएमई क्षेत्र के अंतर्गत उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु विशेष उत्पाद 'सेंट एचएसआईआईडीसी' लॉन्च किया है।



### नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगों को लगाएगा निशुल्क कृत्रिम अंग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** दिव्यांगजनों और मानव सेवा के लिए पहचाने जाने वाले उदयपुर के नारायण सेवा संस्थान द्वारा चंडीगढ़ के दिव्यांगों के सेवार्थ रविवार 18 मई को निशुल्क नारायण लिम्ब एवं कैलीपर्स फिटमेंट शिविर आयोजित होगा। यह शिविर चंडीगढ़ के कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर 49 सी में 18मई को प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक चलेगा है। जिसमें केवल पूर्व चयनित दिव्यांगों को निशुल्क लाभ मिलेगा। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने जानकारी देते हुए कहा संस्थान विभिन्न राज्यों के दिव्यांग बंधुओं को उनके घर शहर के नजदीक लाभान्वित करने के लिए विगत 40 वर्षों से प्रयासरत हैं। निदेशक भगवान प्रसाद गौड़, शिविर प्रभारी रमेश शर्मा व आश्रम प्रभारी जितेंद्र सिंह भाटी ने इस शिविर का पोस्टर भी जारी किया। पत्रकारों के सवालों का जबाब देते हुए गौड़ ने कहा नारायण सेवा संस्थान भारत ही नहीं अपितु विदेशों में भी शिविर कर चुका है। हर माह करीब 1500 लोगों को आर्टिफिशियल हाथ-पैर लगाए जा रहे है। संस्थान अब तक 40 हजार से ज्यादा दिव्यांगों की जिंदगी खुशमय बना चुका है।

# मुख्य सचिव ने सिटको कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



सिटको ने शुक्रवार को होटल माउंटव्यू के बॉलरूम में सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले अपने कर्मचारियों के बच्चों को सम्मानित करने के लिए एक सम्मान समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय टॉपर सुश्री सृष्टि शर्मा रहीं, जिन्होंने 500/500 अंक प्राप्त करके पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सृष्टि सिटको के एक कर्मचारी की बेटी हैं, जो जूनियर सेल्समैन के पद पर कार्यरत हैं और उनकी इस उपलब्धि ने न केवल सिटको बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले सिटको कर्मचारियों के कुल 25 छात्र-छात्राएं अपने गौरवान्वित माता-पिता के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह के मुख्यातिथि यूटी चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव, आईएएस राजीव वर्मा थे, उननके साथ रचना वर्मा भी थीं। उन्होंने इस अवसर पर सभी मेधावी छात्रों को व्यक्तिगत रूप से ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर सिटको के प्रबंध निदेशक हरि कल्लिक्कट, मुख्य महाप्रबंधक पवित्र सिंह और सिटको प्रबंधन के सदस्य भी मौजूद थे। छात्रों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और एक भव्य लंच के साथ सम्मानित किया गया। ष्टद्बष्टह्र कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने इस अवसर को और भी रंगीन बना दिया।

# भारत को स्वच्छ और हरित बनाने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड (बीबीएमबी) ने 16 मई से 31 मई 2025 तक 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की। मनोज त्रिपाठी, अध्यक्ष, बीबीएमबी ने शुक्रवार को बोर्ड सचिवालय एवं अन्य कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ महात्मा गांधी के दृष्टिकोण का अनुसरण करते हुए भारत को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए योगदान देने की शपथ ली। इस समारोह में स्वच्छता और व्यक्तिगत जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित किया गया, जिससे एक स्वच्छ राष्ट्र की प्राप्ति हो सके। अध्यक्ष, बीबीएमबी ने इस पखवाड़े के दौरान की जाने वाली गतिविधियों और पहलों की समीक्षा की और सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने सामूहिक प्रयासों के प्रभाव पर जोर देते हुए स्वच्छता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।



# एनएचपीसी में 'स्वच्छता पखवाड़ा 2025' का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद**

आरके चौधरी सीएमडी, एनएचपीसी ने शुक्रवार को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में 'स्वच्छता पखवाड़ा 2025' के दौरान कर्मचारियों को 'स्वच्छता शपथ' दिलाई। इस अवसर पर उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, भारत सरकार की एक नवरत्न उद्यम एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा 16 से 31 मई तक अपने निगम मुख्यालय और देश भर के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, परियोजनाओं और पावर स्टेशनों में 'स्वच्छता पखवाड़ा 2025' का आयोजन रहा है। स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत दिनांक 16 मई को कॉर्पोरेट कार्यालय में एक शपथ समारोह के साथ हुई।

पखवाड़े के दौरान, एनएचपीसी द्वारा अपने सभी कार्यालयों में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, पौधारोपण, स्किट प्रस्तुति, सफाई किट वितरण, स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम, ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### मंगलुरु में जहाज डूबा, चालक दल को बचाया

**एजेंसी, मंगलुरु।** मंगलुरु से 60 समुद्री मील की दूरी पर एक जहाज डूब गया। हालांकि तटरक्षक बल ने चालक दल के छह सदस्यों को बचा लिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय तट रक्षक बल (आईसीजी) ने अपने जहाज विक्रम की तस्वीरें भी साझा कीं, जो गश्त पर था और जिसे खोज एवं बचाव अभियान के लिए भेजा गया था। तटरक्षक बल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भारतीय तटरक्षक बल ने संकट की सूचना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और जहाज एमएसवी सलामत के चालक दल के छह सदस्यों को बचाया। यह जहाज कर्नाटक के न्यू मंगलुरु से लक्षद्वीप के कदमत द्वीप जा रहा था, इसी दौरान मंगलुरु से 60 समुद्री मील की दूरी पर यह डूब गया।' (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में यमुना में फिर मिली मरी मछलियां

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना नदी में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। इस बात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि नदी किनारे एक बार फिर हजारों मरी हुई मछलियां मिली हैं। राजधानी के बुराड़ी में किसानों को यमुना किनारे हजारों की संख्या में मरी मछलियां दिखाई दीं। इस वजह नदी के करीब लोग मछलियों की दुर्गंध से परेशान नजर आए। किसानों का आरोप है कि हरियाणा से केमिकल वाला पानी छोड़े जाने की वजह से मछलियों की मौत हुई है। मछलियों की मौत हरियाणा से केमिकल वाले पानी से हो रही है या नदीं में मौजूद प्रदूषण से ये जांच से ही सामने आ पाएगा। स्थिति यह है कि यमुना में लगातार गंदा पानी छोड़ा जा रहा है। इसके अलावा यमुना में मल का स्तर भी बढ़ गया है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार यमुना में तय मानक से अधिक मल पाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### सेंसेक्स 200 अंक कमजोर, निफ्टी में भी सुस्ती

**एजेंसी, मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन गिरावट के साथ क्लोजिंग हुई। इस दौरान सेंसेक्स 200.15 (-0.24 ) अंकों की गिरावट के साथ 82,330.59 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में 42.30 (0.17 ) अंकों की गिरावट के साथ यह 25,019.80 के स्तर पर बंद हुआ। रुपया शुक्रवार को एक पैसे की गिरावट के साथ 85.53 रुपए पर बंद हुआ। शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। आईटी शेयरों में बिकवाली और एशियाई बाजारों में काफी हद तक कमजोर रुख की वजह से बाजार में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 252.97 अंक गिरकर 82,277.77 अंक पर व निफ्टी 24,994.50 अंक पर आ गया था। (अनंत ज्ञान)




## देश-विदेश

### रामगोपाल के बयान पर भड़के केशव मौर्या, बोले-

# आतंकवादियों का समर्थन करने वाली पार्टी है सपा

**एजेंसी, लखनऊ**

विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव द्वारा की गई जातिगत टिप्पणी पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सपा घटिया राजनीति करती है। यह आतंकवादियों का समर्थन करने वाली पार्टी है।



केशव प्रसाद मौर्य ने सांसद राम गोपाल यादव के विंग कमांडर व्योमिका सिंह और एयर मार्शल एके भारती पर दिए गए हालिया बयान पर कहा कि जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने आतंकवादियों के खिलाफ मुकदमे वापस लिए थे। हालांकि, जब बाद में कोर्ट में केस की सुनवाई हुई थी तो कई लोगों को फांसी और आजीवन कारावास की सजा हुई। यह समाजवादी पार्टी का इतिहास रहा है। यह पार्टी आतंकवादियों का समर्थन करने वाली पार्टी है। इनके ढोंग का उजागर हो गया है।दरअसल, वीरवार को राज्यसभा सांसद प्रो. रामगोपाल यादव ने व्योमिका सिंह को कहा कि वह हरियाणा की जाटव समाज से आती हैं, जो कि चमार जाति से संबंधित हैं। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा ने अखिलेश यादव को फिर घेरा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव एक बार फिर से भाजपा के निशाने पर आ गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के साथ सीजफायर पर जश्न मनाने को लेकर सवाल उठाया। इसके बाद भाजपा ने अखिलेश की मानसिकता पर निशाना साधा है। तीन दिन एयर स्ट्राइक के बाद युद्धविराम चल रहा है। अखिलेश यादव ने एक दिन पहले बयान देते हुए कहा था कि आखिरकार हमारी सीमाएं इतनी सुरक्षित क्यों नहीं हैं? कोई भी हमारी सीमाएं के अंदर घुस न पाए। सरकार को जनता को यह भरोसा दिलाना चाहिए कि अब कभी हमला नहीं होगा। भाजपाई पूरी तरह से झूठ का भंडार है। (अनंत ज्ञान)



# यूक्रेन-रूस शांति वार्ता के बीच रूस व नाटो के जेट आमने-सामने

## बाल्टिक सागर में तेल टैंकर को रोकने को लेकर हुई तनातनी

**एजेंसी, इस्तांबुल**

रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से युद्ध चल रहा है। इस युद्ध में एक बार फिर सीधी शांति वार्ता शुरू हो गई है। वीरवार को पहली मीटिंग हुई। तुर्किये के विदेश मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि वीरवार को तुर्किये के विदेश मंत्री हाकन फिदान और रूसी प्रतिनिधिमंडल के बीच बातचीत खत्म हुई और अब शुक्रवार को यूक्रेन और तुर्किये के बीच वार्ता हुई । रूस-यूक्रेन और तुर्किये के बीच त्रिपक्षीय वार्ता भी एजेंडे में है। इस बीच नाटो और रूस के फाइटर जेट में तनाव देखा गया है। बाल्टिक सागर में हाल ही में एक तेल टैंकर जगुआर को लेकर तनातनी हुई, जिसे ब्रिटेन ने रूस का बताया। एस्तोनिया की सेना ने टैंकर रोकने की कोशिश की, जिसके जवाब में रूस ने एसयू-35एस लड़ाकू विमान भेजा, जो एस्तोनिया के हवाई क्षेत्र में घुस गया। इसके बाद नाटो ने पोलिश मिग-29 विमानों को जवाबी कार्रवाई के लिए भेजा। इस घटना से नाटो और रूस में तनाव बढ़ गया है। ऐसे में यूक्रेन और रूस शांति वार्ता के सफल होने पर सवाल उठने लगे हैं। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप बोले- मेरी और पुतिन की मीट के बिना कुछ नहीं होगा



**इससे** पहले जेलेंस्की ने पुतिन को सीधी बातचीत की चुनौती दी थी, लेकिन क्रेमलिन ने साफ किया कि पुतिन इस्तांबुल नहीं जा रहे। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक एयर फोर्स वन में जब ट्रंप से पूछा गया कि जेलेंस्की रूसी प्रतिनिधिमंडल के स्तर से निराश हैं, तो उन्होंने कहा, 'देखिए, जब तक पुतिन और मैं नहीं मिलते तब तक कुछ नहीं होने वाला है। चाहे आपको यह पसंद आए या नहीं।' ट्रंप ने पहले कहा कि अगर उचित हुआ तो वह भाग लेंगे, लेकिन बाद में उन्होंने कहा कि अमेरिका लौट जाएंगे।

### तुर्किये और अजरबैजान के साथ बंद हो व्यापार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अखिल भारतीय रत्न व आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने शुक्रवार को उद्योग से ऑपरेशन सिंदूर के प्रति समर्थन दिखाने के लिए तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी व्यापारिक लेनदेन निलंबित करने की अपील की है। जीजेसी ने एक बयान में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से यह अपील की है। जीजेसी के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा, 'भारतीय रत्न व आभूषण क्षेत्र देश के समर्थन में एकजुट है। यह जरूरी है कि हमारा उद्योग वाणिज्य के बजाय देश को प्राथमिकता देकर एक मजबूत उदाहरण स्थापित करे। हम अपील करते हैं कि सभी तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी लेनदेन बंद कर दें।' (अनंत ज्ञान)

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद डिफेंस शेयरों ने भरी उड़ान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कई देशों के बीच अलग-अलग चल रहे जियो-पॉलिटिकल टेंशन और ट्रेड वॉर के बीच दुनिया भर के शेयर बाजारों में उथल-पुथल जारी है। इसका असर भारतीय शेयर बाजार पर भी है, लेकिन इस बीच डिफेंस सेक्टर की कंपनियां अच्छा परफॉर्म कर रही हैं। खासकर पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई से उपजे माहौल में ब्रोकरेज हाउसेज भी डिफेंस शेयरों पर भरोसा जता रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से आई तेजी का असर ऐसा है कि डिफेंस कंपनियों का कुल मार्केट कैप 1 लाख करोड़ रुपए के पार चला गया है। सरकारी सूत्रों की मानें तो ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश के रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी संभव है, जो कि सप्लीमेंट्री बजट के जरिए आवंटित की जा सकती है। इससे डिफेंस शेयरों में और उछाल आ सकता है। (अनंत ज्ञान)

**गुहार**

### भारत के हाथों पिटने के बाद गिड़गड़ाने लगा पाक, प्रधानमंत्री शहबाज बोले-


# भारत के साथ शांति वार्ता के लिए पाकिस्तान तैयार

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

भारत के हाथों पिटने के बाद अब पाकिस्तान अब भारत के साथ शांति की गुहार लगा रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान शांति के लिए भारत के साथ बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने कामरा एयरबेस के दौरे पर ये बात कही। हालांकि, इस दौरान शहबाज शरीफ कश्मीर को लेकर पुराना राग अलापना नहीं भूले। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान शांति हासिल करने के लिए भारत के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए कुछ शर्तें हैं।

उन्होंने भारत से कश्मीर मुद्दे पर बातचीत करने को कहा और संयुक्त राष्ट्र के तहत आत्मनिर्णय के अधिकार की मांग की। हालांकि, भारत ने साफ कहा है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और आगे भी रहेगा। कश्मीर को लेकर कोई भी बातचीत पाकिस्तान के कब्जे वाले हिस्से (पीओके) को वापस लिए जाने के संदर्भ में ही होगी। (अनंत ज्ञान)

### पहलगाम आतंकवादी हमले पर दी सफाई



**पाकिस्तानी** प्रधानमंत्री ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले को लेकर भी सफाई दी और कहा कि पाकिस्तान पर इस घटना का गलत आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान घटना की पारदर्शी जांच चाहता था, लेकिन भारत ने आक्रामता का सहारा लिया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तानी वायुसेना को लेकर डींगे मारी और उसे देश का रक्षक बताया। शहबाज शरीफ के साथ उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर भी थे।

### कश्मीर को लेकर पुराना राग अलापना नहीं भूले

### पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग नहीं की थी : इशाक डार

**पाकिस्तान** के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने दावा किया कि पाकिस्तान ने सीजफायर की कोई मांग नहीं की थी। उन्होंने दावा किया कि भारत ने पहले हमला रोका था। इशाक डार ने संसद में दावा किया कि पाकिस्तान और भारत के सैन्य अभियान महानिदेशकों ने सीजफायर पर चर्चा के लिए हॉटलाइन पर बात की।उन्होंने कहा कि दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच अब 18 मई को बातचीत होगी। डार ने संसद में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद सैन्य संघर्ष रोकने के लिए 10 मई को सहमति बनी थी। इसे 12 मई तक बढ़ाया गया और फिर 14 मई और फिर 18 मई तक किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच राजनीतिक वार्ता होगी और सभी समस्याओं का हल निकालने पर बात की जाएगी। उन्होंने कहा- हमने पूरी दुनिया को साफ कर दिया है कि हम हर मुद्दे पर खुलकर और पूरी बातचीत करने के लिए तैयार हैं। डार ने दावा किया कि यह युद्धविराम तब शुरू हुआ जब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने फोन करके बताया कि भारत अब हमला रोकने के लिए तैयार है।

# कश्मीरियों की मदद के बिना नामुमकिन था आतंकवादियों को मार गिराना : सेना

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में हुए दो एनकाउंटर में छह आतंकवादी ढेर कर दिए गए हैं। सेना-पुलिस ने शुक्रवार को ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन केलर जारी है। त्राल और शोपियां में 2 एनकाउंटर में आतंकी मारे गए। एक ऑपरेशन ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हुआ, एक ऑपरेशन गांव में हुआ। सुरक्षाबलों ने सावधानी से दोनों जगह टेररिस्ट को मारा। सेना ने कहा- सभी सिक्योरिटी फोर्सेस के बीच का कॉर्डिनेशन अच्छा था और ये ऑपरेशन उसका प्रमाण हैं। आने वाले समय में भी ये को-ऑर्डिनेशन बना रहेगा। जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद का सफाया कर देंगे। लोगों का भी धन्यवाद करेंगे कि उनके सहयोग के बिना इस तरह की सफलता मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन थी।


ऑपरेशन केलर के बारे में जानकारी देते सेना और पुलिस के अधिकारी।

सेना ने कहा कि कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन जारी है। 2 ऑपरेशन में 6 आतंकवादी मारे गए। त्राल और शोपियां में 2 एनकाउंटर में आतंकी मारे गए। एक ऑपरेशन ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हुआ, एक ऑपरेशन गांव में हुआ। सुरक्षाबलों ने सावधानी से दोनों जगह टेररिस्ट को मारा। शोपियां में शाहिद को ढेर गया, जिसने सरपंच की हत्या की थी। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### यमल के शानदार गोल से बार्सीलोना 28वीं बार बना ला लीगा चैंपियन



**एजेंसी, बार्सीलोना।** किशोर खिलाड़ी लैमिन यमल के शानदार गोल की मदद से बार्सीलोना ने एस्पेनयॉल को 2-0 से हराकर दो मैच शेष रहते हुए 28वीं बार ला लीगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) खिताब को अपने नाम किया। मैच का पहला हाफ गोल रहित छूटने के बाद 17 साल के यमल ने 53वें में गोल कर बार्सीलोना को बढ़त दिलाई और फेरमिन लॉपेज ने स्टॉपेज समय (90+5 मिनट) में गोल कर टीम की 2-0 से जीत पक्की कर दी। एफसी बार्सीलोना की यह 36 मैचों में 27वीं जीत है और टीम ने 85 अंक के साथ खिताब पक्का कर लिया। दूसरे स्थान पर काबिल रीयाल मैड्रिड के इतने ही मैचों में 78 अंक है और अब उसके लिए बार्सीलोना की बराबरी करना संभव नहीं है। यमल ने एस्पेनयॉल के दो डिफेंडरों को छकाते हुए अपने चिर-परिचित अंदाज में बायें पैर से गोल पोस्ट कॉर्नर में गेंद को मार कर अपने इस शानदार सत्र को और यादगार बनाया। यमल के साथ राफिन्हा, पेड्री जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने इस सत्र में बार्सीलोना के अभियान को यादगार बना दिया। दिग्गज लियोनेल मेस्सी ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये अपनी पुरानी टीम को चैंपियन बनने की बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### मुक्केबाज फैजान 'डब्ल्यूबीए एशिया मिडल ईस्ट' खिताब के लिए चुनौती करेंगे पेश

**एजेंसी, बेंगलुरु।** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज फैजान अनवर रविवार को यहां 'सनबर्न यूनियन' में 'सुपर फाइटर सीरीज' में 'डब्ल्यूबीए एशिया मिडल ईस्ट' के सुपर लाइटवेट वर्ग के खिताब के लिए घाना के कपकपो अलोटे से भिड़ेंगे। इस फाइट नाइट (प्रतियोगिता की शाम) में 10 मुकाबले निर्धारित है। इसमें चार अंतरराष्ट्रीय मुकाबले और दो 'डब्ल्यूबीए एशिया मिडल ईस्ट' खिताबी मुकाबले शामिल हैं। मुख्य स्पर्धाओं में महिला वर्ग में भारत की रानी देवी का मुकाबला बेलारूस की अलेक्सांद्रा सिटनिकोवा जबकि पुरुष वर्ग में यूक्रेन के डेनियलो होन्चारुक का सामना दागिस्तान के रुसलान कामिलोव से होगा। इस प्रतियोगिता में रितेश सिंह बिष्ट, कविंदर सिंह बिष्ट, वनलालावम्पुइया, एफ जोरमछाना जैसे प्रमुख नामों के साथ बेंगलुरु में प्रशिक्षण ले रहे रोहित चौधरी, हर्षा सरोहा और कमला रोका, जैसे उभरते हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन का आयोजन 'ग्रासरूट बॉक्सिंग' और 'क्राउन बॉक्सिंग प्रमोशन' द्वारा किया जा रहा है। यह इसका तीसरा सत्र है। इससे पहले इसका आयोजन बेंगलुरु (नवंबर 2024) और बैंकॉक (फरवरी 2025) में हुआ है। पूर्व भारतीय मुक्केबाज मुजतबा कमाल ने कहा, ''यह सिर्फ एक आयोजन नहीं है। यह भारतीय मुक्केबाजी को जमीनी स्तर से वैश्विक मंच तक पहुंचाने का एक आंदोलन है।'' (अनंत ज्ञान)

### दिलकश अंदाज में तान्या

**श्रीलंका।** पूर्व क्रिकेटर लसिथ मलिंगा की पत्नी तान्या मलिंगा परेरा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। तान्या इंस्टाग्राम पर 32.2के फॉलोअर्स के साथ अपने जीवन की झलकियां साझा करती रहती हैं, जिससे प्रशंसकों को सुर्खियों से परे उनकी दुनिया की झलक मिलती है।



## आईपीएल टेस्ट से संन्यास के बाद विराट कोहली पर होगी सबकी नजरें

# केकेआर-आरसीबी मैच से फिर शुरू होगा आईपीएल

**एजेंसी, बेंगलुरु**



भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और सैन्य टकराव के कारण स्थगित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच होने वाले मुकाबले के साथ फिर से शुरू होगा, जिसमें सभी की निगाहें हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर होंगी। दस दिनों के अप्रत्याशित रुकावट के बाद आरसीबी और केकेआर दोनों अपने-अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाएंगे। आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और यहां जीत टीम के लिए प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की कर देगी।

केकेआर 12 मैचों में 11 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है और एक भी हार मौजूदा चैंपियन की नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर देगी। लीग की रुकावट से पहले दोनों टीमें शानदार लय में थी। आरसीबी ने जहां अपने पिछले चारों मैचों में जीत दर्ज की है वहीं केकेआर की टीम लगातार दो जीत के साथ इस मैच में उतरेगी। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि ये टीमें अपनी लय को किस तरह से बनाये रखती है।

कागजों पर दोनों टीमों की तुलना करें तो इसमें कोई शक नहीं की केकेआर पर आरसीबी का पलड़ा भारी होगा। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ चोटिल हुए कप्तान रजत पाटीदार ने अभ्यास सत्र में बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी की। पाटीदार को अंगुली में चोट लगी थी, लेकिन नेट सत्र में उन्होंने धाराप्रवाह बल्लेबाजी की। मेजबान टीम के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी भी भारत-पाक सैन्य टकराव के बाद स्वदेश लौट आए हैं। फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी टीम के लिए उपलब्ध हैं।

देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की चोट के कारण गैर-मौजूदगी, हालांकि एक बड़ी समस्या हो सकती है। आरसीबी पडिक्कल की जगह लेने वाले मयंक अग्रवाल से इस मौके को भुनाने की उम्मीद करेगी। हेजलवुड के कंधे में चोट है और फ्रेंचाइजी ने अभी तक उनकी उपलब्धता के बारे में जानकारी नहीं दी है। मैच में हालांकि, सबकी नजरें कोहली पर होगी। स्टेडियम में भी दर्शक उनके नाम का सबसे ज्यादा नारा लगाएंगे। इस दिग्गज बल्लेबाज ने इस सप्ताह की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। (अनंत ज्ञान)

### कोहली खेलना चाहेंगे प्रभावशाली पारियां

शानदार लय में चल रहे कोहली भी टेस्ट करियर के अचानक समाप्त होने के बाद बल्ले से कुछ प्रभावशाली पारियां खेलना चाहेंगे। केकेआर को मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा निराशा अपने बल्लेबाजों से हुई है। कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने निरंतरता नहीं दिखाई हैं। टीम के लिए लीग चरण के सभी मैच करो या मरो की तरह है ऐसे में उसे वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह से प्रभावी पारियों की उम्मीद होगी। टीम को इंग्लैंड के अनुभवी हरफनमौला मोईन अली की कमी खलेगी। मोईन वायरल बुखार के कारण लीग से बाहर हो गए हैं। वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा की केकेआर की गेंदबाजी लाइनअप ने कई मौकों पर महंगे साबित होने के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखी है।

### मैच : शाम 7.30 बजे से

### संभावित टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** फिल साल्ट, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, लवनिथ सिसोदिया, क्विंटन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, एनरिक नॉर्किया, स्पेंसर जॉनसन।

## मैं रोहित को सिडनी टेस्ट से बाहर नहीं रहने देता : शास्त्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रवि शास्त्री अगर आस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर भारत के कोच होते तो वह कप्तान रोहित शर्मा को खराब फॉर्म के बावजूद सिडनी में आखिरी टेस्ट से बाहर नहीं रहने देते। रोहित निजी कारणों से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से बाहर रहे और आखिरी टेस्ट में भी खराब फॉर्म के कारण उन्होंने बाहर रहने का फैसला किया। वह पांच पारियों में 31 रन ही बना सके। भारत को टेस्ट सीरीज में 1-3 से पराजय झेलनी पड़ी।





शास्त्री ने कहा कि उन्होंने इस सत्र में आईपीएल मैचों के दौरान रोहित से बात की और बताया कि अगर वह आस्ट्रेलिया में होते तो क्या करते। उन्होंने कहा,'टॉस के समय रोहित से मेरी काफी मुलाकातें हुई है। टॉस के दौरान बात करने का ज्यादा समय नहीं मिलता। मैने हालांकि, एक मैच में उसके कंधे पर हाथ रखा। शायद वह मुंबई मैच था। मैंने उससे कहा कि अगर मैं कोच होता तो उसे आखिरी टेस्ट से कभी बाहर नहीं रहने देता।'' उन्होंने आईसीसी रिव्यू के ताजा अंक में कहा,''मैने उससे कहा कि वह आखिरी टेस्ट जरूर खेलता क्योंकि सीरीज पूरी नहीं हुई थी।' रोहित ने हाल ही में टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया, जबकि टी20 क्रिकेट से वह पिछले साल ही संन्यास ले चुके हैं। भारत के पूर्व कोच ने कहा,''मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो 2-1 स्कोर होने पर हार मान ले। यह वह मौका नहीं है जब आप टीम को छोड़ दें।'' शास्त्री ने कहा,''वह 30-40 रन का मैच था। मैंने उससे यही कहा। सिडनी की पिच काफी जबरदस्त थी और वह जिस फॉर्म में था, वह मैच विनर होता।'' शास्त्री ने कहा,''हर किसी की अपनी शैली होती है। मेरी शैली यह होती और मैंने उसे बता दिया। यह बात कई दिनों से मेरे दिल में थी और मुझे उसे बताना था।'' (अनंत ज्ञान)

## मिचेल स्टार्क, डोनोवन फरेरा आईपीएल से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**





दिल्ली कैपिटल्स के मिचेल स्टार्क और डोनोवन फरेरा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे मैचों के लिए वापस नहीं लौटने का फैसला किया है, जबकि इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स अंतिम दो लीग मैच के लिए मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगे। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्टार्क और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फरेरा ने दिल्ली कैपिटल्स प्रबंधन को अपने फैसले से अवगत करा दिया है।

स्टार्क दिल्ली कैपिटल्स के अभियान में अहम खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने 11 मैच में 26.14 के औसत से 14 विकेट झटके हैं, जिससे वह टीम के विकेट लेने वाले मुख्य गेंदबाज रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति दिल्ली कैपिटल्स की प्लेऑफ की उम्मीदों के लिए एक बड़ा झटका है। वहीं फरेरा इस सत्र में केवल एक बार ही खेल पाए हैं।

उनके साथी ट्रिस्टन स्टब्स बचे हुए तीन लीग मैच के लिए दिल्ली की टीम में शामिल हो चुके हैं। अगर दिल्ली कैपिटल्स क्वालीफाई करती है तो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की टीम में शामिल स्टब्स प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

वहीं, मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस पंजाब किंग्स में शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं, लेकिन 18 मई को आईपीएल की बहाली के बाद पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### जैक्स की मुंबई इंडियंस में वापसी

**जोस** बटलर की तरह जैक्स मुंबई इंडियंस के अंतिम दो लीग मैच खेलने के बाद राष्ट्रीय टीम की प्रतिबद्धता के लिए रवाना हो जाएंगे, क्योंकि आईपीएल के प्लेऑफ वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई से शुरू हो रही इंग्लैंड की सफेद गेंद की सीरीज से टकरा रहे हैं। मुंबई इंडियंस इस समय अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए उसे अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आईपीएल को एक सप्ताह के निलंबित करने बाद 17 मई से फिर शुरू किया गया है, जिससे अब आईपीएल फाइनल तीन जून को होगा।

## आईपीएल निलंबन से पहले के समय पर बोले मो बोबाट-

# होटल पहुंचने पर हमें वास्तविक स्थिति का हुआ आभास

**एजेंसी, बेंगलुरु**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने कहा कि धर्मशाला में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के रद्द होने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाड़ियों और कर्मचारियों के लिए वह शाम भ्रम, अफवाहों और स्पष्टता की कमी से भरी थी और उन्हें उम्मीद नहीं थी कि यह विवाद इतनी जल्दी सुलझ जाएगा।

आरसीबी के खिलाड़ी अभ्यास सत्र के बाद टीम बस से अपने होटल लौट रहे थे, जब उन्होंने आठ मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेटरों को धर्मशाला स्टेडियम से अंधेरे में बाहर निकलते हुए देखा। आरसीबी को नौ मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलना था, जिस दिन भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण आईपीएल को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। इंग्लैंड की पुरुष टीम के पूर्व प्रदर्शन निदेशक बोबाट ने 'आरसीबी बोल्ड डायरीज' को बताया, ''हां काफी अस्त-व्यस्त जैसा माहौल था। हम संयमित रहने के साथ बीसीसीआई से यथासंभव अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने और स्पष्टता के साथ संवाद करने का प्रयास कर रहे थे।'' उन्होंने कहा, ''यह एक बहुत ही घटनापूर्ण शाम थी। हमने लखनऊ के खिलाफ मैच से एक दिन पहले अभ्यास किया। खिलाड़ी अभ्यास से होटल जाते समय बस में पंजाब बनाम दिल्ली कैपिटल्स के मैच देख रहे थे। उन्होंने कहा, ''हमने देखा कि 'फ्लडलाइट्स' बंद हो गई थीं और खिलाड़ी मैदान से बाहर आ गए थे। हम जब होटल पहुंचे तब हमें वास्तविक स्थिति का आभास हुआ।'' बोबाट ने कहा कि टीम को अगले दिन ही आईपीएल निलंबन के बारे में पता चला। उन्हें तब लगा था कि लीग को रद्द कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## जारा क्वीन सिरिकिट कप में 7वें और भारतीय टीम 5वें पायदान स्थान पर

**एजेंसी, मियाजाकी (जापान)**



युवा खिलाड़ी जारा आनंद के सातवें स्थान पर रहने से भारतीय टीम ने 45वें क्वीन सिरिकिट कप गोल्फ टूर्नामेंट पांचवां स्थान हासिल किया। शुरुआती तीन दौर में 73-71-72 का कार्ड खेलने वाली जारा ने आखिरी दौर में दो अंडर 70 के अपने सर्वश्रेष्ठ कार्ड के साथ सातवां स्थान हासिल किया। उनका कुल स्कोर दो अंडर 286 रहा। जारा के इस शानदार प्रयास से भारत इस स्पर्धा में शीर्ष पांच में रहा।

भारतीय खिलाड़ियों में मन्नत बरार (77-70-78-72) नौ ओवर 297 के स्कोर के साथ संयुक्त 19वें स्थान पर रहीं, जबकि हीना कांग (76-78-70-74) 10 ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 21वें स्थान पर रहीं। कोरिया की ओ सू-मिन ने 69 का कार्ड खेल कुल 21 अंडर 267 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत खिताब अपने नाम किया। उनके प्रयास से कोरिया कुल 32 अंडर के स्कोर से टीम वर्ग का चैंपियन भी बना।

### मिल्खा ओएफएक्स आयरिश लीजेंड्स गोल्फ में संयुक्त 15वें स्थान पर

**एजेंसी, किलकेनी (आयरलैंड)।** दिग्गज भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने यूरोप में लीजेंड्स टूर के ओएफएक्स आयरिश लीजेंड्स इवेंट के पहले दौर में 2 अंडर 70 के कार्ड के साथ अच्छी शुरुआत की। मुख्य टूर पर चार बार के चैंपियन जीव दो बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाकर संयुक्त रूप से 15वें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका के कीथ हॉर्न शुरुआती दौर में 65 का कार्ड खेलने के बाद हमवतन जेम्स किंग्स्टन से एक शॉट की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है।



### जॉनसन ने विदेशी खिलाड़ियों को सुरक्षा के कारण आईपीएल से दूर रहने की दी सलाह

**एजेंसी, पर्थ**



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र के शेष भाग के लिए विदेशी खिलाड़ियों की वापसी को विवेकपूर्ण फैसला नहीं करार देते हुए उनसे मौजूदा परिस्थितियों में वेतन से अधिक सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष और सीमा पर तनाव के कारण दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग को नौ मई को निलंबित कर दिया गया था। इसके निलंबन के एक दिन बाद दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की गई। इससे शनिवार से आईपीएल के फिर से शुरू होने का रास्ता साफ हो गया। जॉनसन का हालांकि, मानना है कि विदेशी खिलाड़ियों के लिए बाकी बचे मैचों में भाग न लेना समझदारी होगी। उन्होंने 'वेस्ट ऑस्ट्रेलिया' के लिए अपने कॉलम में लिखा कि 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया' ने हालांकि खिलाड़ियों को अपने निर्णय लेने का अधिकार दिया है, लेकिन उनके लिए विकल्पों का चयन करना मुश्किल हो सकता है। बायें हाथ के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, ''क्रिकेट में इन दिनों बहुत ज्यादा पैसे खर्च हो रहे हैं, लेकिन यह अब भी एक खेल ही है और इस सप्ताह इंडियन प्रीमियर लीग के बंद होने के बाद इस बात पर काफी ध्यान गया है।'' (अनंत ज्ञान)

## यूटीटी का छठा सत्र 31 मई से, **फाइनल 15 जून को**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) का छठा सत्र अहमदाबाद के 'ईकेए एरिना' में दोहरे मुकाबलों के साथ शुरू होगा, जिसमें गत चैंपियन डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और घरेलू टीम अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के बीच मैच भी शामिल है।



लीग का आगाज दूसरे सत्र की चैंपियन दबंग दिल्ली टीटीसी और श्रीजा अकुला की अगुवाई वाली जयपुर पैट्रियट्स के बीच होने वाले मैच से होगा। आठ फ्रेंचाइजी 23 मुकाबलों में हिस्सा लेंगी, जिसका फाइनल 15 जून को होगा। विश्व की 14वें नंबर की खिलाड़ी बर्नाडेट स्जोक्स और उभरती हुई भारतीय स्टार यशस्विनी घोरपड़े की अगुआई में यू मुंबा टीटी की टीम अपने सत्र की शुरुआत एक जून को महाराष्ट्र डर्बी के साथ करेगी। टीम के सामने स्पेन के दिग्गज अल्वारो रॉबल्स की कप्तानी वाली पीबीजी पुणे जगुआर की चुनौती होगी।

विश्व के युवा नंबर पांच अंकुर भट्टाचार्जी, ओलंपियन कादरी अरुणा और एड्रियाना डियाज की मौजूदगी वाली कोलकाता थंडरब्लेड्स अपने अभियान की शुरुआत दो जून को तीसरे सत्र की विजेता चेन्नई लायंस के खिलाफ करेगी। चेन्नई लायंस का नेतृत्व मौजूदा सत्र के सबसे महंगे खिलाड़ी चीन के फैन सिकी और पूर्व विश्व युवा नंबर एक (अंडर-17) पायस जैन करेंगे।

इसका सेमीफाइनल 13 और 14 जून को खेला जाएगा। प्रत्येक टीम ग्रुप चरण में पांच मुकाबले खेलेगी। प्रत्येक मुकाबले में पांच मैच होंगे। इसमें दो पुरुष एकल, दो महिला एकल और एक मिश्रित युगल मुकाबला होगा। लीग चरण के बाद अंक तालिका में शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी। (अनंत ज्ञान)

## खुलासा विकल्प के तौर पर शामिल हुए पाटीदार ने कहा वह तब 'दुखी' और 'गुस्से' में थे

# नीलामी में नहीं चुने जाने के बाद था निराश: पाटीदार

**एजेंसी, बेंगलुरु**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की अगुवाई कर रहे रजत पाटीदार 2022 सत्र को लेकर काफी निराश थे जब आश्वासन के बावजूद फ्रेंचाइजी ने खिलाड़ियों की नीलामी में उन्हें नजरअंदाज कर दिया था। टीम में चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर शामिल हुए पाटीदार ने कहा कि वह तब 'दुखी' और 'गुस्से' में थे।

पाटीदार ने यह भी स्वीकार किया कि आईपीएल 2025 से पहले विराट कोहली द्वारा कप्तानी सौंपे जाने के कारण वह दबाव महसूस कर रहे थे, लेकिन इस दिग्गज खिलाड़ी के समर्थन भरे शब्दों ने उन्हें सहज कर दिया। पाटीदार इस सत्र में आरसीबी के मध्यक्रम के मुख्य खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उन्होंने 11 मैचों में 239 रन बनाए हैं। उनका लक्ष्य टीम को आईपीएल का पहला खिताब दिलाना है।



पाटीदार ने 'आरसीबी पॉडकास्ट' पर कहा, ''मुझे (आईपीएल 2022 के लिए मेगा नीलामी से पहले) एक संदेश मिला था कि आप तैयार रहें... हम आपको चुनेंगे। मुझे थोड़ी उम्मीद थी कि मुझे एक और मौका मिलेगा (आरसीबी के लिए खेलने का), लेकिन मुझे मेगा नीलामी में नजरअंदाज किया गया। मैं इससे थोड़ा दुखी था।'' मध्यप्रदेश के इस 31 साल के बल्लेबाज को, हालांकि अपने राज्य के ही एक खिलाड़ी के चोटिल होने के बाद आरसीबी में वापसी करने का मौका मिल गया।

पाटीदार हालांकिख बेंगलुरु वापस आने के लिए उत्सुक नहीं थे, क्योंकि उन्हें पता था कि बड़े खिलाड़ियों से भरी टीम में खेलने का मौका शायद ही मिले। उन्होंने कहा कि मैंने (नीलामी में नहीं चुने जाने के बाद) इंदौर में अपने स्थानीय मैचों में खेलना शुरू कर दिया था। मुझे फिर फोन आया कि 'हम आपको लवनीथ सिसोदिया की जगह चुन रहे हैं'। सिसोदिया चोटिल होने के कारण उस सत्र में टीम से बाहर हो गये थे।

पाटीदार ने कहा, ''मैं सच कहूं तो किसी खिलाड़ी के विकल्प के रूप में नहीं आना चाहता था, क्योंकि मुझे लग रहा था कि मुझे वहां खेलने का मौका नहीं मिलेगा। मुझे हमेशा लगता है कि मैं वहां (डगआउट में) नहीं बैठना चाहता।'' कप्तान के तौर पर मध्यप्रदेश को 2024-25 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचने में अहम भूमिका निभाने वाले पाटीदार ने कहा, ''मैं थोड़े समय के लिए नाराज था, लेकिन फिर सामान्य हो गया था।'' (अनंत ज्ञान)

### कप्तानी मिलने के बाद दबाव कर रहा था महसूस

**पाटीदार** ने कहा कि कोहली जैसे महान खिलाड़ी से कप्तान की जिम्मेदारी मिलने के बाद वह दबाव महसूस कर रहे थे, लेकिन इस स्टार बल्लेबाज की हौसला बढ़ाने वाले शब्दों ने उन्हें आत्मविश्वास से भर दिया। उन्होंने कहा, ''मेरे मन में कई सवाल थे, जैसे की टीम में कई बड़े खिलाड़ी है। कोहली का रूतबा बहुत बड़ा है, मैं उन्हें कुछ करने के लिए कैसे कह सकता हूं? मुझे हालांकि इस मामले में उनका पूरा समर्थन मिला था।'' उन्होंने कहा कि आरसीबी की कमान मिलना उनके लिए सबसे यादगार दिनों में से एक है और जब कोहली ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी तो वह काफी भावुक हो गए थे।